

# हरिभूमि रायपुर भूमि

फीचर फाइल

### केस 1
**सोनडोंगरी मुक्तिधाम**

उबड़ खाबड़ सड़क और कीचड़ भरे मार्ग से होकर लोग शव का अंतिम संस्कार करने यहां आते हैं। एक अरसे से यहां के कंटीले झाड़ियों और खरपतवार की सफाई नहीं कराई गई। अंतिम संस्कार में शामिल होने वालों के बैठने तक की यहां व्यवस्था नहीं है। शेड तक नहीं बनाया गया। पूरे परिसर में लाइट तक नहीं है। इसके शेष पेज 15 पर

### केस 2
**रामनगर का मुक्तिधाम 2 वार्ड के रहवासी करते हैं उपयोग**

संत रामदास वार्ड और सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड के लिए दिशा कालेज के पीछे रामनगर का मुक्तिधाम बना है। पहुंच मार्ग वाली सड़क बेहद कंडम हालत में है। शेड, पानी और बिजली की सुविधा नहीं होने से लोग परेशान हैं। मुक्तिधाम के एक बड़े हिस्से में अवैध कब्जा कर नगर निगम ने तत्कालीन शेष पेज 15 पर

### केस 3
**हीरापुर श्मशान घाट पहुंच मार्ग जर्जर, न लाइट न पानी**

ग्राम पंचायत के समय से बना मुक्तिधाम का उद्धार अब तक नहीं हो पाया। जरवाय बस्ती और हीरापुर कालोनी व बस्ती के रहवासी इसका उपयोग करते हैं। जोन 8 कमिश्नरी के वीर सावरकर वार्ड के हीरापुर श्मशान घाट आने-जाने वाली सड़क बेहद खराब है। पानी, बिजली नहीं है। शेड भी नहीं है। अटारी मुक्तिधाम की कमोबेश यही हालत है, जबकि यह क्षेत्र नगर निगम में शामिल है।

## मुक्तिधाम में ऐसी व्यवस्था, न पानी न शेड, लाइट भी नहीं
## मृतकों को चैन नहीं, मार्ग उबड़-खाबड़, परेशानी का अंबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम के आउटर वार्ड में दिवंगतों को इत्मीनान से अंतिम संस्कार करने का इंतजाम नाकाफी है। कच्चे और उबड़ -खाबड़ मार्ग से होकर बड़ी मुश्किल से लोग शव को किसी तरह लेकर पहुंचते हैं। झाड़ी की सफाई निगम नहीं करवा रहा। पानी की व्यवस्था हो या सिर छिपाने शेड का इंतजाम, लाइट तक नहीं लगी है। इससे आम जनता बेहद परेशान है। मुक्तिधाम में भारी अव्यवस्था, मूलभूत सुविधा की कमी से गरीब व मध्य परिवार त्रस्त हैं। यह स्थिति अटारी, हीरापुर, सोनडोंगरी, आमासिवनी, दिशा कालेज के पीछे स्थित रामनगर के मुक्तिधाम और गोंदवारा स्थित श्मशान घाट की है, जहां नगर निगम झांकने तक नहीं आया। हरिभूमि की एक रिपोर्ट -





### केस 4

नगर निगम जोन 9 क्षेत्र के आमासिवनी गांव का मुक्तिधाम अव्यवस्था के चलते चर्चा में है। जगह-जगह गड्ढा हो गए हैं। लोगों के बैठने के लिए शेड तक नहीं है। बिजली, पानी की सुविधा अब तक यहां उपलब्ध नहीं कराई गई। वार्ड पार्षद एवं जोन अध्यक्ष गोपेश साहू का कहना है कि बहुत दयनीय स्थिति में मुक्तिधाम है। इस ओर नगर निगम बिलकुल ध्यान नहीं दे रहा। हमने प्रस्ताव बनाकर भिजवाया, पर जोन में फाइल डंप है।

### केस 5

जोन 1 के यतियतन लाल वार्ड गोंदवारा श्मशान घाट का शेड जर्जर हालत में है। उसमें से पानी टपकता है। लोगों की पेयजल सुविधा के लिए बोरवेल लगाया गया, पर असामाजिक तत्व मोटर को उखाड़ कर ले गए। पूर्व सरपंच कृष्णा साहू ने ग्राम पंचायत के समय यहां पक्का पहुंच मार्ग बनवाया। लाइट की व्यवस्था नहीं है।

---

## खबर संक्षेप

### हत्या का आरोपी ढाबा कर्मी जेल दाखिल

**रायपुर।** आरंग थाना क्षेत्र में संचालित ढाबा में अज्ञात व्यक्ति की हत्या के आरोपी ढाबा कर्मी चुन्नू टंडन को पुलिस ने गुरुवार को कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है।



अज्ञात व्यक्ति की लाश ढाबा के स्टाफ क्वार्टर में मिली थी। अज्ञात व्यक्ति की हत्या करने के बाद चुन्नू पुलिस को गुमराह करने की कोशिश कर रहा था। कड़ी पूछताछ के बाद उसने अपराध कबूल किया। अज्ञात व्यक्ति ढाबा में रुकने के लिए गया था। इस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। इस दौरान चुन्नू ने लकड़ी के बत्ते से अज्ञात के सिर तथा माथे पर वार कर हत्या कर दी।

### नाबालिग के अपहरण का आरोप, केस दर्ज

**रायपुर।** खमतराई थाने में एक व्यक्ति ने अपने नाबालिग बेटे की अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई है। गोंदवारा निवासी राम भवन मौर्य ने अपने 14 वर्षीय बेटे रजत मौर्य के अपहरण की शिकायत दर्ज कराई है। रजत के पिता ने पुलिस को बताया है कि उसका बेटा नौवीं कक्षा का छात्र है। मंगलवार को वह ट्यूशन पढ़ने गया था। देर शाम तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने रजत की पतासाजी की। रजत जिस मार्ग से ट्यूशन गया था। पुलिस उस मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की तो गुढ़ियारी ब्रिज के पास उसका आखिरी लोकेशन मिला है।

### विधायक मूणत के पोस्टर पर कालिख पोती, जुर्म दर्ज

**रायपुर।** सरस्वती नगर थाने में एक डेयरी कारोबारी ने एक युवक तथा एक अन्य के खिलाफ रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत की पोस्टर पर कालिख पोतने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। दिनेश तिवारी ने विनोद कश्यप उर्फ भुक्कू तथा उसके साथियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। दिनेश ने पुलिस को बताया कि वह बुधवार देर रात घर जा रहा था, तब उसने विनोद तथा उसके साथियों को उसने अनुपम गार्डन यूनिवर्सिटी गेट के पास विधायक के पोस्टर तथा पार्टी सिंबाल पर कालिख पोतते देखा।

---

### डायवर्टेड की तारीख से लगेगा ओपन प्लॉट पर टैक्स, डायवर्सन नहीं होने पर 2011 से टैक्स वसूली

# राजधानी में 38 हजार से ज्यादा खाली भूखंड चक्रवृद्धि में उलझा रहा टैक्स, अब नार्मल ब्याज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम के दस जोन स्थित 70 वार्डों में 38 हजार से ज्यादा खाली भूखंड से निगम के राजस्व विभाग को टैक्स वसूलना है। अब तक 13 फीसदी भूखंड स्वामी ने नगर निगम को 8 करोड़ 13 लाख रुपए का टैक्स जमा कराया है, जबकि 87 फीसदी खुले प्लॉट के भूस्वामी ने निगम को टैक्स नहीं दिया है। ज्यादातर लोगों के मन में यह आशंका है कि बकाया टैक्स के मूलधन पर नगर निगम पूर्व की तरह चक्रवृद्धि ब्याज जोड़कर टैक्स ले शेष पेज 15 पर

- डायवर्टेड की तारीख से लगेगा ओपन प्लॉट पर टैक्स, डायवर्सन नहीं होने प 2011 से टैक्स वसूली

### सुधार दिया है सिस्टम, सामान्य दर पर ले रहे मूलधन पर ब्याज

नगर निगम के आईटी सेल हेड रंजीत रंजन ने हरिभूमि को बताया कि यदि किसी ने अपने खाली भूखंड का अब तक डायवर्सन नहीं कराया, ऐसे भूखंड स्वामी से वर्ष 2011 से बकाया टैक्स मूलधन के साथ प्रतिवर्ष सामान्य ब्याज दर जोड़कर ले रहे हैं। चक्रवृद्धि ब्याज वाला कालम ही सिस्टम से हटा दिया गया है। उन्होंने बताया कि शहरभर में खाली भूमि का व्यवसायिक उपयोग करने, उस पर गोदाम बनाने या दुकान के लिए कमरा बनाने पर व्यवसायिक दर से नगर निगम डायवर्सन तारीख से टैक्स लेगा। रायपुर नगर निगम की सामान्य सभा ने शहर में पहली बार निगम सीमा क्षेत्र में स्थित खाली भूखंडों पर नियम अनुसार टैक्स लगाने वर्ष 2011 में सिस्टम बनाया। राजस्व विभाग के इस प्रस्ताव को सामान्य शेष पेज 15 पर



### 87 फीसदी खाली भूखंड से नहीं मिला है टैक्स

नगर निगम सीमा क्षेत्र में हमने 38,232 ओपन प्लॉट चिन्हांकित किए हैं, जो शहर के अलग-अलग इलाकों में स्थित हैं। इनमें से अब तक 5 हजार भूखंड स्वामियों ने नगर निगम को टैक्स जमा करा दिया है, बाकी के 87 फीसदी ओपन प्लॉट होल्डर से टैक्स लिया जाना बाकी है। इसके लिए जल्द अभियान चलाया जाएगा।

- **जागृति साहू**, उपायुक्त राजस्व, नगर निगम रायपुर

*खाली भूखंड का टैक्स जमा नहीं किया, तो इस तरह परेशानी*

### *अटक जाएगी भवन अनुज्ञा*

*ओपन प्लॉट के मामले संबंधित भूखंड मालिक को डायवर्सन तिथि से बकाया टैक्स नगर निवेश में जमा करना जरूरी है यदि उसने मकान निर्माण के लिए भवन अनुज्ञा का आवेदन लगाया, तो बिना टैक्स रसीद के आवेदन स्वीकृत नही होगा। खेती के लिए प्रयुक्त हो रहे भूखंड पर नगर निगम किसी तरह का टैक्स भूखंड स्वामी से नहीं लेगा। जबकि खाली पड़े भूखंड का व्यसायिक उपयोग करने पर व्यवसायिक दर से टैक्स लेने का सिस्टम है।*

### *बैंक लोन लेने में दिक्कत*

*राजधानी के ऐसे ओपन प्लॉट होल्डर जो अपने प्लॉट बेचने या उस पर मकान बनाने के लिए बैंक लोन लेना चाहते हैं। उन्हें रजिस्ट्री के समय और बैंक लोन के लिए आवेदन करने बकाया टैक्स भुगतान जरूरी है। इसके बिना न खुले प्लॉट की रजिस्ट्री होगी, न ही मकान निर्माण के लिए बैंक से लोन मिलेगा।*

---

## शीत लहर संग ठंड की वापसी, 24 घंटे में 2 डिग्री गिरेगा पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर सहित पूरे प्रदेश में ठंड की वापसी नवंबर अंत तक हो जाएगी। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटे में न्यूनतम तापमान में एक से दो डिग्री तक की वृद्धि हो सकती है। यही नहीं मौसम विभाग ने उत्तरी छग के एक-दो पॉकेट में शीत लहर चलने की आशंका भी जताई है। हालांकि इसके बाद आगामी 2 दिनों तक कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। बदली-बारिश जैसी कोई स्थिति प्रदेश में नहीं है। पूरे छग में मौसम शुष्क ही रहा। आने वाले 24 घंटों दौरान भी मौसम शुष्क ही रहेगा। नवंबर की शुरुआत में ठंड के अहसास के बाद पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से तापमान में शेष पेज 15 पर

- रायपुर में न्यूनतम तापमान पहुंचा 16 .2 डिग्री पर

### पूरे प्रदेश में तापमान 30 डिग्री से नीचे

राजधानी सहित पूरे छग में पारा 30 डिग्री से नीचे पहुंच गया है। प्रदेश में सर्वाधिक तापमान 29.2 डिग्री दुर्ग में दर्ज किया। जबकि सबसे कम तापमान अंबिकापुर में 6 डिग्री दर्ज हुआ।

---


*प्रदेश में रोज 80 लाख अंडों का होता है उत्पादन*

## ठंड में उबला अंडा, पहली बार दाम चिल्हर में आठ रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गुलाबी ठंड के बढ़ने के साथ ही प्रदेश में अंडों की खपत में भी रोज इजाफा हो गया है। प्रदेश के लोग रोज 60 लाख अंडे डकार रहे हैं। अंडों की खपत में इजाफा होने के कारण इसके दाम पहली बार चिल्हर में आठ रुपए पहुंच गए हैं। थोक में इसके दाम जहां साढ़े सात रुपए हैं, वहीं पोल्ट्री फार्म में ही दाम पौने सात रुपए हो गए हैं। इस साल तो गर्मी में खपत कम होने के बाद भी दाम सात रुपए हो गए थे। आमतौर पर गर्मी में दाम कम हो जाते हैं।

छत्तीसगढ़ की गिनती देश के अंडों का ज्यादा उत्पादन करने वाले राज्यों में होती है। अपने प्रदेश में रोज 80 लाख अंडों का उत्पादन होता है। इसमें से 45 से 50 फीसदी अंडे दूसरे राज्यों में जाते हैं, बाकी अंडों की खपत अपने राज्य में होती है। गर्मी के समय में जब खपत कम हो जाती है, तब बहुत परेशानी होती है। उत्पादन तो रुक नहीं सकता, ऐसे में अंडों को कोल्ड स्टोरेज में रखना पड़ता है।



### खपत बढ़ी

प्रदेश में रोज अंडों का 80 लाख उत्पादन होता है। इसमें से 35 से 40 लाख अंडे दूसरे राज्यों में जाते हैं, बाकी अंडों की खपत अपने राज्य में होती है, पर इस समय अपने राज्य में ही रोज 60 लाख से ज्यादा की खपत हो रही है। दूसरे राज्यों में 18 से 20 लाख अंडे ही जा पा रहे हैं। आने वाले समय में खपत में और इजाफा हो सकता है।

### पहली बार इतने दाम

मानसून में अंडों के दाम चिल्हर में पांच रुपए थे, लेकिन मानसून के जाने के बाद ठंड के प्रारंभ में ही अंडों की कीमत इजाफा होना प्रारंभ हुआ। इस माह के प्रारंभ में रायपुर में चिल्हर में सात रुपए कीमत हो गई थी। तब पोल्ट्री फार्म में दाम 5.60 रुपए से 5.75 रुपए थे। थोक कारोबारियों के यहां पर दाम 6.25 रुपए और किराना दुकानों के साथ चिल्हर कारोबारियों को पहुंचाकर वेंडर 6.35 से 6.50 रुपए में अंडे दे रहे थे। ऐसे में चिल्हर कारोबारी सात रुपए में बेच रहे थे। अब तो इसके दाम और ज्यादा हो गए हैं। अब तो पोल्ट्री में ही थोक में दाम पौने सात रुपए हैं। पोल्ट्री वाले ही चिल्हर में 30 अंडों का एक क्रेट लेने पर साढ़े सात रुपए के दाम से 225 रुपए में एक क्रेट बेच रहे हैं। इतने ही दाम बड़ी चिकन दुकानों में हैं, जहां पर अंडे सीधे पोल्ट्री फार्म से आते हैं। जहां तक किराना दुकानों का सवाल है तो वहां पर आठ रुपए के दाम से ही अंडे बिक रहे हैं। एक दर्जन लेने पर भी 96 रुपए लग रहे हैं। किराना दुकानों तक वेंडर पहुंचाकर साढ़े सात रुपए में अंडे दे रहे हैं।

---

### बेसिक मैकेनिकल स्किल्स और ह्यूमन सर्विस तक होंगे शामिल

## 6वीं से 8वीं तक छात्रों के लिए अनिवार्य होगा स्किल एजुकेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सेंट्रल बोर्ड ऑफ़ सेकेंडरी एजुकेशन ने सभी एफिलिएटेड स्कूलों में 6वीं से 8वीं कक्षा तक स्किल एजुकेशन को एक अनिवार्य विषय के तौर पर लागू कर दिया है। इन क्लास के स्टूडेंट्स अब सिर्फ़ किताबों, नोटबुक और एग्जाम तक ही सीमित नहीं रहेंगे। वे असल जिंदगी के काम सीखेंगे। इसमें पौधों और जानवरों की देखभाल से लेकर बेसिक मैकेनिकल स्किल्स और ह्यूमन सर्विस तक शामिल है। सीबीएसई के मुताबिक, स्कूलों को अब स्किल-बेस्ड एजुकेशन को मेनस्ट्रीम एजुकेशन का हिस्सा बनाना चाहिए, न कि एक विकल्प के रूप में इसे सीमित रखना चाहिए। बोर्ड ने इस सेमेस्टर में नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 के तहत एनसीईआरटी द्वारा डेवलप की गई स्किल बोध सीरीज की किताबों को लागू करना जरूरी कर दिया है। ये किताबें प्रिंट और डिजिटल दोनों फॉर्मेट में उपलब्ध हैं। नई सीरीज में, स्टूडेंट्स को तीन तरह के काम आधारित प्रोजेक्ट पूरे करने होंगे। इनमें जीवों के साथ काम, मशीनों और मटीरियल से जुड़े काम तथा अन्य सर्विस से जुड़े काम शामिल हैं।



### सालाना तीन प्रोजेक्ट पूरे करने होंगे

स्टूडेंट्स को तीन साल में, यानी ग्रेड 6, 7 और 8 में कुल नौ प्रोजेक्ट पूरे करने होंगे, जिसमें कुल मिलाकर लगभग 270 घंटे का प्रैक्टिकल काम होगा। इसका मकसद यह है कि स्टूडेंट्स न सिर्फ इस आधार पर आगे बढ़ें कि वे क्या पढ़ते हैं, बल्कि इस आधार पर भी कि वे क्या करते हैं और कैसे सीखते हैं। इनके क्रियान्वयनप के लिए स्कूलों को अपना टाइमटेबल बदलना होगा। हर साल 110 घंटे (160 पीरियड) सिर्फ स्किल्स एजुकेशन के लिए होंगे। हर हफ्ते लगातार दो पीरियड इस सब्जेक्ट के लिए होंगे। किताब में दिए गए छह प्रोजेक्ट में से, स्कूल अपनी लोकल जरूरतों और रिसोर्स के आधार पर तीन प्रोजेक्ट चुनेंगे।

### शिक्षक भी सीखेंगे नए स्किल्स

स्किल्स अवेयरनेस पहल को लागू करने के लिए सीबीएसई और एनसीईआरटी मिलकर बड़े पैमाने पर टीचर ट्रेनिंग करेंगे। एकेडमिक ईयर के आखिर में स्कूलों में एक स्किल्स फेयर लगाया जाएगा। स्टूडेंट्स अपने प्रोजेक्ट्स, मॉडल्स और एक्सपीरियंस प्रेजेंट करेंगे। यह फेयर स्कूलों के लिए एक नए तरह का सालाना इवेंट होगा, जहाँ पेरेंट्स भी देख सकते हैं कि उनके बच्चे किताबों के अलावा दुनिया के बारे में कितना सीख रहे हैं। स्किल्स एजुकेशन के लिए इवैल्यूएशन भी ट्रेडिशनल नहीं होगा। इसमें रिटन एग्जाम के लिए 10 प्रतिशत अंक, वाइवा या प्रेजेंटेशन के लिए 30 प्रतिशत, एक्टिविटी बुक के लिए 30 प्रतिशत, पोर्टफोलियो के लिए 10 प्रतिशत और टीचर ऑब्जर्वेशन के लिए 20 प्रतिशत मार्क्स शामिल होंगे।

---


हरिभूमि जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

**सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम**

**रायपुर संस्करण -** 149. विजय कुमार डोंगरे पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - प्रेम नगर लोधी पारा गुढ़ियारी रायपुर, 150. केशव देवांगन पिता\पति हेमलाल देवांगन पता - बीरगांव वार्ड क्र. 26, 151. गौरव साहू पिता\पति मनी साहू पता - सुदामा नगर टिकरापारा रायपुर, 152. ज्योत्सना चौकीदार पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - पहाड़ी पारा गुढ़ियारी रायपुर, 153. मनीष साव पिता\पति मोहन साव पता - आर.डी.ए छोटी कॉलोनी टिकरापारा, 154. खूबचंद साहू पिता\पति दीनदयाल साहू पता - भनपुरी रायपुर, 155. अनीता ध्रुवंशी पिता\पति स्व. लक्ष्मी सिंह ध्रुवंशी पता - राधास्वामी नगर रायपुर, 156. संस्कार सोनकर पिता\पति स्व. दीपक सोनकर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाटागॉव रायपुर, 157. टिकेश्वर साहू पिता\पति जय प्रकाश साहू पता - बोरिया कला, 158. अनीता पटेल पिता\पति देवसिंह पटेल पता - ग्राम पोस्ट टेकारी (कुंडा), 159. हरीश कुमार साहू पिता\पति नारायण साहू पता-परसदा जोशी, 160. अभिषेक साहू पिता\पति द्वारिका प्रसाद साहू पता-शंकर नगर कोष्टा पारा वार्ड 25, 161. डागेश मंडावी पिता\पति चंद्रहास मंडावी पता-सेहरा डबरी वार्ड 08 कॉलोनी, 162. पुर्वांशी साहु पिता\पति रीकेश कुमार साहु पता- रावन भाटा नगरी, 163. उमभावानी साहू पिता\पति शिवकुमार साहू पता- टेड़ेसरा, 164. ज्ञाविश साहू पिता\पति रोमलाल साहू पता-कौरिन भाठा बसंतपुर, 165. निशा साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- टेड़ेसरा राजनादगांव, 166. घनस्याम प्रसाद शर्मा पिता\पति अयोध्या प्रसाद पता- वार्ड न. 11 बेमेतरा, 167. विधान मिश्रा पिता\पति प्रफुल्ल मिश्रा पता- भानुप्रतापपुर, 168. रामपाल साहू पिता\पति स्व. रामेश्वर साहू पता- घुमका, 169. साक्षी घोस पिता\पति एस. घोस पता- न्यू हाउसिंग बार्ड कॉलोनी जगदलपुर, 170. भामा यादव पिता\पति राकेश कुमार यादव पता-कलेक्ट्रेट कॉलोनी मचेवा, 171. संदीप पाण्डेय पिता\पति रामजी प्रसाद पता- कवर्धा, 172. भाव्या पिता\पति अश्वनी कुमार पता-बुगबड़ा 173. देव सिंह बघेल पिता\पति कपिल राम बघेल पता- बांधापारा कोंडागांव, 174. शिव रानी पिता\पति आर. त्रिमूर्तिय पता- भिलाई सेक्टर -9 हॉस्पिटल, 175. देविका सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 176. देवनाथ देवांगन पिता\पति स्व. कवल सिंह देवांगन पता- म.न. 95 वार्ड न. 56 बघेरा दुर्ग, 177. अशोक सिन्हा पिता\पति दुकालू राम सिन्हा पता- गया नगर दुर्ग, 178. सृष्टि चौधरी पिता\पति स्व. राजेश चौधरी पता- प्लाट न. 4/5 राधिका नगर भिलाई, 179. भारती साहू पिता\पति युवराज साहू पता-EWS 8/2 कोसा नगर दुर्ग, 180. टेरेन्स ठाकुर पिता\पति येदलाल ठाकुर पता- वर्मा हार्डवेयर रामनगर मुक्ति धाम भिलाई, 181. आरुशी टंडन पिता\पति हरीश टंडन पता- राम चौक रामनगर सुपेला भिलाई, 182. गरिमा सिन्हा पिता\पति राजेंद्र प्रसाद सिन्हा पता- सुपेला पांच रास्ता भिलाई, 183. कनक लता दिल्लीवार पिता\पति जनक लाल दिल्लीवार पता-विनायकपुर दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण -** 184. प्रहलाद सिंह नेताम, पिता/पति-- दाऊराम नेताम, पता - अश्वनी कॉलोनी, सेंदरी जिला बिलासपुर, 185. अक्जा सिद्दिकी, पिता/पति- फिरोज अहमद सिद्दिकी पता- लिंक रोड बिलासपुर, 186. कृष्ण कुमार यादव पिता/पति- स्व.रामस्वरूप यादव, पता- मगरपारा बिलासपुर, 187. विशेष कुमार महानंद पिता/पति- राजकुमार महानंद, पता- जबड़ापारा सरकंडा, बिलासपुर, 188. रविशंकर मिश्रा पिता/पति- अयोध्या प्रसाद मिश्रा पता- सरकंडा, बिलासपुर, 189. मयंक ऊके पिता/पति- अरविंद ऊके, पता- मगरपारा, बिलासपुर, 190. नीलू कुमारी पिता/पति- स्व. यूवेल कुमार, पता- आधार विद्या मंदिर, तालापारा, बिलासपुर, 191. कुंदन कटैलिहा, पिता/पति- नर्मदा कटैलिहा पता- सदर बाजार, बिलासपुर, 192. नंदलाल कोसले पिता/पति- शिव कुमार कोसले, पता- इमलीभाठा, बंधवापारा, बिलासपुर 193. जे. बी. सिद्दिकी पिता/पति- मो. तौफीक सिद्दिकी, पता- इंद्रपुरी रोड, शांति नगर, तिफरा, बिलासपुर, 194. रितेश जग्गा पिता/पति- नानकराम जग्गा, पता- बिलासपुर 195. चंद्रकली टंडन, पिता/पति- स्व. अशोक कुमार सूर्यवंशी पता- सोनवानी गली, मंझवापारा, बिलासपुर, 196. कौशिल्या शर्मा पिता/पति- स्व.गोधन शर्मा पता- दीनदयाल कॉलोनी, मंगला, बिलासपुर, 197. मंजूलता पटेल पिता/पति- नरेशराम पटेल, पता- मंगला, बिलासपुर, 198. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति- भगवानीराम कौशिक पता- पेण्डारी, बिलासपुर, 199. स्वाति बाजपेयी पिता/पति- उज्वल बाजपेयी, पता- वार्ड नं. 16, वैशाली नगर, बिलासपुर, 200. सुधीर खंडेलवाल पिता/पति- स्व. विष्णु स्वरूप जी पता- ग्रीन गार्डन कालोनी बिलासपुर, 201. सरिता जायसवाल पिता/पति- दीपक जायसवाल, पता- एल आई जी 47, दीनदयाल कॉलोनी, मंगला बिलासपुर, 202. अशोक सूर्यवंशी पिता/पति- गेंदलाल सूर्यवंशी, पता- राजीव गांधी चौक, जरहाभाठा बिलासपुर, 203. तापस चटर्जी पिता/पति- स्व.एम.चटर्जी, पता- हेमू नगर, बिलासपुर, 204. पायल अग्रवाल पिता/पति- स्व. सी.एल. अग्रवाल, पता- तेलीपारा सरजू बगीचा बिलासपुर, 205. देवहूति चंद्रा पिता/पति- केशवराम चंद्रा पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर, 206. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति-कोमल प्रसाद कौशिक, पता- हांफा, बिलासपुर, **भोपाल संस्करण -** 207. मनीष प्रजापति पिता\पति - उदमसिंह प्रजापति पता-जगदीशपुर इस्लाम नगर, 208. भूरी बाई पिता\पति - दिनेश कुमार पता-इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 209. अर्शी शेख पिता\पति - आबिद शेख पता- म न 340 हनीफ कॉलोनी भोपाल, 210. मुकेश सेन पिता\पति- प्रेम नारायण सेन पता-52 ग्राम इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 211. देवेन्द्र भावसार पिता\पति - जानकी वल्लभ पता- भावसार जीरापुर, 212. रमेशचंद्र राठौर पिता\पति - पन्नालाल राठौर पता- जीरापुर, 213. नेहा पिता\पति - रामचंद्र जीरापुर, 214. कनिष्का राठौर पिता\पति - रामबाबू राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, **जबलपुर संस्करण -** 215. संध्या पिता\पति - विजय उसरेठे कुमार पता- कटनी, 216. तन्मय सेन पिता\पति - रत्नेश सेन पता-भट्टा मोहल्ला मुड़वारा कटनी, 217. शिवांश सिंधिया पिता\पति - अमित सिंधिया पता- डॉ राजेंद्र प्रसाद वार्ड मंडला, 218. विकास मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह पता- मरावी आमानाला मंडल, 219. रजनी मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 220. राकेश मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 221. दिव्यांजली वर्मा पिता\पति - धीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा पता-पाली उमरिया, 222. संदीप कुमार द्विवेदी पिता\पति - रमेश प्रसाद द्विवेदी वार्ड नंबर 1 समनापुर अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप



### अजय जामवाल को संविधान की प्रति भेंट

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज, प्रदेश सह-कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी एवं प्रदेश प्रवक्ता नलिनीश ठोकने ने संविधान की प्रति भेंट की। इस दौरान श्री जामवाल ने कहा, भारत का संविधान दुनिया का उत्कृष्ट संविधान है। इसकी प्रति को कार्यालय स्थित नानाजी देशमुख ग्रंथालय में रखें ताकि सभी कार्यकर्ता इसका पठन करें। उन्होंने कहा, संविधान का सम्मान व पालन करना हम सब का कर्तव्य है।

### फर्म एवं संस्थाए एवं संभागीय कार्यालय के 5 कर्मी पदोन्नत

**रायपुर।** वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के अंतर्गत रजिस्ट्रार, फर्म्स एवं संस्थाएं एवं उसके अधीनस्थ संभागीय कार्यालयों में कार्यरत तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों को विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक की अनुशंसा पर पदभार ग्रहण करने के दिनांक से पदोन्नत किया गया है। कर्मचारियों की पदोन्नति 8 सालों से लंबित थी। वर्ष 2018 से विगत 8 वर्षों के बाद की गई है, जिससे कर्मचारियों में उत्साह का माहौल है। पदोन्नति से निरीक्षक, सहायक अधीक्षक, ऑडिटर एवं सहायक वर्ग-2 के पद पर कर्मचारी पदोन्नत हुए। जिन कर्मचारियों को पदोन्नत किया गया उनमें यशवंत कटकवार, ऑडिटर से निरीक्षक, बसंत दीवान, सहायक वर्ग-2 से सहायक अधीक्षक, अनिल सिंह ठाकुर, सहायक वर्ग-2 से ऑडिटर, अनिल कुमार साव, सहायक वर्ग-2 से ऑडिटर और लोकेश्वर पाटकर, सहायक वर्ग-3 से सहायक वर्ग-2 के पद पर पदोन्नत किए गए।

### सरगुजा का 1742.6 हेक्टेयर जंगल अडानी को देने की सिफारिश

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने पर्यावरण एवं वन विभाग के 25 नवंबर को जारी केंद्र सरकार के आदेश को सार्वजनिक करते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार ने 1742.6 हेक्टेयर वनभूमि अडानी समूह को सौंपने की सिफारिश की है। यह जमीन आरवीयूएनएल और उसके एकमात्र एमडीओ अडानी को कोल माइंस व वाशरी प्रोजेक्ट के लिए दी जानी है। उन्होंने कहा, अजीत जोगी सरकार ने इसे लेमरू हाथी रिज़र्व के लिए सुरक्षित रखा था। भाजपा सरकार इसे बेचने पर तुली है। भाजपा सरकार पर हमला करते हुए जोगी ने कहा, यह पत्र साबित करता है कि सरकार अडानी के दबाव में काम कर रही है। छत्तीसगढ़ के संसाधन बेचने की नीति नहीं चलेगी। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या हमारा जंगल किसी कंपनी की जागीर है? चुनाव का खर्च निकालने जल-जंगल-जमीन बेची जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यह फैसला वापस लेना ही होगा। अगर जरूरत पड़ी तो उग्र आंदोलन करेंगे।

### छत्तीसगढ़ दौरे पर पहुंचे डॉ. तोगड़िया का स्वागत

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया का चार दिवसीय 25 से 29 नवंबर तक छत्तीसगढ़ के जिलों में वीर हिंदू विजेता, हिंदू-हिंदू सुरक्षा अभियान के तहत पूरे देश में 1 करोड़ हनुमान चालीसा केंद्र की स्थापना करने के लिए देशभर में प्रवास चल रहा है। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी ग्राम, तहसील, ब्लॉक केंद्रों में हनुमान चालीसा केंद्र चलें, जिससे हिंदुओं को एकजुट कर संगठित कर सकें, हनुमान चालीसा केंद्र चलाने के लिए हिंदुओं की शक्ति एवं सेवा का केंद्र बने इस संकल्प को लेकर डॉ. तोगड़िया का 4 दिवसीय दौरा छत्तीसगढ़ का बना है। इस दौरे में कार्यकर्ताओं ने घर-घर संपर्क एवं वीर हिंदू विजेता, हिंदू सम्मेलन एवं कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया।

# नवा रायपुर में पीएमओ दफ्तर का सेटअप, आज से शुरू होगा कामकाज, शाह और अफसर दो दिन करेंगे योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डीजी-आईजीपी कांफ्रेस में शामिल होने आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अस्थायी दफ्तर (पीएमओ) का सेटअप यहां नवा रायपुर के एम 1 बंगले में बनकर तैयार हो गया है। सूत्रों के अनुसार यहां शुक्रवार से कामकाज शुरू होगा। यह 30 तारीख तक अस्थायी रूप से जारी रहेगा।

प्रधानमंत्री श्री मोदी 28 तारीख की शाम को रायपुर पहुंचेंगे और यहीं रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन 29 से 30 तक वे कांफ्रेस में शामिल होंगे। इस दौरान दो दिनों तक योग का एक सत्र भी होगा, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कांफ्रेंस में आए अधिकारी शामिल होंगे। बताया गया है कि



कांफ्रेंस की तैयारी के साथ ही नवा रायपुर में अस्थायी पीएमओ बनाने का काम शुरू हो गया था। कांफ्रेंस शुरू होने के एक दिन पहले यानी गुरुवार को ही यहां सेटअप तैयार हो गया है।

शुक्रवार को पीएम के आने वाले दिन से यहां कामकाज भी प्रारंभ होगा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री के प्रवास के दौरान प्रोटोकॉल के मुताबिक उनके लिए अस्थायी तौर पर पीएम आफिस यानी पीएमओ बनाया जाता है। पीएम 29 तारीख को सुबह 8.30 बजे कांफ्रेंस स्थल आईआईएम में पहुंचेंगे। इधर कांफ्रेंस के दौरान पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अलग-अलग सेशन चलते रहेंगे। जिन अधिकारियों को यहां प्रजेंटेशन देना है, वे अपना काम करते रहेंगे। इस दौरान किसी को भी वहां प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। कांफ्रेंस के अंतिम दिन रविवार को पुलिस अधिकारियों को प्रधानमंत्री मेडल वितरित करेंगे। हालांकि अभी तक उन अधिकारियों के नामों की सूची नहीं आई है, जिन्हे मेडल दिए जाने हैं।

### शाह सहित सभी अफसर शामिल होंगे योग में

कांफ्रेंस के दौरान दो दिनों तक योग का विशेष सत्र होने वाला है। सुबह 6 से 6.30 बजे तक होने वाले योग में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह मौजूद रहेंगे। बताया गया है कि इस कार्यक्रम में कांफ्रेंस में आए सभी अधिकारी शामिल होंगे, लेकिन यहां पीएम की मौजूदगी नहीं रहेगी।

## सरकार ने दी किसानों को सहूलियत, 1.98 लाख किसान बेच चुके हैं धान

# अब किसान पोर्टल में 30 तक हो सकेगा रकबा संशोधन
# प्रदेशभर में अब तक 9 लाख टन से अधिक की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए पंजीकृत किसानों के धान का रकबा अगर एकीकृत किसान पोर्टल में कम, गलत या त्रुटिपूर्ण दिख रहा है, तो किसानों को इसके लिए परेशान होने की जरूरत नहीं है। राज्य शासन ने किसानों को रकबा संशोधन के लिए 30 नवंबर तक का समय और दिया है। इस बीच राज्य में अब 9 लाख 89 हजार 643 मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। 15 नवंबर से अब तक राज्य में 1 लाख 98 हजार 248 किसान अपना धान बेच चुके हैं।

खरीफ वर्ष 2025 के लिए किसानों के पंजीयन एवं फसल रकबे में संशोधन की सुविधा अब किसानों को और अधिक समय तक उपलब्ध रहेगी। शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन हेतु उपलब्ध प्रावधान को अब 30 नवम्बर 2025 तक सभी समितियों में समिति लॉगिन के माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा है। इस संबंध में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग,



खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, सहकारिता विभाग, कृषि,उद्यानिकी विभाग, राज्य सहकारी बैंक, मार्कफेड तथा एनआईसी के अधिकारियों को पत्र जारी किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार अब यह सुविधा 30 नवंबर तक सभी प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों में समिति लॉगिन पर उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे किसान अपने पंजीयन, फसल रकबे में संशोधन तथा आवश्यक जानकारी अपडेट कर सकेंगे।

### किसानों को अवगत कराएं

शासन ने संबंधित सभी विभागों एवं संस्थाओं को निर्देशित किया है कि वे अपने अधीनस्थ अधिकारियों, समितियों एवं कर्मचारियों को इस संबंध में अवगत कराएं, जिससे किसानों को समय पर जानकारी प्राप्त हो सके और कोई भी पात्र किसान पंजीयन से वंचित न रहे।उपलब्ध कराए गए प्रावधान समिति लॉगिन में कृषक एवं संस्थागत,कृषक नवीन पंजीयन,नॉमिनी संशोधन, रकबा, फसल संशोधन की सुविधाएं उपलब्ध है। तहसील लॉगिन में सुविधाएं-संस्थागत नवीन पंजीयन,रेगहा,अधिया पंजीयन,संयुक्त पंजीयन,डुबान पंजीयन,कृषक एवं संस्थागत निरस्तीकरण की सुविधा उपलब्ध है। इन सभी सुविधाओं के 30 नवम्बर 2025 तक उपलब्ध रहने से किसानों को पंजीयन एवं संशोधन प्रक्रिया के निर्णय से पूरे प्रदेश के किसानों को खरीफ सत्र की तैयारी में सुविधा होगी।

# आज आएंगे नितिन नवीन विमानतल पर होगा स्वागत

## ठाकरे परिसर में करेंगे पदाधिकारियों से चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के प्रदेश प्रभारी और बिहार सरकार के मंत्री नितिन नवीन लंबे समय बाद शुक्रवार सुबह को रायपुर पहुंच रहे हैं। बिहार विधानसभा चुनाव में बांकीपुर विधानसभा से चुनाव जीतने और फिर से मंत्री बनने के बाद उनका पहली बार रायपुर आगमन हो रहा है।



ऐसे में विमानतल पर प्रदेश संगठन ने उनके जोरदार स्वागत की तैयारी की है। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव के साथ प्रदेश संगठन के नेताओं के साथ ही प्रदेश के कुछ मंत्री भी विमानतल पहुंचेंगे। नितिन नवीन भाजपा के प्रदेश प्रभारी हैं। बिहार चुनाव में वे बांकीपुर विधानसभा से फिर से चुनाव लड़े। उनके चुनाव में प्रदेश के नेताओं ने पूरी ताकत झोंकी। जहां प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव उनके नामांकन में गए थे, वहीं इसके बाद उनके प्रचार में डिप्टी सीएम विजय शर्मा, प्रदेश के मंत्री ओपी चौधरी, गुरु खुशवंत साहेब, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव सहित कई नेता शामिल हुए। अब विधानसभा का चुनाव जीतने के बाद पहली बार उनका आगमन हो रहा है।

### वैवाहिक कार्यक्रमों में भी होंगे शामिल

श्री नवीन शुक्रवार की सुबह को आठ बजे रायपुर पहुंचेंगे। विमानतल पर उनका जोरदार स्वागत होगा। इसके बाद वे कुशाभाऊ ठाकरे परिसर पहुंचेंगे। यहां पर वे प्रदेश के पदाधिकारियों से चर्चा करेंगे और संगठन की गतिविधियों के बारे में पूरी जानकारी लेंगे। अब तक किसी भी अधिकृत बैठक का कार्यक्रम तय नहीं है। उनके आने के बाद बैठकों का कार्यक्रमों तय हो सकता है। इसी के साथ वे क्रेडा के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी की बेटी के विवाह समारोह में शामिल होने के लिए बिलासपुर जाएंगे। इसके अलावा महिला मोर्चा की अध्यक्ष विभा अवस्थी की बेटी, भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवतरन शर्मा के बेटे के विवाह समारोह में भी शामिल होंगे।

# एसआईआर से कोई परेशान तो कोई उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सम्मानित भी हो रहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के लिए कई बीएलओ जहां परेशानी और दबाव में यह कार्य कर रहे हैं, वहीं कई बीएलओ ऐसे भी हैं, जो खुशी से न केवल कार्य कर रहे हैं, बल्कि अच्छा प्रदर्शन भी कर रहे हैं। इसके लिए प्रशासन की ओर से उन्हें उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को 5 बीएलओ अफसरों को प्रशासन ने सम्मानित किया है।

### समय पूर्व शत-प्रतिशत हासिल किया लक्ष्य

जिले में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत रायपुर शहरी ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 48 के 5 बीएलओ, 1 सचिव एवं 1 कंप्यूटर आपरेटर ने उत्कृष्ट एवं समयबद्ध कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। कलेक्टर के निर्देश पर यह सम्मान जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन ने किया। उन्होंने सभी को शॉल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी नवीन ठाकुर एवं रायपुर एसडीएम नंदकुमार चौबे उपस्थित रहे।

### ये बीएलओ किए गए सम्मानित

सम्मानित किए गए बुथ लेवल अफसरों में मतदान केंद्र 327 की बीएलओ शशिकला गेण्ड्रे, मतदान केंद्र 276 बोरियाकला बीएलओ शंकुतला वर्मा, मतदान केंद्र 277 बोरियाकला बीएलओ द्रौपति कुर्रे, मतदान केंद्र 325 मुजगहन बीएलओ भुनेश्वरी यदू , मतदान केंद्र 316 काठाडीह बीएलओ पूर्णिमा ध्रुव। इस कार्य में सहयोग देने वाले ग्राम पंचायत हथबंध के सचिव केशव साहू एवं मतदान केंद्र 316 काठाडीह के कंप्यूटर ऑपरेटर लीलेश्वर साहू शामिल हैं।

# भाजपाइयों ने काले धन को जमीनों में लगाकर वैल्यू बढ़ाने गाइड लाइन की दर बढ़ाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, भाजपा सरकार के मंत्रियों ने तथा सरकार में बैठे सत्ताधीशों ने पिछले दो सालों की भ्रष्टाचार की काली कमाई के पैसे को जमीनों की खरीदी में लगा दिया।



काले धन की कमाई की सरकारी वैल्यू बढ़ाने गाइड लाइन की दरों में बेतहाशा बढ़ोतरी कर दी, ताकि काली कमाई के कच्चे के पैसे से खरीदी गई जमीन की गाइड लाइन दर बढ़ने के बाद महंगी कीमत में बिक्री हो। उस पर प्रॉपर्टी गेन टैक्स पटा कर भ्रष्टाचार के पैसे को नम्बर एक करवा लिया जाय। जमीन की गाइड लाइन की दर बढ़ाने के पीछे अपनी काली कमाई को सफेद करने का खेल हुआ है। उन्होंने कहा, सत्ता में बैठे किस नेता ने दामाखेड़ा के आगे बेमेतरा जिले 300 एकड़ जमीन लिया है। किसने नवा रायपुर के आगे एक गांव में 275 एकड़ जमीन खरीदा है यह प्रदेश का बच्चा-बच्चा जानता है। पूरी खरीदी की जांच हो जाय तो जमीनों के गाइड लाइन दर बढ़ने की हकीकत सामने आ जाएगी। पहली बार जमीनों की गाइड लाइन की दर को बिना मार्केट वैल्यू से मिलान किए बेतहाशा बढ़ाया गया है। सरकार में बैठे अधिकारी भी सरकार के इस निर्णय को गलत बता रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने 5 डिसमिल से कम जमीन की रजिस्ट्री शुरू कर तथा गाईडलाईन की दर में 30 प्रतिशत छूट कर प्रदेश में रियल स्टेट सेक्टर में प्राण फूंका था, यही कारण था कि कोरोना के समय भी छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था मजबूत थी। वर्तमान सरकार के निर्णय से बेरोजगारी बढ़ेगी, अर्थव्यवस्था तबाह होगी, रियल एस्टेट में गिरावट आयेगी।

# एसआईआर को लेकर एससी कांग्रेस का आरोप चुनाव आयोग भाजपा के लिए काम कर रहा

## पहली बार बिना मार्केट वैल्यू से मिलान किए जमीनों की गाइड लाइन की दर बेतहाशा बढ़ाई : सुशील




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा, डॉ. भीमराव आंबेडकर की जिन तीन बड़ी चिंताओं का जिक्र संविधान निर्माण के दौरान हुआ था, वे आज की परिस्थितियों में सच होती दिखाई दे रही हैं। राजीव भवन में संवाददाताओं से चर्चा में श्री गौतम ने कहा, लंबे समय तक कांग्रेस सरकारों ने आईआईटी, आईआईएम जैसे संस्थान बनाए, इंदिरा गांधी ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया और करोड़ों लोगों को रोजगार मिला, लेकिन आज देश में भक्ति और धर्म को राष्ट्र से ऊपर रखा जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा शासन में दलितों पर अन्याय बढ़ा है और "जय भीम" की जगह "जय श्रीराम" बोलने का दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा, वर्तमान सरकार ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सीमित कर दिया है और प्रधानमंत्री तक अंधविश्वास को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री विविध भाषण देते हैं। आज भारत की अस्मिता खतरे में है। 1990 में देश में युवाओं को आरक्षण के हिसाब से नौकरी देने की बात होती थी, लेकिन आज भाजपा कमंडल बांटने का काम कर रही है।

### आयोग बीजेपी के एजेंट की तरह कार्य कर रहा

उन्होंने कहा, बीएलओ पर दबाव बनाकर उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है, जिससे कई बीएलओ मानसिक तनाव में हैं और आत्महत्या तक कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि चुनाव आयोग के अधिकारी ज्ञानेश कुमार बीजेपी के एजेंट की तरह कार्य कर रहे हैं। एससी कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, कांग्रेस इस मुद्दे पर पूरे देश में संघर्ष कर रही है और बूथ रक्षकों की बड़ी संख्या तैयार की जा रही है, ताकि लोकतंत्र और वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा की जा सके।

### एसआईआर दलितों के साथ अन्याय

राजेंद्र पाल गौतम ने एसआईआर प्रक्रिया को भी दलितों के साथ अन्याय बताते हुए कहा, भाजपा इसके नाम पर वोट कटवा रही है। उन्होंने कहा, बिहार चुनाव में कांग्रेस ने चुनाव आयोग को सबूत दिए थे कि एक ही व्यक्ति अलग-अलग जगह पर वोट डाल रहा है, लेकिन आयोग ने कार्रवाई नहीं की। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भाजपा के लिए काम कर रहा है और देशभर में एसआईआर के नाम पर शोषण बढ़ा है।

## बिना सूचना और सुनवाई के 60 दुकानदारों को हटाने पर ऐतराज

# साइंस कालेज चौपाटी विवाद, ढेबर पहुंचे राजभवन, राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जीई रोड स्थित साइंस कालेज चौपाटी हटाए जाने का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा। पूर्व महापौर एजाज ढेबर प्रतिनिधिमंडल के साथ गुरुवार को राजभवन पहुंचे। इन्होंने राज्यपाल रमेन डेका को ज्ञापन सौंपकर पूरे प्रकरण की संपूर्ण जानकारी उनके संज्ञान में लाई।

मुलाकात के दौरान एजाज ढेबर ने बताया कि चौपाटी वालों को बिना पूर्व सूचना, बिना सुनवाई और बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के अचानक हटाया गया, जिससे सैकड़ों परिवार पूरी तरह



से बेरोज़गारी की स्थिति में आ गए। उन्होंने राज्यपाल को अवगत कराया कि यह सिर्फ दुकानों का मामला नहीं, बल्कि उन परिवारों के जीवनयापन, बच्चों की पढ़ाई और दैनिक आवश्यकताओं से जुड़ा मुद्दा है। पूर्व महापौर एजाज ढेबर ने राज्यपाल को सौंपे ज्ञापन में उल्लेख किया कि वेंडर्स के लिए जिस वैकल्पिक स्थान की बात कही जा रही है, वहां पानी, बिजली, प्रकाश, शेड, सुरक्षा और स्वच्छता जैसी मूल सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। रेलवे द्वारा भूमि दावा किए जाने और स्थल की अस्पष्ट स्थिति ने वेंडर्स को दुविधा में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि यह पूरे मामले का एक मानवीय पहलू है, जो राज्यपाल तक पहुंचना आवश्यक था। श्री ढेबर ने कहा कि चौपाटी का चयन और इसकी संपूर्ण प्रक्रिया 2017-18 में यूथ हब फूड कोर्ट मॉडल के तहत शुरू हुई थी। यह परियोजना स्मार्ट सिटी कंपनी द्वारा केंद्र सरकार के कंसल्टेंट की सिफारिश पर और तत्कालीन जिला कलेक्टर, जो स्मार्ट सिटी बोर्ड के अध्यक्ष होते हैं- उनकी सहमति से तैयार की गई थी। ढेबर ने कहा कि यह जानकारी इसलिए आवश्यक है, ताकि स्पष्ट रहे कि चौपाटी किसी अनाधिकृत प्रक्रिया का परिणाम नहीं है, बल्कि एक पूर्व स्वीकृत, व्यवस्थित रूप से विकसित की गई परियोजना थी।

मुलाकात के दौरान राज्यपाल श्री रमेन डेका ने ज्ञापन का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया और विषय को संज्ञान में लेने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पूर्व महापौर एजाज़ ढेबर के साथ निगम में नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी सहित उनका प्रतिनिधिमंडल उपस्थित रहा।

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार मिलन प्रधान पिता श्री अकरूर प्रधान, निवासी ग्राम बोईरडीह, बुरोडीह, जगदीशपुर, महासमुंद (छ.ग.) के द्वारा विक्रेता श्रीमती कीर्ति साहू पति श्री शिवकुमार साहू, निवासी- वार्ड नं. 16, कुरूद बस्ती, जामुल, दुर्ग (छ.ग.) के स्वामित्व आधिपत्य हक की खुली आवासीय भूमि, जो कि, मौजा-भाठागांव, प.ह.नं. 60, रा.नि.मं. रायपुर-13-भाठागांव, तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) में स्थित है। जिसका खसरा नंबर 106/24, रकबा 1023 वर्गफुट है। जिसे मेरे पक्षकार द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा तय कर दिनांक 26.11. 2025 को विक्रय अनुबंध पत्र का निष्पादन कर ब्याना राशि अदा कर दिया गया है मात्र बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त क्रय-विक्रय के संव्यवहार के संबंध में किसी प्रकार किया गया इकरारनामा/ संव्यवहार अवैध व शून्य मानी जावेगी तथा उपरोक्त हेतु किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म, सोसायटी, बैंक, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय निकाय, नगर-निगम, वित्तीय संस्था, दोस्त, रिश्तेदार को किसी भी प्रकार से कोई आपत्ति या उजर दावा हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के पांच दिवस (05 दिन) के भीतर हमारे नीचे लिखे कार्यालय के पते पर मय दस्तावेज प्रत्यक्ष रूप से अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। मियाद अवधि गुजरने के पश्चात की गई आपत्ति अवैध एवं शून्य मानी जावेगी तथा मेरे पक्षकार के द्वारा इकरारशुदा संपत्ति का पंजीयन एवं नामांतरण करने हेतु स्वतंत्र रहेगा तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगा। सो सूचना जाने।

स्थान :- रायपुर (छ.ग.)
दिनांक :- 27.11.2025

**उमाशंकर महिलाने (अधिवक्ता)**
**पता- सिविल कोर्ट, रूम नं. 106**
**रायपुर (छ.ग.), 77719 32637**

## खबर संक्षेप

### कुकरा में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का शिविर आज

आरंग। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत शुक्रवार को ग्राम पंचायत भवन कुकरा में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में बिजली विभाग की टीम ग्रामीणों को सोलर रूफटॉप लगाने की प्रक्रिया, पंजीयन, दस्तावेजों, तथा अनुदान राशि के बारे में विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन देगी। योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को सौर ऊर्जा के माध्यम से 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली उपलब्ध कराना है, जिससे बिजली बिल लगभग शून्य हो जाएगा। नारा डीसी के उपअभियंता जितेंद्र कुमार मरई ने बताया कि यह अनुदान राशि सीधे उपभोक्ताओं के सोलर सिस्टम स्थापना के व्यय में समायोजित की जाएगी, जिससे लाभार्थियों को काफी राहत मिलेगी। ग्रामीण अपने बिजली बिल की प्रति आधार कार्ड बैंक पासबुक मोबाइल नंबर साथ लेकर आएं, ताकि प्रक्रिया सुगमता से पूरी हो सके।

### कोसरंगी में राज्य स्तरीय बालीबाल स्पर्धा कल

चंद्रखुरी। आरंग विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोसरंगी में 29 नवंबर को छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसके मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब केबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन होंगे। प्रमुख अतिथिगण ध्रुवकुमार मिर्धा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ चर्म शिल्पकार बोर्ड राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त, एवं श्याम नारंग जिलाध्यक्ष भाजपा जिला रायपुर ग्रामीण होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती दामिनी राजू मिर्झा सरपंच ग्राम पंचायत कोसरंगी करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती टाकेश्वरी मुरली साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत आरंग, गुरु सौरभ साहेब सभापति जिला पंचायत रायपुर, देवनाथ साहू अध्यक्ष भाजपा मंडल आरंग, संजय घृतलहरे सभापति जनपद पंचायत आरंग, गोविंद साहू जी अध्यक्ष साहू समाज भानसोज परिक्षेत्र, श्रीमती मंजुरानी जुगेश चंद्र दास जी उपसरपंच ग्राम पंचायत कोसरंगी, विक्रम साहू अध्यक्ष ग्राम सभा कोसरंगी एवं समस्त पंचगण तथा ग्रामसभा के पदाधिकारीगण होंगे। कार्यक्रम में विजेता प्रतीभागियो के लिए पुरुष्कार भी रखा गया है जिसमे प्रथम पुरुस्कार 20001 सुखदेव दास द्वारा, द्वितीय पुरुस्कार 15001 लक्ष्मी इक्वाफीड एवं फिश सीड द्वारा, तृतीय पुरूस्कार 10001 श्रीमती मंजुरानी जुगेश चंद्र दास उपसरपंच कोसरंगी द्वारा एवं चतुर्थ पुरुस्कार 5001 परिमल बर्मन जी द्वारा पुरस्कृत किए जायेंगे साथ ही व्यक्तिगत प्रदर्शन के आधार पर आकर्षक पुरस्कार भी रखा गया है जिसमे सर्वश्रेष्ठ सर्विसर, सर्वश्रेष्ठ ब्लॉकर, सर्वश्रेष्ठ शॉर्टर आदि शामिल है।

### प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की बैठक

आरंग। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन द्वारा आरंग स्थित सरस्वती ज्ञान दीप स्कूल में बैठक आहूत की गई, जिसमें वार्षिक शुल्क से संबंधित राशि पर विस्तृत चर्चा की गई। कक्षा पांचवीं व आठवीं की बोर्ड परीक्षा में आने वाली कठिनाइयों पर भी विचार-विमर्श हुआ। साथ ही शासन की नीतियों के कारण वर्षभर में आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की गई। विकासखंड स्तरीय सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा खेलकूद गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा करते हुए विभिन्न खेलों व कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई, ताकि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सतत प्रयास किए जा सकें। बैठक में प्रमुख रूप से यशवंत चतुर्वेदी (गांधी इंग्लिश मीडियम), गेंद राम साहू (गणेशराम उच्चतर माध्यमिक शाला, गुल्लू), अनूप नाथ योगी (सरस्वती ज्ञान दीप विद्यालय), ध्रुव कुमार शुक्ला (मदर्स प्राइड आरंग), यशवंत गोयल (कल्पवृक्ष पब्लिक स्कूल), रंजीत टोप्पो (एंथोनी स्कूल), पराग (भाग्यलक्ष्मी जीवन ज्योति स्कूल), पतंजलि स्कूल के प्रतिनिधि, कुलदीप जी पाण्डेय (क्राइस्ट मी स्कूल), राजेश मीन आदि उपस्थित रहे। सभी ने एकमत होकर संगठन को मजबूत बनाने तथा दिसंबर के दूसरे सप्ताह में विस्तृत रूपरेखा के लिए अगली बैठक आयोजित करने पर सहमति व्यक्त की। आभार प्रदर्शन अनूप नाथ योगी द्वारा किया गया।

# जमीन की संशोधित गाइडलाइन से किसानों को राहत, गांवों में खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

अलग खबर

जमीन की गाइडलाईन दर मे संशोधन कर वृद्धि करने के फैसले से ग्रामीण अंचल के किसानो मे भारी खुशी देखी जा रही है नई गाइडलाईन को लेकर किसानो ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी व मुख्यमंत्री के इस निर्णय का स्वागत करते हुये बधाई प्रेषित किया है। किसान प्रेम बंजारे,सेवाराम साहू,भोजराम साहू,ह्दय राम साहू,नोहर लाल साहू,मनहरण यादव,लक्ष्मण बघेल,टिकिश राम मंडल,चन्द्रकिशोर चतुर्वेदानी,खेमु भारती,परस साहू,दिनेश कुमार साहू,नान्हू बघेल,कमलेश गिलहरे,भूपेन्द्र गिहलरे,अरूण हरवंश,घनश्याम गिलहरे,नरेश साहू,मोहन साहू,टिकेन्द्र साहू,रामदयाल साहू,बिहारी साहू,गोपाल साहू आदि अलग अलग गांव के किसानो से बढ़ी हुई गाईडलाईन के संबंध मे चर्चा करने पर किसानो ने कहा कि नई गाइडलाईन के निर्धारण से किसान ठगी का शिकार होने से बचेगें वास्तव मे जमीन की कीमत मे कई गुना ज्यादा वृद्धि हो चुकी है जमीन कारोबारी करोड़ो रूपये की जमीन को गाइडलाईन के हिसाब से 10 से 15 लाख रूपये एकड़ का भुगतान कर बाकी पैसे को किसानो के साथ धोखाधड़ी कर हड़प ली जाती है।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री चौधरी के निर्णय का स्वागत

### भू माफियाओं पर नकेल

किसानो ने कहा कि क्षेत्र ऐसे सैकड़ो पीड़ित किसान है जिनकी जमीन का बाजार मूल्य के हिसाब से करोड़ो रूपये मे सौदा कर उनको गाईडलाईन के हिसाब से भुगतान कर बाकी पैसा नही दिया गया। किसान न्यायालय का चक्कर काट रहे है वहां भी उनको न्याय नही मिल रहा है, सारखी गांव का एक पीड़ित किसान परउराम साहू ने बताया कि 1 करोड़ 12 लाख रूपये की दर से 3 एकड़ 55 डिसमिल भूमि का सौदा हुआ था लेकिन खरीददार द्वारा शासकीय गाइडलाईन दर के हिसाब से रजिस्ट्री कार्यालय मे भुगतान करने के बाद बाकी पैसा आज तक नही मिला ,व्यापारी की उंची पहुंच के कारण तहसील कार्यालय व एसडीएम कार्यालय मे बार बार फैसले को बदल दिया जा रहा है इसी तरह क्षेत्र मे सैकड़ो किसान ठगी का शिकार हुये है। गाइडलाईन दर बढने से जमीन की वास्तविक मूल्य पंजीयन के दौरान ही मिल जायेगी इससे किसानो का भला होगा। गाइडलाईन कम होने के कारण भारतमाला प्रोजेक्ट मे भूमाफिया किसानो को अधिक पैसे दिलवाने का झांसा देकर पैसा हड़प लिया गया अगर यही गाइडलाईन दर मे पहले ही संशोधन हो गया होता तो सीधे किसानो को लाभ होता,नगर पालिका क्षेत्र उरला के किसान कमलेश गिलहरे,प्रेमु बंजारे ने कहा कि अभनपुर मे अधिकांश जमीन ढ़ाई से तीन करोड़ रूपया हेक्टेयर के मूल्य से ही बिक रही है उस अनुपात मे शासकीय गाइडलाईन दर मे वृद्धि नही की गई है वही अभनपुर की शासकीय गाइडलाईन दर को संशोधन कर वास्तविक बाजार मूल्य के आधार पर करने का वित्त मंत्री से मांग किया गया है।



## धरसींवा में सांसद खेल महोत्सव के समापन में खिलाड़ियों में दिखा जबरदस्त उत्साह

# खेल से युवकों में आत्मविश्वास और टीम भावना का होता है विकास : बृजमोहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कूंरा/धरसींवा

■ कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, दौड़, लम्बी कूद सहित कई खेल प्रतियोगिताएं हुईं

रायपुर लोकसभा क्षेत्र में खेल भावना को मजबूत करने और फिट इंडिया अभियान को ग्रामीण स्तर तक पहुंचाने के लिए आयोजित विकासखंड स्तरीय सांसद खेल महोत्सव 27 नवंबर को इंद्रप्रस्थ स्टेडियम धरसींवा में शानदार ढंग से संपन्न हुआ। पूरे दिन चले इस भव्य आयोजन में धरसींवा, रायपुर ग्रामीण और आसपास के क्षेत्रों से आए खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल स्पर्धाओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

महोत्सव की शुरुआत मुख्य अतिथि रायपुर लोकसभा सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ और सक्रिय रखते हैं, बल्कि युवा पीढ़ी में आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम भावना का निर्माण करते हैं। उन्होंने क्षेत्र में खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रयास जारी रखने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे धरसींवा विधायक श्री अनुज शर्मा ने कहा कि ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देने के लिए ऐसे आयोजनों का होना बेहद आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि स्थानीय स्तर पर खेल संस्कृति को मजबूत करने के लिए हर संभव सहयोग दिया जाएगा। विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रायपुर ग्रामीण विधायक श्री मोती लाल साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नवीन अग्रवाल, जनपद पंचायत धरसींवा की अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला दिलेंद्र सेन, पूजा अश्वनी वर्मा जनपद सदस्य,सांसद प्रतिनिधि अशोक सिंह,जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री संदीप यदु, जनपद उपाध्यक्ष श्री दिनेश खूंटे, सरपंच साहिल खान ,तथा अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की।





### जीत-हार से ज्यादा महत्वपूर्ण खेल भावना

महोत्सव में कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, दौड़, लम्बी कूद सहित कई खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। मैदान में युवाओं के साथ बच्चों और महिला खिलाड़ियों ने भी शानदार प्रदर्शन कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। खिलाड़ियों के प्रदर्शन के दौरान दर्शकों का उत्साह और तालियों की गड़गड़ाहट पूरे माहौल को ऊर्जा से भर देता था। प्रतियोगिताओं के बाद विजयी खिलाड़ियों को मंच पर मेडल, प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने सभी प्रतिभागियों की हौसला-अफजाई करते हुए कहा कि जीत-हार से ज्यादा महत्वपूर्ण खेल भावना है, और इसी भावना को महोत्सव ने नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। आयोजन समिति ने सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगियों, जनप्रतिनिधियों, खिलाड़ियों और दर्शकों का आभार जताया। समिति ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को और बड़े स्तर पर करने का प्रयास जारी रहेगा, ताकि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाएँ राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें। सांसद खेल महोत्सव के सफल समापन के साथ ही धरसींवा में खेलों के प्रति एक नई ऊर्जा और जागरूकता का वातावरण बना, जो आने वाले समय में स्थानीय युवाओं के खेल भविष्य को नई दिशा देगा।

# आरंग सोसायटी में 194 किसानों ने धान बेचा



हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

धान उपार्जन केंद्र आरंग में समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी का लक्ष्य 80 हजार क्विंटल है। धान खरीदी के दूसरे सप्ताह में ही आरंग सोसायटी में 9428 क्विंटल धान की खरीदी करते हुए कुल 2.23 करोड़ रुपये का उपार्जन दर्ज किया है। 194 किसानों को अब तक 1.72 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। कुल 1491 किसान सदस्य में 194 किसानों ने धान बेच चुके है। किसानों से साढ़े तीन करोड़ की ऋण वसूली में अब तक 50 लाख रुपये की ऋण वसूली हो चुकी है। प्रबंध समिति इसे सकारात्मक शुरुआत मान रहे हैं। धान खरीदी केंद्र के नोडल अधिकारी नारायण साकार एवं प्रभारी संतोष साहु ने जानकारी देते हुए कहा कि उपार्जन केंद्र में 17 प्रतिशत से कम नमी वाले धान को ही खरीदा जा रहा है। किसानों को नमी मानक का पालन करते हुए धान लेकर आने की सलाह दी जा रही है। उन्होंने बताया कि केंद्र में तौल, पंजीयन, भुगतान और ऋण समायोजन की सभी प्रक्रियाएं पारदर्शिता के साथ की जा रही हैं। किसानों की सुविधा के लिए पेयजल, बैठने की व्यवस्था और छाया जैसे मूलभूत इंतजाम सुनिश्चित किए गए हैं। किसानों ने बताया कि इस बार खरीदी व्यवस्था सुचारू होने से उन्हें राहत मिल रही है। तौल में समय की बचत और त्वरित भुगतान से उपार्जन केंद्र के प्रति भरोसा बढ़ा है। उन्होंने यह भी बताया कि धान खरीदी के 13 दिवस के बाद भी धान का उठाव नहीं हो रहा है। धान खरीदी में तेजी आने से दो तीन दिवस के बाद धान की बोरी रखने की समस्या उत्पन्न होगी। स्थान की कमी होने एक साथ अनेक समस्याओं का सभी को सामना करना पड़ेगा। किसानों में असंतोष तो होगा ही साथ ही धान खरीदी व्यवस्था भी प्रभावित होने की संभावना है।

# रबी फसल के लिए चना-गेहूं के प्रामाणिक बीज वितरित

चंदखुरी। विकासखंड आरंग की ग्राम पंचायत रानीसागर में गुरुवार को बीज ग्राम योजना के अंतर्गत रबी फसलों के लिए चना एवं गेहूं के प्रमाणित बीज का निःशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद सदस्य एवं सभापति (कृषि स्थायी समिति) जनपद पंचायत आरंग श्री लुकेश साहू एवं सरपंच ग्राम पंचायत रानीसागर श्री तानसिंह साहू के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री लुकेश साहू ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार किसानों की समृद्धि के लिए लगातार काम कर रही है। बीज ग्राम योजना से न सिर्फ अच्छी किस्म के बीज समय पर मिल रहे हैं, बल्कि उत्पादन और उत्पादकता में भी भारी बढ़ोतरी होगी। सरपंच श्री तानसिंह साहू ने सभी उपस्थित किसानों से अधिक से अधिक क्षेत्र में चना एवं गेहूं की बुवाई करने और जैविक खेती को बढ़ावा देने की अपील की।

बीज वितरण के दौरान ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्री आकाश शर्मा ने किसानों को चना और गेहूं की उन्नत किस्मों की बुवाई का सही समय, बीज उपचार और खाद-उर्वरक प्रबंधन की तकनीकी जानकारी दी। कृषि मित्र श्री यादराम साहू ने भी किसानों के प्रश्नों का मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के उपसरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, अन्य जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ों कृषक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। किसानों में बीज वितरण को लेकर खासी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम के अंत में सभी आभार व्यक्त करते हुए सफल वितरण के लिए कृषि विभाग एवं जनपद पंचायत का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



# रानीसागर-पसकोल मार्ग के लिए 5.32 करोड़ स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदखुरी

■ रानीसागर-पसकोल मार्ग के लिए 5 करोड़ 32 लाख स्वीकृत, उपमुख्यमंत्री अरुण साव को ग्रामवासियों ने किया धन्यवाद

लंबे समय से किसानों की प्रमुख मांग रही रानीसागर से परसकोल तक सड़क मार्ग निर्माण की स्वीकृति मिल गई है। माननीय उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव के प्रयास से इस महत्वपूर्ण मार्ग के लिए 5 करोड़ 32 लाख रुपये की राशि स्वीकृत हुई है। इसके लिए क्षेत्र के ग्रामवासियों ने उपमुख्यमंत्री का हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया।

जनपद पंचायत सभापति श्री लुकेश साहू के नेतृत्व में रानीसागर के ग्रामवासियों का एक दल उपमुख्यमंत्री से भेंट कर आभार व्यक्त किया। श्री साहू ने कहा कि यह सड़क किसानों के लिए जीवनरेखा साबित होगी। अब फसल लेकर बाजार आने-जाने में भारी सुविधा होगी और दुर्घटनाओं का खतरा भी कम होगा।

इस अवसर पर रानीसागर के सरपंच श्री तानसिंह साहू, तुलसी के सरपंच श्री गिरधर साहू, परसदा के सरपंच श्री विष्णु यादव, बलराम साहू, टिकलेश मार्कण्डेय, मोहन ढीढ़ी, राधे घृतलहरे, रिखीराम साहू, गरीबा जांगड़े, पन्ना पटेल, लकेश्वर साहू, विष्णु साहू, सूर्यकांत साहू, पुलस साहू, देवानंद साहू, ठाकुर राम साहू, दुर्गेश साहू, दिवाकर पटेल, उत्तम साहू, दिनेश साहू, गजेंद्र साहू, राजकुमार बघेल, कोमल डहरिया सहित सैकड़ों ग्रामवासी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। ग्रामवासियों ने बताया कि बारिश के दिनों में यह मार्ग कीचड़ से भर जाता था, जिससे स्कूली बच्चे, मरीज और किसान सबसे ज्यादा परेशान रहते थे। अब पक्की सड़क बनने से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने ग्रामवासियों को आश्वासन दिया कि क्षेत्र की हर छोटी-बड़ी मांग को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाएगा।



# समता साहित्य अकादमी द्वारा संविधान दिवस पर किया प्रबोधन सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर समता साहित्य अकादमी, छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा आयोजित सम्यक प्रबोधन सम्मेलन में प्रदेश के समाजसेवी रंगू लाल धीवर को उनकी उत्कृष्ट सामाजिक पहल के लिए "प्राउड ऑफ़ नेशन अवार्ड–2025" की मानद उपाधि से अलंकृत किया गया। ग्रामीण क्षेत्र में जनसेवा, कृषक हितों की रक्षा तथा मछली पालन को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय योगदान के लिए ग्राम कुरुद (मंदिर हसौद) के समाजसेवी रंगू लाल धीवर को यह सम्मान सौंपा गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने कहा कि ग्रामीण विकास की असली पहचान ऐसे ही कर्मशील और सजग नागरिकों से होती है, जो समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाते हैं। सम्मेलन में संविधान के मूल्यों समानता, न्याय, स्वतंत्रता और बंधुत्व पर सारगर्भित विमर्श हुआ। इसी क्रम में रंगू लाल धीवर के कार्यों को समाज परिवर्तन का प्रेरक उदाहरण बताते हुए मंच से यह संदेश दिया गया कि ज्ञान ही शक्ति है, और संघर्ष ही भक्ति है। समता साहित्य अकादमी ने कहा कि रंगू लाल धीवर का यह सम्मान पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है और युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा-स्रोत भी। समारोह का समापन संविधान दिवस के संकल्प गीत और समाज में समता-स्थापना के उद्बोधनों के साथ हुआ। बधाई देने वालों में पुरुषोत्तम धीवर, प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ कोषाध्यक्ष पवन धीवर, प्रदेश महासभा सहदेव राम धीवर, अध्यक्ष कोटनी परगना सुरेश धीवर, कोषाध्यक्ष सचिव विमल धीवर, उपाध्यक्ष मोतीराम धीवर, दुकलहा राम धीवर, संरक्षक बसंत धीवर, संतोष धीवर, उपाध्यक्ष तथा समाज के सभी पदाधिकारीगण शामिल रहे। सभी ने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## ठंड से राहत पहुंचाने भिलाई में हुआ कंबल वितरण

# समाज के कमजोर वर्गों तक सहायता पहुंचाना हमारा मूल उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

■ कंबल पाकर भावविभोर हुए बुजुर्ग

सामाजिक सरोकार के लिए समर्पित संस्था पीपला वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आरंग सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी जरूरतमंदों को ऊनीवस्त्र वितरण किया जा रहा है। इस मुहिम के तहत आरंग सहित आसपास के गांवो में भी वृद्धजनों, जरूरतमंद परिवारों, दिव्यांगजन व आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को चिन्हित कर ऊनी कपड़ों का वितरण किया जा रहा है। जिसके तहत आरंग सहित चरौदा भिलाई, कुंकरा में सैकड़ों जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को ग्राम भिलाई में जरूरतमंदों के घर पहुंचकर कंबल वितरण किया गया। सर्वप्रथम ग्राम की सबसे उम्रदराज महिला 94 वर्षीय रम्भा धीवर को सम्मान ऊनीवस्त्र भेंट किया गया। ठंड के मौसम की शुरुआत के साथ लोगों को सर्दी से बचाने की दिशा में यह पहल बहुत ही महत्वपूर्ण मानी जा रही है।



### अंतिम छोर के व्यक्ति की सेवा करना ही नर सेवा से नारायण सेवा

फाउंडेशन के सदस्यों ने बताया कि फाउंडेशन के पदाधिकारीगण जरुरतमंद लोगों के घर -घर पहुंचकर सम्मानपूर्वक कंबल प्रदान कर रहे हैं। क्योंकि बुजुर्ग व दिव्यांगजन कहीं आने जाने में सक्षम नहीं है। ऐसे में उनके घर पहुंचकर ससम्मान ऊनीवस्त्र भेंट करने से बुजुर्गगण भावविभोर होकर आशीर्वाद दे रहे हैं। वहीं सेवाभावी लोग अपने जन्मदिन, विवाह शाल गिरह इत्यादि अवसरों पर भी वस्त्रदान अभियान में स्वप्रेरित होकर सहयोग कर रहे हैं। ऊनीवस्त्र वितरण में प्रमुख रूप से भिलाई से समाजसेवी पारसनाथ साहू, गिरधारी साहू, लोकेश साहू, पुकलाल साहू, कुकरा से ईश्वरी साहू, आरंग से दूजेराम धीवर, महेन्द्र कुमार पटेल, संजय मेश्राम, कोमल लाखोटी शामिल हुए। वही फाउंडेशन के सदस्यों का कहना है समाज के कमजोर वर्गों तक सहायता पहुँचाना ही अभियान का मूल उद्देश्य है। अंतिम छोर के व्यक्ति की सेवा करना ही नर सेवा से नारायण सेवा है। आगे भी चरणबद्ध रूप से आसपास के क्षेत्रों तक वस्त्रदान की सेवा पहुंचाने की योजना है, जिससे कि जरूरतमंद लोगों को ठंड से राहत पहुंचाया जा सके।

## पेज 13 के शेष

### सोनडोंगरी मुक्तिधाम...

कारण नशेड़ियों का अक्सर जमावड़ा देखा जा सकता है। जोन 8 कमिश्नरी में सोनडोंगरी मुक्तिधाम की दशा सुधारने फाइल भेजी गई, जिसे मंजूरी नहीं मिल पाई है। पार्षद भगतराम हरवंश का कहना है, बारिश के समय भीगते हुए बड़ी मुश्किल से शव का अंतिम संस्कार किया जाता है। यहां भारी गंदगी जमा है, जिसकी सफाई नहीं कराई गई है।

### रामनगर का मुक्तिधाम ...

कांग्रेस शासन काल में गोबर खरीदी केंद्र खोल दिया। शहर में अधिकतर जगह यह सेंटर बंद है, पर जनता की शिकायत के बाद भी निगम ने अपना कब्जा नहीं हटाया। वार्ड पार्षद और एमआईसी सदस्य ने पूर्व की परिषद के समय सदन में यह मामला जोर-शोर से उठाया। इसके बाद भी मुक्तिधाम में 2 वार्ड के हिसाब से जगह छोटी पड़ रही है।

### राजधानी में 38 हजार...

रहा है, जबकि ऐसा नहीं है। आम जनता और जन प्रतिनिधियों के भारी विरोध और खाली भूखंड के टैक्स की गणना में खामियों के कारण निगम प्रशासन ने अपने सिस्टम से चक्रवृद्धि ब्याज को हटाकर, मूलधन में सामान्य दर पर ब्याज की व्यवस्था पहले की तरह बना दी है। दरअसल, कांग्रेस शासनकाल में पिछली बार की सामान्य सभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने आम जनता से शहरभर में ओपन प्लॉट से मनमाने टैक्स डिमांड को लेकर हंगामा किया। प्रभावितों की यह शिकायत भी रही कि निगम के सभी दस जोन में ओपन प्लॉट पर बकाया टैक्स की मूलधन की राशि के साथ सामान्य दर लेने की जगह अनाप-शनाप दर पर चक्रवृद्धि ब्याज जोड़कर डिमांड नोट भेजा गया, जो गरीब व मध्य वर्ग की जनता के हित पर कुठाराघात है। यही वजह है ज्यादातर लोगों ने अपने ओपन प्लॉट पर लगने वाले टैक्स पटाने में दूरी रखी।

### सुधार दिया है सिस्टम, ...

सभा से मंजूरी मिली। इसमें यह तय हुआ कि ऐसे खाली भूखंड जिनका डायवर्सन नहीं हुआ है, उस पर वर्ष 2011 से टैक्स लिया जाएगा। वहीं जिन खाली भूखंड धारियों ने अपने भूखंड का डायवर्सन करा लिया है, उनसे डायवर्सन की तारीख से टैक्स लिया जाएगा। खाली भूखंडों से नगर निगम नियम अनुसारटैक्स वसूलता है दिक्कत ये है कि ज्यादातर भूखंड धारियों को ये जानकारी नहीं है, खाली प्लॉट पर भी उन्हें टैक्स देना है। निगम के राजस्व विभाग ने इस संबंध में लोगों को जागरूक नहीं किया।

### शीत लहर संग ठंड की...

पुनः वृद्धि हो गई थी। इस कारण ठंड नवंबर के पहले पखवाड़े की तुलना में कम हो गई थी। माहांत तक इसमें पुनः वृद्धि हो जाएगी। ठंड में उबला अंडा, पहली बार दाम चिल्हर में आठ रुपए।

**खबर संक्षेप**

### गाइडलाइन दर में भारी बढ़ोतरी के विरोध में हवन-पूजन कल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में जमीन की गाइडलाइन दरों में की गई भारी-भरकम बढ़ोतरी के खिलाफ सत्यमेव जयते फाउंडेशन द्वारा प्रदेश सरकार को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना करते हुए हनुमानजी के मंदिर में यज्ञ किया जाएगा। हवन के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. विष्णु देव साय को गाइडलाइन में की गई बढ़ोतरी वापस लेने की मांग संबंधी ज्ञापन दिया जाएगा। सत्यमेव जयते फाउंडेशन के प्रदेश संयोजक कन्हैया अग्रवाल ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश की आम जनता, मध्यम वर्ग, छोटे व्यवसायियों और गृह निर्माण की इच्छा रखने वाले परिवारों पर इस बढ़ोतरी का सीधा प्रभाव पड़ रहा है, जिसके विरोध में फाउंडेशन चरणबद्ध आंदोलन कर रहा है। इसी क्रम में 29 नवंबर शनिवार को प्रातः 11 बजे महिला समृद्धि बाजार, बुढ़ेश्वर मंदिर के सामने, पुरानी बस्ती स्थित हनुमान मंदिर में प्रदेश की भाजपा सरकार को सद्बुद्धि प्रदान करने तथा बढ़ी हुई गाइडलाइन दरों को वापस लेने की प्रार्थना करने हवन-पूजनकिया जाएगा।

### कट्टा लटकाकर घूम रहा युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने एक युवक को देशी कट्टा तथा दो नग जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। कट्टा तथा कारतूस के साथ पुलिस ने मूलतः मध्यप्रदेश बलिया निवासी मोहित शाह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मोहित को रिलायंस पेट्रोल पंप के पास से धर-दबोचा। मोहित कट्टा अपनी पेंट की बेल्ट में फंसाकर लोगों को डराने के लिए घूम रहा था।

### 74 प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूर्ण

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के लिए मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य का संचालन 4 नवम्बर से जारी है। 27 नवंबर तक प्रदेश में 1 करोड़ 57 लाख से अधिक गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

**निधन**

### चंद्रकुमारी देवांगन



**रायपुर।** लाखेनगर देवांगन गली निवासी चंद्रकुमारी देवांगन का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे कार्तिक देवांगन की पत्नी एवं संतोष, सतीश, रंजीत देवांगन की माता थीं।

### सरबजीत सिंह विरदी



**रायपुर।** फाफाडीह नाका निवासी सरदार सरबजीत सिंह विरदी (82) का 27 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 28 नवंबर को दोपहर 2.30 बजे पारस नगर मुक्तिधाम देवेंद्र नगर में किया जाएगा। वे कामिनी अरोरा के पिता, दर्शन सिंह विरदी के छोटे भाई, तेजपाल सिंह हंसपाल और हरजीत सिंह हंसपाल के मामा थे।

# डीजी कांफ्रेंस के चलते स्काई वॉक निर्माण के लिए मार्ग वन-वे करना स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्काई वॉक निर्माण में तेजी लाने जयस्तंभ, शास्त्री चौक से लेकर आंबेडकर अस्पताल मार्ग का गुरुवार से वन वे किया जाना था, लेकिन डीजी कांन्फ्रेंस में प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री सहित अन्य वीआईपी शामिल होने रायपुर पहुंच रहे हैं, इस बात को ध्यान में रखते हुए मार्ग निर्माण कार्य के लिए मार्ग वन वे करने का निर्णय स्थगित कर दिया गया है।

हालांकि इस संबंध में अफसर कुछ भी अधिकृत तौर पर बोलने से बच रहे हैं। अफसरों का कहना है कि पीडब्लूडी ने अब तक उनसे मार्ग वन वे करने अनुमति नहीं मांगी है। जयस्तंभ चौक से लेकर आंबेडकर अस्पताल जाने वाले मार्ग की गिनती शहर के सबसे व्यस्त मार्ग के रूप में होती है। इसके कारण स्काई वॉक के निर्माण में विलंब हो रहा है। कार्य में तेजी लाने जय स्तंभ से लेकर शास्त्री चौक तथा शास्त्री चौक से लेकर आंबेडकर अस्पताल तक दो पार्ट में 15-15 दिनों के लिए मार्ग को वनवे करने कलेक्टर ने पिछले दिनों आदेश जारी किया था।

### इस कारण से स्थगित

प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री के साथ देश के अलग-अलग राज्यों के पुलिस महानिदेशक सहित केंद्रीय सुरक्षा बलों के साथ खुफिया, गृह विभाग के पांच सौ से ज्यादा अफसर शुक्रवार को रायपुर पहुंचने वाले हैं। ऐसे में ट्रैफिक मैनेजमेंट करने ट्रैफिक पुलिस की तैनाती नवा रायपुर में की गई है। साथ ही ट्रैफिक मैनेजमेंट करने पड़ोसी जिले के ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के साथ अफसरों को बुलाया गया है। इस स्थिति में व्यस्त मार्ग को वन वे करने में व्यवस्था बिगड़ सकती है। इस कारण भी स्काई वॉक निर्माण के लिए मार्ग वन वे करने का निर्णय स्थगित किया गया है।

**डीजी कान्फ्रेंस के बाद जयस्तंभ, शास्त्री चौक से लेकर आंबेडकर अस्पताल मार्ग को वन वे किया जाएगा**



### गार्डर लगाने के समय वन वे किया जाएगा

विभागीय अफसरों से संपर्क करने पर उन लोगों ने बताया कि स्काई वॉक के निर्माण में फिलहाल ट्रैफिक से कोई परेशानी नहीं है। अफसरों के अनुसार स्काई वॉक में चलने के लिए गर्डर लगाने के समय ट्रैफिक की वजह से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। गर्डर अलग-अलग पार्ट में लगाए जाएंगे। तब गर्डर लगाते समय किसी तरह से परेशानी न हो, इस वजह से मार्ग को वन वे करना पड़ेगा।

## खनिज विभाग के प्रस्ताव में एक भी अवैध खदान का नाम शामिल नहीं

# अवैध खदानों की जगह 6 नए स्थानों को खदान घोषित कर खोल दिए टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

रायपुर जिले की 6 नई रेत खदानों के लिए गुरुवार को टेंडर खोलने की प्रक्रिया शुरू हुई है। इन नवीन खदानों में गोबरा नवापारा क्षेत्र के ग्राम टीला-बी, चांपाझर-ए, चांपाझर-बी, हरदीडीह-बी, कुरुद-सी तथा राटाकाट-बी शामिल है। इन सभी खदानों को प्रशासन ने खनिज विभाग के प्रस्ताव के आधार पर चालू वर्ष में नवीन खदान घोषित किया है, जबकि जिले में ऐसी कई खदान हैं, जहां अवैध रूप से लगातार रेत का उत्खनन किया जा रहा है। खनिज विभाग ने अवैध रूप से संचालित खदानों में से एक का नाम भी प्रस्ताव में शामिल नहीं किया है। इसके कारण अवैध खदानों को वैध रूप से ठेके पर देने के लिए टेंडर भी निकाला नहीं जा सका है।

जिले में 6 नई रेत खदानों के लिए गुरुवार को जिला पंचायत रायपुर के सभागार में प्रशासन एवं विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में टेंडर खोलने की प्रकिया शुरू की गई। इस बार रिवर्स ऑक्शन के माध्यम से खदानों की ई-नीलामी की जा रही है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए थे। इन सभी खदानों के लिए आए आवेदनों की बारी-बारी से जांच की गई। इस जांच में दस्तावेजों के साथ सबसे कम बोली लगाने वाले आवेदनों को ही नीलामी में शामिल किया। विभाग ने इस बार सीलिंग प्राइज उच्चतम 202 रुपए निर्धारित किया है, लेकिन विभागीय सूत्र के अनुसार ज्यादातर आवेदकों ने पूर्व वर्ष की तरह इस बार भी सीलिंग प्राइज की बोली 50 से 55 रुपए तक लगाई है।



### 11 घंटे तक दस्तावेजों की जांच एवं छंटनी का चला काम

*इन सभी खदानों के लिए आए आवेदनों के दस्तावेज एवं बोली की जांच का कार्य 11 घंटे तक चला। टेंडर खोलने के लिए सुबह 10 बजे से प्रक्रिया शुरू की गई थी, लेकिन दस्तावेजों एवं बोली की जांच करते विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को रात के 9 बजे गए। इस जांच के बाद सभी खदानों के लिए आए आवेदनों में कई आवेदन विभिन्न कारण से रिजेक्ट किए गए, वहीं कई आवेदनों में एक समान बोली लगाई गई थी। इस कारण इन खदानों के लिए ऑनलाइन ड्रा पद्धति से लाटरी निकाली गई। हालांकि यह प्रक्रिया देर रात तक चलने के कारण टेंडर की विस्तृत जानकारी नहीं मिल पाई है।*

### अवैध खदानों में फिर होगा अवैध उत्खनन

इधर जिले में अभनपुर क्षेत्र के ग्राम पारागांव, सेमरा, तर्रीघाट, आरंग क्षेत्र के गौरभाट, कुम्हारी, गुदगुदा, बैनी, लखना सहित एक दर्जन से अधिक खदानें शामिल है, जहां अवैध रूप से रेत का उत्खनन किया जाता रहा है। इनमें से कई खदानों में खनिज और राजस्व विभाग की टीम कार्रवाई भी कर चुकी है। इसके बाद भी इन खदानों को नवीन खदान के रूप में घोषित नहीं किया है।

### जांच प्रतिवेदन में गोलमाल

खनिज विभाग ने इन 6 नई खदानों की नीलामी से पहले गोबरानवारा क्षेत्र के ग्राम टीला-ए खदान के लिए टेंडर निकाला था। इस खदान की नीलामी भी रिवर्स ऑक्शन के माध्यम से की गई। अन्य 6 खदानों की तरह टीला-ए खदान को नवीन खदान घोषित करने प्रस्ताव विभाग ने बनाया था, जिसे प्रशासन ने स्वीकृति दी थी। इस खदान को नवीन खदान घोषित करने के लिए चिहांकित एवं सीमांकित करने के बाद खनिज निरीक्षक, राजस्व अधिकारी एवं पटवारी से जांच प्रतिवेदन बनवाया गया था। इस प्रतिवेदन में पटवारी की जांच रिपोर्ट में 500 मीटर के भीतर पुल का निर्माण कार्य होना पाया था, वहीं खनिज निरीक्षक एवं राजस्व अधिकारी ने पुल निर्माण का उल्लेख ही नहीं किया था। इस गोलमाल के बाद भी इस खदान की नीलामी कर दी गई।

# आज शाम 5 बजे शुरू होगी वनडे मैच के दूसरे चरण की टिकट बुकिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच 3 दिसंबर को शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले वनडे मुकाबले के लिए दूसरे चरण की ऑनलाइन टिकट बुकिंग शुक्रवार शाम 5 बजे से शुरू होगी। इस चरण में 20 हजार से अधिक टिकट उपलब्ध होंगे, जिन्हें दर्शक www.ticketgenie.in से बुक कर सकते हैं। बता दें कि पहले चरण में 18 हजार टिकट मात्र 15 मिनट में ही बिक गए थे। बड़ी संख्या में लोग टिकट नहीं खरीद सके थे, ऐसे लोगों के लिए यह दूसरा मौका होगा। पहले चरण में जिन लोगों ने टिकट बुक किए थे, उन्होंने इंडोर स्टेडियम पहुंचकर फिजिकल टिकट प्राप्त कर लिए हैं। अब दूसरे चरण के खरीदारों को ही वहां से टिकट लेना होगा। दो चरणों में बुकिंग की व्यवस्था के कारण इस बार टिकट वितरण की प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित हो रही है और भीड़ भी कम देखने को मिल रही है। दूसरे चरण में भी 1500, 2500, 3500 व 8000 हजार के अलावा 10 व 20 हजार के भी टिकट खरीद सकेंगे। क्रिकेट संघ के मुताबिक यह बुकिंग का अंतिम चरण है। इसके बाद बुकिंग पूरी तरह बंद हो जाएगी। स्टूडेंट्स की सभी 800 वाले 2000 टिकट जारी किए जा चुके हैं।

### हैंडपंप तकनीशियन के मॉडल उत्तर जारी

**रायपुर।** व्यापम द्वारा हैंडपंप तकनीशियन भर्ती परीक्षा के मॉडल आंसर जारी कर दिए गए हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत रिक्त पदों के लिए यह भर्ती परीक्षा 23 नवंबर को आयोजित की गई थी। अभ्यर्थी 2 दिसंबर तक दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। मॉडल उत्तर सहित विस्तृत जानकारी व्यापम के आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

# महापौर ने एसआईआर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का किया निरीक्षण



- सुंदरनगर, डीडीनगर, रायपुरा और सरोना पहुंचीं महापौर
- बीएलओ से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

निर्वाचन आयोग के आदेश पर रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों में चल रहे एसआईआर मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण की धरातल पर स्थिति जानने महापौर मीनल चौबे ने निरीक्षण किया। उन्होंने सुंदरनगर, डीडीनगर, रायपुरा और सरोना जैसे स्थानों पर जाकर बीएलओ से चर्चा की। यही नहीं, ड्यूटी पर लगाए गए जोन कार्यालय में मतदाताओं से प्राप्त गणना पत्रकों की कंप्यूटर पर डॉटा एंट्री करवा रहे बीएलओ को निर्धारित समय सीमा में त्रुटि रहित कार्य करने हिदायत दी।

महापौर मीनल चौबे ने नगर निगम क्षेत्र के रहवासी मतदाताओं से जागरूकता का परिचय देकर गणना पत्रक को तत्काल भरकर संबंधित बीएलओ को देकर सहभागिता दर्ज करवाने की अपील की है। उन्होंने बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना पत्रक वितरण के अभियान की सारगर्भित जानकारी देने कहा है। विदित हो कि इससे पहले महापौर ने रायपुरा, चंगोराभाठा, भाठागांव, गुढ़ियारी में एसआईआर की तैयारी की जमीनी हकीकत जानने संबंधित क्षेत्रों का निरीक्षण किया था।

# फरार फर्जी एलआईसी एजेंट साथी सहित गिरफ्तार

- बीमा करने के नाम पर लोगों से 50 लाख रुपए से ज्यादा की ठगी
- एलआईसी एजेंट मां के नाम पर लोगों से वसूलता था पैसा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सिविल लाइंस थाने की पुलिस ने 50 लाख रुपए से ज्यादा की ठगी करने वाले एक साल से फरार एलआईसी के फर्जी एजेंट तथा उसके साथी को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि फर्जी एलआईसी एजेंट अपने एलआईसी एजेंट मां की आईडी से लोगों से एलआईसी की रकम लेने जाता था। बदले में नकली पावती रसीद देकर रुपए गबन कर लेता था।

निजी अस्पताल के सॉफ्टवेयर इंजीनियर जतिन चौधरी तथा अन्य की शिकायत पर पुलिस ने बलवीर सिंह सैंस तथा आरंग में च्वाइस सेंटर के संचालक देवेंद्र सेन को गिरफ्तार किया है। बलवीर को पुलिस गोवा से गिरफ्तार कर रायपुर लाई है। जतिन ने पुलिस को बताया है कि बलवीर न्यू शांतिनगर में उसका पड़ोसी है। बलवीर की मां एलआईसी एजेंट है। जतिन ने बलवीर की मां के पास अपने परिवार के नाम से 13 पॉलिसी ली थी। पॉलिसी की रकम लेने बलवीर जतिन के यहां जाता था।

### ऐसे हुआ खुलासा

*पिछले वर्ष आयकर रिटर्न दाखिल करने जतिन की पॉलिसी की रसीद लेने बलवीर द्वारा दिए गए रसीद लेकर एलआईसी कार्यालय पहुंचा। एलआईसी कार्यालय ने पावती रसीद की जांच की, तो वह फर्जी होना पाया गया। इसके बाद जतिन ने बलवीर तथा उसकी मां के नाम सिविस लाइंस थाने में ठगी की शिकायत दर्ज कराई। बलवीर ने आरंग में च्वाइस सेंटर संचालक से नकली पावती रसीद बनवाई थी, इसलिए पुलिस ने देवेंद्र को ठगी के आरोप में गिरफ्तार किया है।*

# पंजीयन की गलत श्रेणी में बनी 360 रहवासी सोसाइटियों को नोटिस

- रायपुर की आनंद विहार रेसिडेंट्स सोसाइटी का पंजीयन रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रियल एस्टेट प्रोजेक्टों की रहवासी सोसाइटियों द्वारा गलत अधिनियम के तहत पंजीयन कराने और उसके विपरीत जाकर कॉलोनी का रख-रखाव व शुल्क वसूली करने के मामलों पर राज्य सरकार ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

इसके तहत रजिस्ट्रार, फर्म्स एवं संस्थाएं छत्तीसगढ़ ने रायपुर की आनंद विहार रेसिडेंट्स विकास सोसाइटी का पंजीयन रद्द कर दिया है, वहीं ऐसी ही गलत श्रेणी में पंजीकृत 360 रहवासी सोसाइटियों को नोटिस भी जारी किया है। यह कार्रवाई इसलिए की गई है कि ये सोसाइटियां उस अधिनियम में पंजीकृत हैं, जिसमें कॉलोनियों के दैनिक रख-रखाव शुल्क लेने का प्रावधान ही नहीं है, जबकि वे नियमित रूप से ऐसे कार्य कर रही थीं। रहवासी सोसाइटियों को छत्तीसगढ़ कोऑपरेटिव 1960 एक्ट के तहत पंजीयन कराना जरूरी है।

### 3 माह के भीतर एसोसिएशन-सहकारी सोसायटी बनाना अनिवार्य

भू-संपदा (विनियमन एवं विकास) अधिनियम 2016 के अनुसार किसी भी रियल एस्टेट प्रोजेक्ट में 50 प्रतिशत से अधिक आवंटितियों द्वारा घर या प्लॉट बुक कराने के तीन माह के भीतर आबंटितियों की एसोसिएशन या सहकारी सोसाइटी बनाना अनिवार्य है। इन सोसाइटियां की कॉलोनी के रख-रखाव और प्रबंधन की जिम्मेदार होती है।

- रहवासी सोसाइटियों को कोऑपरेटिव एक्ट 1960 के तहत पंजीयन अनिवार्य




***15 दिनों के भीतर पोर्टल पर संशोधन प्रस्ताव भेजने के निर्देश :*** *रजिस्ट्रार फर्म एवं संस्थाएं छत्तीसगढ़ पद्मिनी भोई साहू ने राज्य की ऐसी कुल 360 सोसाइटियों को निर्देशित किया है कि यदि उनके उद्देश्य अधिनियम की धारा-2 के विपरीत हैं, तो वे 15 दिनों के भीतर ऑनलाइन पोर्टल पर संशोधन प्रस्ताव प्रस्तुत करें। निर्धारित समय में सुधार नहीं करने या शिकायत मिलने पर पंजीयन रद्द किए जाने की कार्रवाई की जाएगी।*

### मेंटनेंस से जुड़े कई प्रावधान नहीं, इसलिए सहकारी अधिनियम अनिवार्य

रजिस्ट्रार कार्यालय के अनुसार छत्तीसगढ़ सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1973 यथा संशोधित 1998 के तहत ऐसी सोसाइटियों का पंजीयन सोसाइटी अधिनियम की धारा-2 में वर्णित प्रयोजन के अनुसार केवल सामाजिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक उद्देश्य वाली संस्थाओं के लिए है। इसमें दैनिक रख-रखाव या मेंटेनेंस से जुड़े प्रावधान नहीं हैं, इसलिए रियल एस्टेट प्रोजेक्टों की रहवासी सोसाइटियों का पंजीयन छत्तीसगढ़ सहकारी अधिनियम, 1960 के तहत ही किया जाना चाहिए। इन्हीं नियमों के उल्लंघन पर आनंद विहार रेसिडेंट्स विकास सोसायटी द्वारा रख-रखाव कार्य करने और शुल्क वसूली को उसके पंजीकृत उद्देश्यों के विरुद्ध पाया गया। शिकायत और सुनवाई के बाद अधिनियम की धारा-34 के अंतर्गत उसका पंजीयन निरस्त कर दिया गया।

**बिजनेस साइट**

# नेक्सा रायपुर में 50 इग्निस कारों की सामूहिक डिलीवरी




**रायपुर।** नेक्सा रायपुर में आज मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड द्वारा आयोजित भव्य मास डिलीवरी इवेंट में 50 परिवारों को इग्निस कारें सौंपी गईं। कार्यक्रम में कंपनी के सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर पार्थो बनर्जी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि यह आयोजन ग्राहकों के गहरे विश्वास और ब्रांड के प्रति बढ़ती निष्ठा का प्रतीक है। मारुति सुजुकी छत्तीसगढ़ में 46% बाजार हिस्सेदारी के साथ मजबूत उपस्थिति बनाए हुए है, वहीं रायपुर में इस वर्ष इग्निस की बिक्री में 89% की वृद्धि दर्ज की गई है। श्री बनर्जी के अनुसार, इग्निस की लोकप्रियता का कारण इसका बोल्ड डिजाइन, शहरी अपील और दमदार प्रदर्शन है। उन्होंने बताया कि जीएसटी 2.0 और कंपनी के अतिरिक्त लाभों से चुनिंदा मॉडलों की कीमतों में काफी कमी आई है, जिससे कार खरीदना पहले से कहीं अधिक अनुकूल हो गया है। कार्यक्रम में ग्रैंड विटारा और इन्विक्टो सहित नेक्सा पोर्टफोलियो की नई पेशकशों को भी प्रदर्शित किया गया।

**पेज 13 के शेष ...**

### सोनडोंगरी मुक्तिधाम...

कारण नशेड़ियों का अक्सर जमावड़ा देखा जा सकता है। जोन 8 कमिश्नरी में सोनडोंगरी मुक्तिधाम की दशा सुधारने फाइल भेजी गई, जिसे मंजूरी नहीं मिल पाई है। पार्षद भगतराम हरवंश का कहना है, बारिश के समय भीगते हुए बड़ी मुश्किल से शव का अंतिम संस्कार किया जाता है। यहां भारी गंदगी जमा है, जिसकी सफाई नहीं कराई गई है।

### रामनगर का मुक्तिधाम 2 वार्ड...

कांग्रेस शासन काल में गोबर खरीदी केंद्र खोल दिया। शहर में अधिकतर जगह यह सेंटर बंद है, पर जनता की शिकायत के बाद भी निगम ने अपना कब्जा नहीं हटाया। वार्ड पार्षद और एमआईसी सदस्य ने पूर्व की परिषद के समय सदन में यह मामला जोर-शोर से उठाया। इसके बाद भी मुक्तिधाम में 2 वार्ड के हिसाब से जगह छोटी पड़ रही है।

### राजधानी में 38 हजार...

रहा है, जबकि ऐसा नहीं है। आम जनता और जन प्रतिनिधियों के भारी विरोध और खाली भूखंड के टैक्स की गणना में खामियों के कारण निगम प्रशासन ने अपने सिस्टम से चक्रवृद्धि ब्याज को हटाकर, मूलधन में सामान्य दर पर ब्याज की व्यवस्था पहले की तरह बना दी है। दरअसल, कांग्रेस शासनकाल में पिछली बार की सामान्य सभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने आम जनता से शहरभर में ओपन प्लॉट से मनमाने टैक्स डिमांड को लेकर हंगामा किया। प्रभावितों की यह शिकायत भी रही कि निगम के सभी दस जोन में ओपन प्लॉट पर बकाया टैक्स की मूलधन की राशि के साथ सामान्य दर लेने की जगह अनाप-शनाप दर पर चक्रवृद्धि ब्याज जोड़कर डिमांड नोट भेजा गया, जो गरीब व मध्य वर्ग की जनता के हित पर कुठाराघात है। यही वजह है ज्यादातर लोगों ने अपने ओपन प्लॉट पर लगने वाले टैक्स पटाने में दूरी रखी।

### सुधार दिया है सिस्टम, सामान्य ...

सभा से मंजूरी मिली। इसमें यह तय हुआ कि ऐसे खाली भूखंड जिनका डायवर्सन नहीं हुआ है, उस पर वर्ष 2011 से टैक्स लिया जाएगा। वहीं जिन खाली भूखंड धारियों ने अपने भूखंड का डायवर्सन करा लिया है, उनसे डायवर्सन की तारीख से टैक्स लिया जाएगा। खाली भूखंडों से नगर निगम नियम अनुसारटैक्स वसूलता है दिक्कत ये है कि ज्यादातर भूखंड धारियों को ये जानकारी नहीं है, खाली प्लॉट पर भी उन्हें टैक्स देना है। निगम के राजस्व विभाग ने इस संबंध में लोगों को जागरूक नहीं किया।

### शीतलहर संग ठंड की...

पुनः वृद्धि हो गई थी। इस कारण ठंड नवंबर के पहले पखवाड़े की तुलना में कम हो गई थी। माहांत तक इसमें पुनः वृद्धि हो जाएगी।

# भारतीय बौद्ध महासभा ने मनाया 76वां संविधान दिवस, महापौर हुईं शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भारतीय बौद्ध महासभा जिला रायपुर के तत्वावधान में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर चौक पर संविधान दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। महासचिव विजय गजघाटे ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि कार्यक्रम के आरंभ में महासभा के जिलाध्यक्ष प्रकाश रामटेके ने संविधान निर्माता डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और बुद्ध वंदना करने के पश्चात भारत का संविधान उद्देशिका पढ़ी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर मीनल चौबे, मुख्य वक्ता अधिवक्ता सिविल कोर्ट बैहर जिला बालाघाट हेमलाल धुर्वे रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा भोजराज गौरखेड़े ने की। अतिथि सीडी खोबरागड़े, अलका ताईं बोरकर, जीतु सीएन बौद्ध, बेनीराम गायकवाड़, नीलकंठ सिंगाड़े सभी वक्ताओं ने भारत का संविधान पर अपने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में बहुत सुंदर गीतों की प्रस्तुति सुरेंद्र कोल्हेकर, विनोद मेश्राम, मिलिंद माटे, मोतीमाला कोल्हेकर, रुक्मिणी रामटेके द्वारा दी गई। इस अवसर पर उपस्थित बिम्बिसार, मधुकर जाम्बूलकर, नरेंद्र बोरकर, जीएस मेश्राम, एडवोकेट बावनगड़े, मदनलाल मेश्राम, नलिनी गजभिए, पुष्पा सतदेवे, पूर्व पार्षद रेखा रामटेके, माया पाटिल, पुष्पा वैद्य समेत समाज के बुद्धिजीवी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन जिला अध्यक्ष प्रकाश रामटेके ने किया।

## खबर संक्षेप

### निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण

रायपुर। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत रायपुर जिले में 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से लाईवलीहुड कॉलेज जोरा में अल्प अवधि 3 से 4 माह के निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इन कोर्सेस में सोलर पम्प टेक्निशियन, असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन, योगा इंस्ट्रक्टर इत्यादि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को प्रमुख कौशलों के साथ-साथ कम्प्यूटर स्किल, कम्युनिकेशन स्किल एवं व्यक्तित्व विकास का प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाता है, जिससे उन्हें बेहतर रोजगार अवसर प्राप्त हो सकें। इन कोर्सेस हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता क्रमशः 8वीं एवं 10वीं उत्तीर्ण निर्धारित की गई है।

### अभिषेक को पीएचडी

रायपुर। डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय कोटा बिलासपुर ने शोधार्थी अभिषेक कुमार साहू को



पीएचडी डिग्री के लिए पात्र घोषित किया है। विश्वविद्यालय ने परीक्षकों की रिपोर्ट और वाइवा-वोक परीक्षा के आधार पर उनके शोध प्रबंध को स्वीकृति प्रदान की है। अभिषेक कुमार साहू ने इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विषय में शोध कार्य पूरा किया है। उनके शोध का शीर्षक है- "आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित स्मार्ट मैक्सिमम पावर प्वॉइंट ट्रैकिंग विद इंटेलिजेंट हार्मोनिक मिटिगेशन सिस्टम इन सोलर पावर प्लांट"। इस शोध में सौर ऊर्जा संयंत्रों में अधिकतम ऊर्जा प्राप्ति और हार्मोनिक कम करने के लिए एआई आधारित उन्नत तकनीकों पर काम किया गया है। यह शोध डॉ. दुर्गा शर्मा तथा डॉ. अनूप मिश्रा के मार्गदर्शन में पूरा हुआ।

### गाड़ा महासभा ने मनाया संविधान दिवस



रायपुर। संविधान दिवस के अवसर पर केंद्रीय गांड़ा महासभा, महिला विभाग द्वारा सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां सैकड़ों महिलाओं ने संविधान की शपथ लेते हुए समाज को आगे बढ़ाने का सामूहिक संकल्प लिया। इस मौके पर महासभा महिला विभाग की अध्यक्ष सीमा क्षत्रिया ने कहा, आदर्श समाज की स्थापना के लिए महिलाओं की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है। आज हम सभी ने यह संकल्प लिया है कि हम समाज के उत्थान के लिए एकजुट होकर कार्य करेंगी। मुख्य अतिथि रायपुर संभाग के कमिश्नर महादेव कावरे ने कहा, आज का दिन ऐतिहासिक है। बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर द्वारा रचित संविधान ने महिलाओं को सम्मान, सुरक्षा और सफलता का मार्ग प्रशस्त किया है। गांड़ा समाज की महिलाओं का संगठित होना और सामाजिक भागीदारी निभाना स्वागतयोग्य है। सामाजिक न्याय कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा, गांड़ा समाज की महिलाएं मेहनतकश और संघर्षशील हैं।

# स्वदेशी संकल्प यात्रा का राजनांदगांव में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन ने फ्लैग-ऑफ कर किया शुभारंभ

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कैट और स्वदेशी जागरण मंच द्वारा निकाली जा रही स्वदेशी संकल्प यात्रा का गुरुवार को राजनांदगांव में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमनसिंह ने झंडी दिखाकर शुभारंभ किया।

सैकड़ों व्यापारिक संगठनों की उपस्थिति में यह यात्रा शुरू हुई जो 21 दिसम्बर तक प्रदेशभर में भ्रमण कर जन-जागरण का संदेश देगी। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी तथा स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक जगदीश पटेल ने बताया, इस यात्रा को लेकर पूरे प्रदेश में उत्साह का माहौल है और प्रत्येक जिला इकाई में इसका अभूतपूर्व एवं भव्य स्वागत आयोजित किया जाएगा। अमर पारवानी ने कहा कि यह यात्रा प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के स्वदेशी के पुनर्जागरण के आह्वान को छत्तीसगढ़ के प्रत्येक शहर, कस्बे और बाजार तक पहुंचाने का माध्यम है। यात्रा के दौरान प्रदेश के प्रमुख नगरों में स्वदेशी बेचो, स्वदेशी खरीदो अभियान और आत्मनिर्भर भारत पर सेमिनार आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही स्वदेशी उद्यमिता पर कार्यशाला,युवाओं, महिलाओं औरउपभोक्ताओं के लिए विशेष सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे, जिनमें व्यापारियों के साथ-साथ समाज के विभिन्न वर्गों की भी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

इस अवसर पर कैट के प्रमुख पदाधिकारी विक्रम सिंहदेव, जीवत बजाज, शंकर बजाज, अवनीत सिंह, राजेन्द्र खटवानी, दीपक विधानी, निलेश मुंदड़ा, नागेन्द्र तिवारी, नरेश माखीजा, कांति पटेल, रतनदीप सिंह, भारत भूषण गुप्ता, विजय पटेल, विक्रांत राठौर, शैलेंद्र शुक्ला, हिमांशु वर्मा, सुरेश वासवानी, हर्ष वर्धन गुप्ता, नितिन नागदेव, मधु अरोरा, शालू, डॉ. जया द्विवेदी, नवीन शर्मा, बंटी शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### 21 दिसंबर तक प्रदेशभर में भ्रमण कर जन-जागरण




# 70 प्रतिशत मिलर पिछले वर्ष जमा नहीं कर पाए 70 प्रतिशत चावल, रजिस्ट्रेशन में दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में एक ओर जहां उपार्जन केंद्रों में धान की खरीदी तेजी से जारी है, वहीं दूसरी ओर इन उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव करने वाले मिलरों में अब तक 30 प्रतिशत ही अपना रजिस्ट्रेशन करा पाए हैं। 70 प्रतिशत मिलरों का अब तक रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाया है। इसका कारण पिछले वर्ष 2024-25 में हुए धान उठाव के बाद मिलरों द्वारा 70 प्रतिशत तक चावल जमा नहीं किया जाना है। इधर इस विभाग से संबंधित अधिकारियों का कहना है कि 70 प्रतिशत चावल जमा नहीं करने वालों में लगभग 50 प्रतिशत मिलर ऐसे हैं, जिनका 70 प्रतिशत में करीब एक-दो प्रतिशत या उससे कम प्रतिशत चावल जमा होना शेष है। इन मिलरों ने चावल जमा करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जो एक-दो दिन में पूरी हो जाएगी, वहीं शेष मिलर्स भी जल्द ही 70 प्रतिशत तक चावल जमा कर लेंगे। अधिकारियों का यह भी कहना है कि धान का उठाव अभी शुरू नहीं हुआ है। शुरू होते ही उठाव भी तेजी से कराया जाएगा।



### पोर्टल में 70 प्रतिशत जमा करने वाले मिलर का ही रजिस्ट्रेशन

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के पोर्टल में उन्हीं मिलरों का रजिस्ट्रेशन हो पा रहा है, जिन्होंने पिछले वर्ष धान उठाव का 70 प्रतिशत तक चावल जमा किया है। ऐसे मिलरों का पोर्टल में रजिस्ट्रेशन नहीं हो पा रहा है, जिन्होंने 70 प्रतिशत से कम चावल जमा किए हैं। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में पिछले वर्ष कुल 270 मिलरों ने धान उठाव के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था, जिनमें से 81 मिलर्स ही 70 प्रतिशत से अधिक कुल धान उठाव के बदले चावल जमा कराया है।

### 162 मिलर रजिस्ट्रेशन के लिए दे चुके हैं आवेदन

विभाग के अनुसार जिले में कुल 270 मिलरों में अब तक 81 का रजिस्ट्रेशन हो चुका है, वहीं 162 ने रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन किए हैं। शेष 27 मिलरों ने अभी तक आवेदन नहीं किए हैं। अधिकारियों का कहना है कि जिन मिलरों के आवेदन लंबित आए हैं, उनमें लगभग 145 ऐसे हैं, जो 70 प्रतिशत चावल जमा करने के टारगेट को आज-कल में पूरा कर लेंगे। इसके बाद इनका भी धान उठाव के लिए रजिस्ट्रेशन हो जाएगा।

### धान उठाव आज-कल में शुरू होने की संभावना

उपार्जन केंद्रों में किसानों से तेजी से धान खरीदी की जा रही है, लेकिन धान उठाव की प्रक्रिया अभी शुरू नहीं हुई है। विभागीय सूत्र के अनुसार इसका कारण अभी उपार्जन केंद्रों में बहुत कम मात्रा में धान संग्रहण हो पाया है। जैसे ही संग्रहण की मात्रा बढ़ेगी, धान का उठाव शुरू किया जाएगा। विभाग के अधिकारी ने एक-दो दिन में उठाव शुरू होने की संभावना जताई है।

### जिले में अभी उठाव शुरू नहीं हुआ

जिले में धान उठाव अभी शुरू नहीं हुआ है। 270 में 81 मिलरों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है, वहीं 162 मिलरों के आवेदनों आए हैं, जिनकी जांच की जा रही है।

\- **जशबीर बघेल**, डीएमओ, सहकारी विपणन संघ मर्यादित रायपुर

### 70 प्रतिशत जमा करने पर ही रजिस्ट्रेशन

पोर्टल में 70 प्रतिशत चावल जमा करने पर ही रजिस्ट्रेशन हो रहा है। पिछले वर्ष जो मिलर 70 प्रतिशत से कम चावल किए हैं, उनका रजिस्ट्रेशन नहीं हो रहा है।

\- **भूपेंद्र मिश्रा**, खाद्य नियंत्रक रायपुर

10 दिसंबर को रायपुर लाने की तैयारी

# पीआरए ग्रुप में फायरिंग, मयंक सिंह को रायपुर लाएगी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुलिस एनकाउंटर में मारे गए गैंगस्टर अमन साव के साथी मयंक सिंह उर्फ सुनील मीणा को राजधानी पुलिस प्रोटेक्शन वारंट पर रायपुर लाने की तैयारी में है। मयंक वर्तमान में झारखंड जेल में बंद है। झारखंड पुलिस ने मयंक को इंटरपोल की मदद से अजरबैजान से गिरफ्तार किया है। मयंक सिंह रायपुर के पीआरए ग्रुप को वसूली करने धमकी देने के साथ फायरिंग कराने का आरोपी है। मयंक को पुलिस 10 दिसंबर को रायपुर लाने की तैयारी कर रही है।

- इंटरपोल की मदद से झारखंड पुलिस ने मयंक को अजरबैजान से गिरफ्तार किया

पीआरए ग्रुप से फिरौती वसूली करने अमन के कहने पर मयंक ने राजस्थान, हरियाणा तथा पंजाब से शूटर की व्यवस्था कराने के साथ उनके लिए हथियार की व्यवस्था कराई थी। मयंक तथा अमन के गुर्गों ने जुलाई 2024 में तेलीबांधा में शूटआउट की घटना की थी। घटना के बाद पुलिस ने अमन गैंग के एक दर्जन के करीब बदमाशों को अब तक गिरफ्तार किया है। अमन साव को झारखंड पुलिस वापस ले जा रही थी। इस दौरान गाड़ी पलट गई और अमन ने पुलिस का हथियार छीनकर भागने की कोशिश में पुलिस पर फायरिंग की। इसके बाद पुलिस ने अमन को एनकाउंटर में ढेर कर दिया था।

### *'शूटरों की कमी नहीं, गोली चलेगी'*

*पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि मई 2024 में रायपुर में हमले की योजना से पहले हरियाणा और झारखंड के शूटर गिरफ्तार किए गए थे। इसी दौरान मयंक सिंह ईमेल कर कहा था 'गैंग में शूटरों की कमी नहीं है, मांग पूरी नहीं हुई तो गोली चलेगी और निशाना नहीं चूकेगा।' इसके दो महीने बाद 13 जुलाई 2024 को पीआरए दफ्तर के पास बाइक सवार शूटरों ने फायरिंग की। एक महीने के भीतर पुलिस ने अमन साव समेत 12 बदमाशों को गिरफ्तार किया। वहीं मयंक देश से बाहर फरार रहा, जिसे बाद में अजरबैजान से पकड़ा गया।*

### *प्रोटेक्शन वारंट में लाया जाएगा*

*पीआरए ग्रुप में फायरिंग का आरोपी झारखंड जेल में बंद मयंक सिंह को प्रोटेक्शन वारंट में जल्द ही रायपुर लाया जाएगा। उससे पूछताछ में शूट आउट की घटना में शामिल अन्य बदमाशों के बारे में जानकारी हासिल कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।*

*- संजय सिंह, क्राइम डीएसपी*

# ईपीएफओ कंबाइंड रिक्रूटमेंट टेस्ट परीक्षा 30 को, व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन ने ली बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा 30 नवंबर को आयोजित होने वाली कंबाइंड रिक्रूटमेंट टेस्ट 2025 भर्ती परीक्षा की तैयारियों को लेकर प्रशासन ने गुरुवार को बैठक ली। अपर कलेक्टर नवीन कुमार ठाकुर एवं डिप्टी कलेक्टर एवं परीक्षा प्रभारी उपेंद्र किंडो की मौजूदगी में हुई बैठक में केंद्राध्यक्ष, परिवहन अधिकारी (आब्जर्वर) उपस्थित रहे। बैठक में उपेंद्र किंडो ने अधिकारियों को सभी परीक्षा केंद्रों में अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसे लेकर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**11 केंद्रों में होगी परीक्षा:** जिले में यूपीएससी की कंबाइंड रिक्रूटमेंट टेस्ट की भर्ती परीक्षा 30 नवंबर को सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे होगी। इस परीक्षा के लिए जिले में 11 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा में लगभग 4000 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

### 2 घंटे पहले परीक्षा केंद्र पहुंचने की अपील

डिप्टी कलेक्टर उपेंद्र किंडो ने कहा कि अक्सर अभ्यर्थियों के विलंब से परीक्षा केंद्र पहुंचने के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई अभ्यर्थी को परीक्षा से वंचित तक होना पड़ता है, क्योंकि परीक्षा प्रारंभ होने से 30 मिनट पहले केंद्र का मुख्य गेट बंद कर दिया जाता है। उन्होंने, परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों से अपील की है कि इस तरह की परेशानी से बचने के लिए वे समय का ध्यान रखें तथा परीक्षा प्रारंभ होने से दो घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र पहुंचें। परीक्षा केंद्र में भी अभ्यर्थियों का फ्रिस्किंग एवं सत्यापन भी किया जाएगा। इसमें

### जमीन रजिस्ट्री नई गाइड लाइन को लेकर प्रदर्शन

रायपुर। आवास एवं पर्यावरण विभाग द्वारा जारी जमीन रजिस्ट्री की नई दर को लेकर गुरूवार को पंजीयन निवारण संगठन ने प्रदर्शन किया। हाथों में बैनर पोस्टर लेकर 7 सूत्रीय मांग के प्रति ध्यान आकर्षित कराते हुए जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि भूमि की लगान प्रति वर्ग मीटर दर से एक समान दर पर निर्धारित किया जाए। शहरी क्षेत्र के लिए अलग और ग्रामीण क्षेत्र के लिए अलग दर का निर्धारण तीन वर्ष के लिए हो। नई गाइड लाइन दर में वृद्धि को वापस लिए जाने की मांग करते हुए नारे लगाए।

### कुशालपुर में जनसंवाद

रायपुर। पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने गुरूवार को जनसंवाद के दूसरे दिन गांव के किसानों और छोटे जमीन का काम करने वालों से बातचीत की। राजधानी के कुशालपुर में हुए आयोजन में किसानों ने जमीन रजिस्ट्री की नई गाइड लाइन में विसंगति को लेकर शिकायत की। गाइड लाइन रजिस्ट्री विभाग के अधिकारियों से सलाह लेकर बनाई गई। इससे आम जनता और किसान दोनों प्रभावित होंगे।श्री दुबे ने कहा पूरी गाइडलाइन अव्यवहारिक है।

# प्रोजेक्ट टाइगर, एलिफेंट के नाम पर तीन साल में 50 करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च, धरातल पर स्थिति बदहाल

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में बाघों की संख्या बढ़ाने के साथ हाथियों की सुरक्षा के नाम पर एनटीसीए पिछले तीन वर्षों में 50 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि स्वीकृत कर चुकी है। चालू वित्त वर्ष में एनटीसीए ने प्रोजेक्ट टाइगर में गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व का नाम भी सूची में शामिल कर लिया है। वर्तमान में राज्य में वर्ष 2022 की तुलना में 35 बाघ होने का दावा किया जाता है। राज्य में गुरु घासीदास को जोड़कर चार टाइगर रिजर्व हैं। राज्य में वर्तमान में जितने बाघ हैं, उनमें आधे के करीब बाघ अचानकमार टाइगर रिजर्व में हैं। एनटीसीए ने चालू वित्त वर्ष में टाइगर रिजर्व तथा प्रोजेक्ट एलिफेंट के नाम पर 18 करोड़ 71 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की है। अब तक पहली किस्त के रूप में चार करोड़ 71 लाख रुपए की राशि दी गई है। टाइगर रिजर्व तथा एलिफेंट प्रोजेक्ट के लिए एनटीएस ने जो राशि जारी की है, उस राशि से टाइगर विचरण क्षेत्र में बाड़ लगाने के साथ सुरक्षा इंतजाम करना है। प्रवासी बाघ यहां स्थायी रूप से रहें, इसके लिए बाघ की टेरिटरी की जरूरी सुविधाएं विकसित करना है। छत्तीसगढ़ में वर्तमान में जो हालत है, उस लिहाज से प्रवासी बाघ यहां दो से तीन माह रुकने के बाद लौट जाता है।



### प्रति टाइगर डेढ़ करोड़ रुपए खर्च

टाइगर रिजर्व में बाघों की सुरक्षा तथा प्रेबेस उपलब्ध कराने के नाम पर वन विभाग को एनटीसीए ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 22 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि तथा वर्ष 2024-25 में 11 करोड़ रुपए के करीब चालू वित्त वर्ष में 18 करोड़ 71 लाख रुपए स्वीकृत की है। इस लिहाज से वन विभाग के दावों के अनुसार राज्य में बाघों की सुरक्षा के नाम पर प्रति बाघ हर वर्ष डेढ़ करोड़ रुपए की राशि खर्च की जा रही है।

### बगैर गणना, गश्त किए इंद्रावती के नाम से पैसा

इंद्रावती टाइगर रिजर्व को नक्सल प्रभावित क्षेत्र बताकर वन विभाग की टीम उस क्षेत्र में ट्रैप कैमरा लगाने से बचती है। साथ ही इंद्रावती टाइगर रिजर्व में गश्त करने जाने से बचती है। बावजूद इसके इंद्रावती टाइगर रिजर्व में बाघों की गणना तथा सुरक्षा के नाम पर विभागीय अफसर एनटीसीए से पैसा ले रहे हैं। वन विभाग की इंद्रावती में टीम फील्ड में जाने से बचती है, बारिश के दिनों में जाती ही नहीं। बावजूद इसके जंगल में पुल, पुलिया निर्माण के नाम पर हर वर्ष लाखों रुपए खर्च करती है।

### नहीं हो पा रही मॉनिटरिंग

करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी बाघों की मॉनिटरिंग के मामले में छत्तीसगढ़ अपने पड़ोसी राज्यों की तुलना में फिसड्डी है। पिछले दिनों उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में आया प्रवासी बाघ यूएसटीआर से निकलकर धमतरी होते हुए महासमुंद, उसके बाद बलौदाबाजार वनमंडल के बारनवापारा पहुंच गया। बार नवापारा में बाघ एक माह रहने के बाद कहां चला गया, इस बात की जानकारी जिम्मेदार अफसरों को भी नहीं है। बलौदाबाजार वन मंडल प्रबंधन बाघ की लगातार मॉनिटरिंग करने का दावा करता है। वन मुख्यालय के अफसरों के अनुसार बाघ जिस क्षेत्र से आया था, वह लौट गया। ऐसे में बाघों की मॉनिटरिंग को लेकर भी प्रश्न चिन्ह लग रहे।

### प्रे-बेस के साथ विभाग में फील्ड वर्करों की कमी

प्रवासी बाघ यहां स्थायी रूप से रहे, इसके लिए बाघ के लिए जरूरी प्रे-बेस की व्यवस्था करना है। प्रे-बेस में शिकार के लिए पर्याप्त संख्या में शाकाहारी वन्यजीवों की व्यवस्था करना है। वन विभाग द्वारा तैयार ग्रास लैंड पालतू मवेशियों के लिए चारागाह बन गया है। विभाग के पास फील्ड में काम करने कर्मचारी नहीं हैं। इसके कारण शिकार की घटनाएं बढ़ने के साथ ही बाघों की सही ढंग से मॉनिटरिंग नहीं हो पा रही। गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व में जरूरत के मुताबिक महज 30 से 35 प्रतिशत बल है।

### वाटरशेड महोत्सव में बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

रायपुर। वाटरशेड महोत्सव के कार्यक्रम के तहत तिल्दा क्षेत्र के ग्राम पिकरीडीह में विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इसमें दीवाल लेखन, स्लोगन, रंगोली प्रतियोगिता, श्रमदान, भूमि पूजन एवं पारंपरिक नृत्य का आयोजन किया गया आयोजन के दौरान जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दुलारी सुरेंद्र वर्मा, सरपंच, वाटरशेड



कमेटी अध्यक्ष पीकरीडीह सरस्वती भागवत धीवर, उप सरपंच अश्वनी पाटिल सहित समस्त पंच एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया।

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# तय सीमा से अधिक आयु के बाद भी नियुक्ति, विरोध में छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि में कथित फर्जी नियुक्ति को लेकर छात्रों ने मोर्चा खोल दिया है। आरटीई के जरिए प्राप्त एक जानकारी के आधार पर एनएसयूआई ने नियुक्ति में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। मामला टेक्नीशियन ग्रेड-2 के पद पर भर्ती का है। एनएसयूआई ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई है। एनएसयूआई ने आरोप लगाया, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में टेक्नीशियन ग्रेड-2 के पद पर एक कर्मचारी की नियुक्ति से जुड़े दस्तावेजों तथा सूचना का अधिकार से प्राप्त अभिलेखों के परीक्षण के बाद यह गंभीर तथ्य सामने आया है कि उक्त नियुक्ति विश्वविद्यालय के अपने ही नियमों, विज्ञापन शर्तों और आयु-मानदंडों के खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन के साथ की गई है। इस संदर्भ में कुलपति प्रो.सच्चिदानंद शुक्ल से




मुलाकात कर कार्रवाई की मांग की है कहा गया है कि विज्ञापन में आयु सीमा 35 वर्ष का जिक्र था,और जिस कर्मचारी को नियुक्त किया गया उनकी उम्र 37 वर्ष 5 माह 13 दिन थी।

एनएसयूआई जिला अध्यक्ष शान्तनु झा ने कहा, यह मामला मात्र अपात्र नियुक्ति का नहीं है, बल्कि इससे भी अधिक गंभीर है वह तथ्य कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस नियुक्ति को बचाने के लिए क्षेत्रीय उच्च शिक्षा कार्यालय, राज्यपाल कार्यालय, यूजीसी और नैक जैसे उच्च संस्थानों को व्यवस्थित रूप से गलत एवं भ्रामक जानकारी भेजी।

### 7 लाख 26 हजार क्विंटल से अधिक धान खरीदी


रायपुर। जिले के किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी तेज गति से जारी है। जिले में गुरुवार को 2263 किसानों से 1 लाख 6 हजार 451.20 क्विंटल धान की खरीदी की गई। इस प्रकार अब तक 15514 किसानों से 7 लाख 26 हजार 378.00 क्विंटल की खरीदी हुई है।






हरिभूमि
रायपुर, शुक्रवार 28 नवंबर 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937




शादी-ब्याह में सोने-चांदी और हीरे-मोती की आभूषणों का विशेष महत्व आज भी बना हुआ है। यही वजह है कि दुल्हन के सोलह श्रृंगार में गहने उनकी पहली च्वॉइस होते हैं। शादियों का सीजन चल रहा है, ऐसे में शहर के सरफा बाजार में इन दिनों सोने-चांदी और हीरों की चमक बढ़ गई है। शाही शादियों के लिए दुल्हनें अपनी मनपसंद के महंगे ब्राइडल ज्वेलरी सेट ऑर्डर पर डिजाइन करा रही हैं। राजधानी के सदर रोड सराफा बाजार के ज्वेलरी शॉप में ऐसी कई फैमिली आभूषणों की खरीदारी करने पहुंचे रही हैं, जिनके यहां विवाह समारोह है।

# शाही शादियों में दुल्हन के श्रृंगार में चार चांद लगा रहा 20 और 50 लाख का कुंदन-पोल्की, डायमंड फुल सेट

## वेडिंग सीजन में सराफा बाजार में सोने-चांदी और हीरों की चमक बढ़ी, ब्राइडल के लिए ऑर्डर पर बनवा रहे महंगे ज्वेलरी सेट

**रायपुर।** रायपुर सराफा एसोसिएशन के सलहाकार व कारोबारी सुरेश भंसाली ने बताया कि शाही शादियों के लिए दुल्हनें सोने के आभूषणों में न्यूनतम 10 से लेकर 20 लाख रुपए तक के ब्राइडल सेट में कुंदन पोल्की और डायमंड ज्वेलरी सेट में अधिकतम 50 लाख रुपए तक के वाइट-येलो डायमंड फुल सेट डिजाइन करा रही हैं।

शादी के सीजन के मद्देनजर दुल्हनों की पसंद के रेडीमेड डिजाइनर ब्राइडल ज्वेलरी भी शॉप में तुरंत उपलब्ध करा रहे हैं। सराफा कारोबारी ने बताया कि महंगाई के बाद भी हाईक्लास व मिडिल क्लास सोसायटियों दोनों ही तरह की फैमिली में सोने-चांदी और डायमंड के आभूषणों का क्रेज पहले की तरह ही बरकरार है, हालांकि मिडिल क्लास को बजट में थोड़ा-बहुत एडजेस्टमेंट करना पड़ रहा है। ऐसे में हाईक्लास के ग्राहकों के साथ साथ मिडिल क्लास के ग्राहकों की पसंद को ध्यान में रखते हुए उनके लिए 7 लाख रुपए तक में सोने के कंप्लीट ब्राइडल ज्वेलरी सेट डिजाइन कर रहे हैं, जिसकी भी जबर्दस्त डिमांड हो रही है। हमारी सभी ज्वेलरी शॉप पर इस शादियों के सीजन में सभी वर्ग की फैमिली की पसंद और उनके ऑर्डर के मुताबिक महंगे व लो बजट की ब्राइडल ज्वेलरी सेट की डिजाइन तैयार कराई जा रही है, ताकि दुल्हन के श्रृंगार में सोने-चांदी और हीरे मोती की आभूषणों से चार-चांद लग सके।





### सोने की महंगाई पर आभूषणों का शौक भारी

रायपुर सराफा एसोसिएशन के सलहाकार श्री भंसाली ने बताया कि रायपुर सराफा बाजार में गुरुवार को सोने का भाव 1,29000 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी का भाव 165000 रुपए प्रति किलोग्राम दर्ज किया गया है। शादी के इस सीजन में सराफा बाजार में सोने-चांदी के हर दिन भाव यानी चढ़ती-उतरती कीमतों के बीच में ग्राहकों का आभूषणों के प्रति लगाव भारी पड़ रहा है। ब्राइडल सोने-चांदी के आभूषणों से सजने-संवरने का शौक पूरा करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही हैं। वहीं सोने-चांदी के भाव में तेजी की बात करें तो नए साल से कीमत बढ़ने की संभावना बन रही है।

### महंगे ब्राइडल सेट में उपलब्ध करा रहे इतने आयटम्स

सराफा कारोबारी ने बताया कि सोने के 10 व 20 लाख के ब्राइडल ज्वेलरी सेट में 1 नग हार, 2 नग ईयरिंग्स, 1 नग अंगूठी , 1 बिंदिया, 1 मांग पट्टिका, 2 कड़े और बाजूबंद का कंप्लीट सेट होता है। वहीं 50 लाख के डायमंड ब्राइडल सेट में 1 नग हार, 2 ईयरिंग्स, 1 नग बिंदिया, 2 नग कड़े, मांग पट्टिका, अंगूठी का सेट मिल रहा है, इसमें बाजूबंद नहीं है। इसी तरह से मिडिल क्लास के लिए 6 तोले के ब्राइडल सेट में भी लगभग इतने ही आयटम्स मिल रहे हैं। ये ब्राइडल सेट ग्राहकों के बजट के अनुरूप काफी डिमांडिंग है।

### सबसे ज़्यादा पसंद की ज्वेलरी डिजाइन

सोने के ब्राइडल सेट की बात करें तो पहली पसंद में कुंदन पोल्की ब्राइडल सेट डिजाइन, दूसरी पसंद कुंदन चोकर ब्राइडल सेट, टेम्पल ब्राइडल सेट ट्रेंड कर रहा है। वहीं डायमंड ब्राइडल सेट डिजाइन में डायमंड फुल सेट वाइट-येलो डिजाइन खूब पसंद किए जा रहे हैं। दूसरे डिजाइन में ट्रेडिशनल ब्राइडल सेट में साउथ इंडियन डिजाइन, राजस्थानी ज्वेलरी डिजाइन सेट से रॉयल लुक पाने दुल्हनें कैरी कर रही हैं।

लाइव इवेंट

# सिलेबस टॉपिक्स, पिछले प्रश्नों के नियमित अभ्यास से आएंगे अच्छे मार्क्स

**रायपुर।** बारहवीं बोर्ड परीक्षा में साइंस के विद्यार्थियों को विषयों की नियमित अध्ययन करना आवश्यक है। वे सिलेबस के मुख्य टॉपिक्स पर ध्यान केंद्रीत करना न भूलें। विशेषकर जीवविज्ञान की परीक्षा की तैयारी के लिए उसके महत्वपूर्ण टॉपिक्स पर ध्यान दें, पिछले साल के प्रश्नपत्रों को हल करें और डायग्राम बनाकर अभ्यास करें। इसके अतिरिक्त, परीक्षा के लिए शेड्यूल बनाएं, नोट्स व्यवस्थित करें और रिवीजन के लिए पर्याप्त समय निकालें। प्रश्नों को रटने के बजाय, कॉन्सेप्ट्स को अच्छी तरह से समझें।

जीवविज्ञान में डायग्राम बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। रेखाचित्र बनाकर और उनकी लेबलिंग का अभ्यास करें, यह स्कोरिंग और समझने में मददगार होता है। विषय को परीक्षा से ठीक पहले पढ़ने के बजाय, नियमित अंतराल पर दोहराएं। परीक्षा पैटर्न को समझने और महत्वपूर्ण प्रश्नों की पहचान करने के लिए पिछले 1-2 वर्षों के प्रश्नपत्रों को हल करें। बचे हुए दिनों के अनुसार हर अध्याय को बांटकर एक शेड्यूल बनाएं और उसी के अनुसार तैयारी करें। पढ़ाई के दौरान नोट्स व्यवस्थित करें। इससे रिवीजन में आसानी होगी। यह कहना है शिक्षाविद व जीव विज्ञान की शिक्षिका अनिता मंडिलकर का। उन्होंने आगामी 12वीं की बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे साइंस के विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता अर्जित करने के साथ ही अच्छे मार्क्स हासिल करने टिप्स साझा किए।



### एग्जाम में पॉइंट-वाइज उत्तर लिखें

पैराग्राफ लिखने के बजाय पॉइंट और सब-हेडिंग्स का उपयोग करें, जिससे परीक्षक को कॉपी चेक करने में आसानी हो। परीक्षा हॉल में समय प्रबंधन का ध्यान रखे। यह सुनिश्चित करें कि कोई भी प्रश्न छूटे नहीं और समयसीमा के भीतर सभी प्रश्नों का उत्तर दें। परीक्षा में शांति बनाए रखें, यदि आप उत्तर लिखते समय घबरा जाते हैं तो शांत रहें, एक मिनट का ब्रेक लें और फिर सोचकर जवाब लिखें।

**परीक्षा के समय स्वास्थ्य का ध्यान रखें**

एजुकेशन एक्सपर्ट्स का कहना है कि विद्यार्थी अच्छी नींद लें और परीक्षा से पहले तनाव न लें, क्योंकि यह आपकी याददाश्त और एकाग्रता को प्रभावित कर सकता है। सही माइंडसेट रखें और सकारात्मक मानसिकता के साथ परीक्षा में बैठें। कमजोर छात्रों के लिए पारिस्थितिकी और आनुवंशिकी जैसे विषयों पर विशेष ध्यान दें, क्योंकि ये स्कोरिंग हो सकते हैं।

सिटी इवेंट

# छग राज्य सेवा परीक्षा के लिए 31 दिसंबर से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की ओर से राज्य सेवा परीक्षा-2025 के लिए विज्ञापन जारी कर दिया गया है। जो उम्मीदवार राज्य सेवा परीक्षा में शामिल होकर देश की सेवा करना चाहते हैं, उनके लिए यह एक सुनहरा मौका है। बता दें, इस परीक्षा के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 1 दिसंबर से शुरू हो जाएगी। साथ ही उम्मीदवार 31 दिसंबर 2025 तक इन पदों के लिए ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। इसके साथ ही इस भर्ती परीक्षा के माध्यम से 238 उम्मीदवारों की नियुक्ति की जाएगी। उम्मीदवार अपनी पात्रता मानदंड की जांच करके आधिकारिक वेबसाइट psc.cg.gov.in पर जाकर जल्द ही आवेदन कर सकेंगे। छत्तीसगढ़ प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन 22 फरवरी 2026 को किया जाएगा। यह परीक्षा दो पाली में आयोजित कराई जाएगी। पहली पाली सुबह 10 बजे से लेकर 12 बजे तक और दूसरी परीक्षा दोपहर 3 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक संचालित की जाएगी।

> भर्ती परीक्षा के माध्यम से 238 उम्मीदवारों की नियुक्ति की जाएगी

### आवेदन के लिए जरूरी योग्यता

इन पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों के पास भारत के किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से स्नातक या इसके समकक्ष डिग्री होनी चाहिए। आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु 21 वर्ष व अधिकतम आयु 28 वर्ष निर्धारित की गई है। इसके अलावा आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को आयु-सीमा में छूट भी दी जाएगी। एससी एवं एसटी उम्मीदवारों को आयु-सीमा में पांच वर्ष की छूट दी जाएगी। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की ओर से एप्लीकेशन विंडो शुरू करने के बाद उम्मीदवार यहां बताए गए निम्नलिखित स्टेप्स की मदद से ऑनलाइन माध्यम में आवेदन कर सकेंगे। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने के लिए उम्मीदवारों को सबसे पहले छत्तीसगढ़ बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट psc.cg.gov.in पर जाकर विजिट करना होगा। इसके बाद वेबसाइट के होमपेज पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करना होगा। अब व्यक्तिगत जानकारी को दर्ज करना होगा। इसके बाद आवश्यक दस्तावेजों की स्कैन कॉपी को अपलोड करनी होगी। फॉर्म में सभी जानकारी को ध्यान से भरना होगा। अंत में इसका एक प्रिंटआउट भी अवश्य निकाल लें।

# बच्चों के हेल्थ चेकअप के साथ गुड टच-बैड टच पर किया अवेयर

**रायपुर।** रोटरी क्लब ऑफ रायपुर कॉस्मो दिवास और आईटीएसए हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में वीआईपी रोड स्थित शासकीय विद्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान 121 बच्चों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें उनकी शारीरिक स्थिति, वजन, ऊंचाई, रक्तचाप और अन्य स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं की जांच की गई। डेंटल चेकअप में बच्चों के दांतों की सफाई और अन्य दंत समस्याओं की जांच की गई। शिविर में अस्पताल से विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपस्थिति रही, इसमें डेंटिस्ट डॉ. सोनल अग्रवाल, पीडियाट्रिशियन डॉ. अपर्णा पटेल, और प्रकाश बरसागड़े उपस्थित रहे।





### शिविर में 121 छात्रों की जांच

शिविर के दौरान नन्हे छात्रों को शारीरिक और मानसिक समस्याओं पर भी जो दिया गया, ऐसे में गुड टच और बैड टच को लेकर समझ स्थापित करने का प्रयास किया गया। व्याख्याता रचना गोयल ने बच्चों को कहानी के जरिए समझाने का प्रयास किया, कहा, शरीर के कई हिस्सों में अगर कोई अंजान व्यक्ति आपको टच करें तो तुरंत वहां से दूर जाने का प्रयास करें। साथ ही कुछ गलत लगने पर माता-पिता, बड़े भाई-बहन या शिक्षकों से बात करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता पलक अग्रवाल और जया सिंघल ने की।




# बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत निकली जागरूकता रैली

**रायपुर।** दुर्गा कॉलेज की इंटरनल कमेटी एवं वीमेन डेवलपमेंट सेल ने गुरुवार को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान चलाया। इस कड़ी में जागरुकता फैलाने के लिए शपथ भी ली गई। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 27 नवंबर 2024 को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की गई थी। एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संचनालय महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा दुर्गा कॉलेज में बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ के संबंध में शपथ का आयोजन किया गया। विपिन ठाकुर राज्य समन्वयक वॉलंटरी फॉर सोशल एक्शन द्वारा संक्षिप्त में बाल विवाह की जानकारी दी गई। इसमें कॉलेज की प्राचार्य डॉ. प्रतिभा मुखर्जी साहूकार द्वारा शपथ दिलाई गई।

### बाल विवाह एक सामाजिक बुराई, सजगता जरूरी


उन्होंने कहा कि यह एक सामाजिक बुराई है। अगर हमें इसकी जानकारी होती है तो समीप के थाने अथवा 1098 पर इसकी सूचना देनी चाहिए। आईसीसी सेल की अध्यक्ष डॉ. दीपाली शर्मा ने महिला एवं बाल विकास विभाग से आए सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आईसीसी की टीम का विशेष सहयोग रहा। जिला बाल संरक्षण इकाई से मालती साहू एवं विभाग से भोला प्रसाद शेष, कुमार वर्मा, विनोद सिद्धार उपस्थित रहे। आईसीसी की सदस्य सुष्मिता, सुनीता चंसोरिया, डॉ. प्रगति दुबे, डॉ. दिव्या शुक्ला, दीपिका चौरसिया एवं राजनीति विज्ञान विभाग से डॉ. अमन झा का विशेष सहयोग इस आयोजन को सफल बनाने में रहा।

## पार्टी सीजन में हाथों की खूबसूरती को लेकर गर्ल्स सीरियस

# विंटर पार्टी मेकअप ट्रेंड : ब्लू और गोल्डन आई शेड्स के साथ, गिल्टर और स्नोफ्लेक डिजाइन का ग्लैमर

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** विंटर सीजन आते ही क्लब्स और फ्रेंड ग्रुप्स अपनी शानदार विंटर पार्टी की तैयारियों में जुट गए हैं। इस सीजन में लोग डिफरेंट आउटफिट्स के साथ-साथ विंटर-थीम बेस्ड मेकअप लुक्स को भी प्राथमिकता देने लगे हैं। खासतौर पर शहर के मेकअप आर्टिस्ट इस बार विंटर-थीम बेस्ड मेकअप तैयार कर रहे हैं, जो यूनिक आई लुक और नेल आर्ट पर बेस्ड होंगे। इस बार लोग विंटर पार्टी में हाईलाइट होने के लिए सोशल मीडिया पर ट्रेंडी लुक्स पर मेकअप कराना पसंद कर रहे। पार्टीज के दौरान हर कोई सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें शेयर करने के लिए बेहतरीन लुक्स की तलाश में है। इस बार मेकअप आर्टिस्ट ने खास विंटर-थीम पर मेकअप डिजाइन्स तैयार किए हैं, जो खासतौर पर ब्लू आईस और स्नो थीम पर नेल आर्ट होने जा रहा।





### स्नोफ्लेक आइस मेकअप का ट्रेंड

विंटर पार्टी के दौरान गर्ल्स में स्नोफ्लेक आइस मेकअप खास ट्रेंड में रहेगा, यह डिजाइन बर्फ के सफेद फूलों की होती है। जो खासतौर पर स्नो फॉल के वक्त देखने को मिलती है। आई मेकअप में ब्लू शेड के साथ वाइट पेंट से यह डिजाइन तैयार की जाती है, जो खासतौर पर डिफरेंट और यूनिक लुक देता है। ये पार्टी में आउटफिट को हाईलाइट करता है।

### ड्रामेटिक लुक के लिए ब्लू विंटर आई मेकअप

मेकअप आर्टिस्ट सुमन साहू ने बताया कि ब्लू विंटर आई मेकअप डार्क और लाइट ब्लू शेड्स के साथ तैयार होता हैं। ये आंखों को ड्रामेटिक लुक देता है। इसके साथ ही गोल्डन विंटर आई मेकअप भी गर्ल्स में ट्रेंड में है, जो शॉर्ट ड्रेस, गाउन और बॉडीकॉन ड्रेस के साथ आई लुक तैयार होता है। इसे गोल्डन शेड्स के साथ हल्के ब्रॉन्ज शेड्स के साथ क्रीज कर मेकअप किया जाता है। इसमें गोल्डन गिल्टर भी खास आई मेकअप के लिए होता है।

### विंटर पार्टी में स्नोफ्लेक और क्रिस्टल नेल आर्ट

मेकअप आर्टिस्ट आरती सिंग ने बताया कि इन दिनों विंटर पार्टी में स्नोफ्लेक और क्रिस्टल नेल आर्ट का ट्रेंड है, जो खासतौर पर सोशल मीडिया पर ट्रेंड में है। इसमें स्नोफ्लेक और क्रिस्टल डिज़ाइन खास आकर्षण का केंद्र रहता है, नेल्स पर चमकदार स्नोफ्लेक डिजाइन के साथ वाइट या पिस्टल शेड में स्पेस फ्रेंच मैनीक्योर के साथ सिल्वर ग्लिटर लगाया जाता है।



### पार्टी के लिए आर्टिफिशियल नेल्स

इसके साथ ही ब्लू और सिल्वर ग्लिटर नेल आर्ट, फ्रॉस्टेड लुक, गोल्डन और ब्रॉन्ज नेल्स, मेटैलिक शेड्स, ऑम्ब्रे विंटर नेल आर्ट तैयार किया गया है। इसमें कई डिजाइन के आर्टिफिशियल नेल्स भी लगाना पसंद करते है। विंटर पार्टी के दौरान डिजाइनर आउटफिट्स के लिए खास आर्टिफिशियल नेल्स का उपयोग करते हैं, जो खास डिजाइन के साथ कम समय में ही यूनिक लुक तैयार करता है।

**धर्म लाइव**

## सफलता कोई मंजिल नहीं, बल्कि सीखने, मेहनत करने और निरंतर सुधार लाने की सतत प्रक्रिया



**रायपुर।** अच्छी शुरुआत आधा काम पूरा करना है, विषय पर जेसीआई सुपर चैप्टर द्वारा एक सशक्त लीडरशिप विकसित करने के लिए सफल आयोजन किया गया। इसमें सुपर चैप्टर के तहत आने वाले सभी 12 चैप्टर्स के प्रेसिडेंट, सेक्रेटरी, निवृत्तमान अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, चैप्टर इंचार्ज, को-ऑर्डिनेटर एवं सक्रिय मेंबर्स ने सहभागिता निभाई। मुख्य अतिथि कर्नल रवीश छाजेड़ रहे, उन्हें मंच पर सम्मानित भी किया गया। समन्वय, योजना और प्रबंधन का दायित्व लीना वाढेर ने निभाया। उन्होंने बताया कि विमतारा में किए गए प्रशिक्षण के मुख्य वक्ता एवं ट्रेनर जेसीआई सीनेटर राजेश अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा "सफलता कोई मंजिल नहीं, बल्कि सीखने, मेहनत करने और निरंतर सुधार करने की सतत प्रक्रिया है।

### तालमेल से प्रोजेक्ट को तय समय में कर सकते हैं पूरा

प्रशिक्षण के दौरान जीएफएस अमिताभ दुबे और जेसीआई सीनेटर चित्रांक चोपड़ा ने सुपर चैप्टर के काम करने के तरीके, प्रोटोकॉल, सिस्टम और को-ऑर्डिनेशन पर जानकारी साझा की। बताया कि इसके लिए एक अच्छी प्लानिंग, बेस्ट टीमवर्क के साथ ही आपस में बातचीत का तरीका और आपसी तालमेल से किसी भी प्रोजेक्ट को तय समय पर पूरा किया जा सकता है। जेसीआई यूथ कैपिटल के गौरव ने वाइस प्रेसिडेंट मैनेजमेंट विषय पर अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि एक-दूसरे की खूबियों को जानते हुए उनको दायित्व देना सबसे जरूरी होता है। इस प्रशिक्षण के सिलसिले को मंच संचालन करते हुए सीनेटर चित्रांक चोपड़ा ने आगे बढ़ाया।

**धर्म लाइव**

## नंद के आनंद भयो...श्रीमद भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्म पर गूंजा जयघोष, झूमे श्रद्धालु



**रायपुर।** श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन व्यासपीठ पर विराजमान बलराम भैयाजी ने भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा का रसपान भक्तों को कराया। कथा में नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की हाथी घोड़ा पालकी के जयकारे गूंज उठे। गुरुवार को भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के कथा प्रसंग में भगवान कृष्ण का जन्म हुआ। महंत सतगुरु अनंतपुरी गोस्वामी स्वयं वासुदेव बनकर टोकरी में छोटे से भगवान कृष्ण को लेकर जब भागवत कथास्थल पर अंदर आना शुरू किया। तब सभी भक्तों ने फूलों की वर्षा के साथ स्वागत किया और सभी तरफ एक ही नारा गूंज रहा था, नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की हाथी घोड़ा पालकी भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव की सभी एक दूसरे को बधाइयां दे रहे थे। ऐसा भक्ति भरा वातावरण बन गया था कि मानव सचमुच में हम वृंदावन में बैठे हैं। छोटे से बाल गोपाल कृष्ण की भक्तों के द्वारा आरती उतारी गई। कृष्ण जन्मोत्सव के साथ-साथ अन्य कई प्रसंग सुनाए गए।

### देवी-देवताओं ने की फूलों की वर्षा

देवी-देवता फूलों की वर्षा करने लगे और शंख ध्वनि से विजयश्री का जयकोष करने लगे। प्रवचनकार ने राजा बलि और भगवान विष्णु के वामन रूप की कथा भी सुनाई। राजा बली 100 यज्ञ करने वाले थे, ताकि वे स्वर्गलोक पर आधिपत्य बना सकें, तब सभी देवतागण भगवान विष्णु के पास पहुंचे और उससे मदद मांगने लगे। तब भगवान विष्णु वामन रूप धारण करके राजा बलि के द्वार पर पहुंचे और उनसे तीन पग जमीन दान में मांगी। तब राजा बली के गुरु शुक्राचार्य समझ गए कि यह कोई बालक ब्राह्मण नहीं, बल्कि स्वयं भगवान विष्णु हैं, जो ब्राह्मण का रूप धारण करके आए हैं। राजा बली से कहा, आप उन्हें जमीन देने से मना करें, पर राजा बली ने कहा, अगर यह ब्राह्मण खुद विष्णु के रूप हैं, विष्णु हैं, तब भी मैं तीन पग जमीन दूंगा, क्योंकि जो पृथ्वी के पूरे सृष्टि के पालनहार हैं।

**समाज इवेंट**

## धार्मिक अनुष्ठान के साथ दस दिवसीय दत्तात्रेय जयंती महोत्सव का शुभारंभ



**रायपुर।** बूढ़ातालाब स्थित प्राचीन श्री दत्तात्रेय मंदिर में दस दिवसीय दत्तात्रेय जयंती महोत्सव का धूमधाम से शुभारंभ किया गया। महोत्सव के पहले दिन मंदिर परिसर को सैकड़ों दीपों से सजाकर महाआरती की गई। दीपों की झिलमिलाती रोशनी से मंदिर परिसर जगमगा उठा। धार्मिक महोत्सव की शुरुआत मंगल कलश स्थापना से हुई, जिसे श्रद्धालुओं ने बड़े श्रद्धाभाव से किया। शुभ अवसर पर श्री गुरु चरित्र ग्रंथ का पठन पं. सुबोध मनोहर पांडे द्वारा प्रतिदिन सुबह 8 बजे से किया जाएगा। इस पठन से श्रद्धालुओं को आस्था और भक्ति में अभिवृद्धि का अवसर मिलेगा।

### 4 दिसंबर को हवन पूजन

महोत्सव के दौरान शहर की महिला मंडली द्वारा भगवान श्री दत्तात्रेय के भजन संध्या का आयोजन किया गया। शुक्रवार को चौबे कालोनी स्थित आराधना महिला मंडल की महिलाएं भजन संध्या में शामिल होंगी। महोत्सव का मुख्य कार्यक्रम 4 दिसंबर को होगा, जो भगवान दत्तात्रेय के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन विशेष रूप से भगवान दत्तात्रेय का दुग्धाभिषेक, सत्यनारायण कथा, हवन, जन्म उत्सव, छप्पन भोग, प्रभु का विशेष श्रृंगार, महाआरती और प्रसाद वितरण जैसे धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। 5 दिसंबर को महाभोग भंडारा आयोजित किया जाएगा, जहां लगभग दस हजार श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी की व्यवस्था की जाएगी। उत्सव का समापन 6 दिसंबर को गोपाल काला के साथ होगा। इस दिन भगवान दत्तात्रेय के सभी भक्त एकजुट होकर उत्सव के अंतिम दिन को बड़ी श्रद्धा और भक्तिभाव से मनाएंगे।

**कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से आर्टरी में ब्लॉकेज, 50 साल से अधिक उम्र वाले रहें सतर्क**

# सर्दियों में दिल का खास ख्याल रखना जरूरी, कॉर्डियक अरेस्ट से बचने रुटीन मेडिकल चेकअप और दवाईयों का करें सेवन

बच्चों का विवाह हर माता-पिता के लिए एक सपना होता है और वे अपनी सालों की मेहनत तथा पूंजी अपनी बेटी की शादी में लगा देते हैं। इस खुशी के मौके पर वे अक्सर अपनी सेहत का ध्यान रखना भूल जाते हैं, क्योंकि शादी की तैयारियों में सुबह से देर रात तक व्यस्त रहते हैं। यह लगातार की भागदौड़ और तनाव उनके स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर डाल सकते हैं।





**रायपुर।** विशेष रूप से 50 वर्ष से अधिक उम्र के माता-पिता को अपनी सेहत पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। ठंड के मौसम में हृदय रोगियों के लिए यह और भी महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि सर्दी के दिनों में हृदय पर अधिक दबाव पड़ता है। ऐसे में बेहतर स्वास्थ्य के लिए बीपी, शुगर और हृदय रोगियों को खास ख्याल रखने की जरूरत है।

हरिभूमि से चर्चा के दौरान कार्डियोलॉजिस्ट (हृदय रोग विशेषज्ञ) ने कहा कि वेडिंग सीजन के दौरान हार्ट अटैक की समस्या देखने को मिल रही है, माता-पिता दिनभर की भागदौड़ के चलते नियमित दवाई नहीं ले रहे, जिससे उनमें हार्ट अटैक की समस्या देखने को मिल रही। इसका एक मुख्य कारण बीपी का बढ़ना भी है, ऐसे में नियमित व्यायाम और खानपान बेहतर स्वास्थ्य की कुंजी है।

### हार्ट अटैक से सौ में से 50 मरीजों की मृत्यु एक घंटे के भीतर

आंबेडकर अस्पताल से हृदय रोग विशेषज्ञ स्मित श्रीवास्तव ने बताया कि हार्ट अटैक के बाद अक्सर सौ में से 50 मरीजों की मृत्यु मात्र 1 घंटे में ही हो जाती है, यह समस्या अक्सर नियमित समय पर दवाई न लेने के कारण देखने को मिलती है। इसके लिए ब्लडप्रेशर और शुगर की दवाईयां नियमित समय पर लेनी चाहिए। साथ ही हृदय रोगी खून पतला करने की दवाई सर्दी के दिनों में रोजाना लें। हृदय रोगी विवाह उत्सव में सादा और नियमित भोजन करने का प्रयास करें, ताकि शरीर में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा न बढ़े।

### कोलेस्ट्रॉल से आर्टरी में ब्लॉकेज की समस्या

कार्डियोलॉजिस्ट ने बताया कि उम्र बढ़ने के साथ शरीर में कई शारीरिक प्रक्रियाएं धीमी पड़ जाती हैं और इसका असर रक्तवाहिनियों (आर्टरी) पर भी पड़ता है। उम्र बढ़ने के साथ आर्टरी कम लचीली होने के कारण कठोर (स्ट्रक) हो जाती है। इस प्रक्रिया को एथेरोस्क्लेरोसिस कहा जाता है, जिसमें धमनियों में कोलेस्ट्रॉल, चर्बी और अन्य पदार्थ जमा होने लगते हैं। यह जमा हुआ कोलेस्ट्रॉल धीरे-धीरे धमनियों में ब्लॉकेज (अवरोध) पैदा करता है, जिससे रक्त का प्रवाह प्रभावित होता है और हार्ट अटैक का जोखिम बढ़ जाता है। इस कारण बुजुर्गों को दिल से संबंधित समस्याओं का अधिक खतरा होता है।

### सेहत का ख्याल रखना जरूरी : विशेषज्ञ

रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स से कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. जावेद अली खान ने बताया कि पारिवारिक काम के लिए भागदौड़ में हृदय रोगी अपनी दिनचर्या में बदलाव करने से बचें। यह उनके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। हृदय के मरीज जिन्हें पहले ही हार्ट अटैक की समस्या हो चुकी हो, वे समय-समय पर अपने बीपी, शुगर और ब्लड का जांच कराते रहें। साथ ही पैरों में सूजन, चेस्ट पेन और सांस लेने में समस्या होने पर तुरंत चिकित्सक से जांच कराएं। अक्सर लोग इसे सामान्य लक्षण समझकर बीमारी को अनदेखा करते है, जिससे कई बड़ी समस्याएं उत्पन्न होने लगती हैं।

### कार्डियोलॉजिस्ट के ये सुझाव

- सांस का फूलना, पैरों में सूजन और चेस्ट पेन मुख्य लक्षण।
- हृदय में दर्द होने पर तुरंत जमीन पर लेट जाएं।
- खुद वाहन चलाकर अस्पताल जाने की कोशिश न करें।
- खून पतला करने या कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल की दवा चबाकर खाएं।

# कबड्डी वर्ल्ड कप में छाई छत्तीसगढ़ की बेटी संजू ने कहा- हौसला हो तो जीत पक्की है



**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सुश्री संजू देवी ने बांग्लादेश में आयोजित महिला कबड्डी विश्व कप में भारत की खिताबी जीत का सफर साझा किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री व खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने नवा रायपुर स्थित अपने शासकीय निवास कार्यालय में आयोजित प्रेस-कॉन्फ्रेंस में बताया कि संजू देवी ने महिला कबड्डी विश्व कप में भारत को ऐतिहासिक जीत दिलाने में निर्णायक भूमिका निभाई। उन्होंने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल से छत्तीसगढ़ को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित किया है। राज्य शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित बिलासपुर के बहतराई आवासीय बालिका कबड्डी अकादमी में प्रशिक्षण हासिल कर विश्व विजेता बनी संजू देशभर के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गई हैं। वे वहां जुलाई-2023 से प्रशिक्षण ले रही हैं।

### 35 प्वाइंट्स में से 16 प्वाइंट्स अकेले संजू ने दिलाए

इस विश्व कप में छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के छोटे से गांव केराकछार की 23 साल की संजू देवी रावत को टूर्नामेंट का मोस्ट वैल्युबल प्लेयर चुना गया। फाइनल में भारत को मिले कुल 35 प्वाइंट्स में से 16 प्वाइंट्स अकेले संजू ने दिलाए। सेमीफाइनल सहित अन्य मैचों में भी उन्होंने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से भारत को चैंपियन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संजू की इस उपलब्धि के खास मायने हैं। वे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करने वाली राज्य की पहली कबड्डी खिलाड़ी हैं। कबड्डी विश्व कप के साथ ही उन्होंने इस साल मार्च में ईरान में आयोजित एशियन कबड्डी चैम्पियनशिप में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया था और भारत को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी।

### बाधाओं से लड़कर पार करते हैं पहली सीढ़ी

संजू देवी ने प्रेस-कॉन्फ्रेंस में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सफल होने के लिए मानसिक रूप से मजबूत होना जरूरी है। जब आप सभी बाधाओं से लड़कर पहली सीढ़ी पार करते हैं, तभी दूसरी सीढ़ी पर चढ़ने का मौका मिलता है। संजू ने अपने गांव केराकछार से कबड्डी विश्व कप तक के सफर के बारे में बताया कि उन्होंने जनवरी-2024 में कोलकाता में आयोजित ईस्ट जोन इंटरयूनिवर्सिटी टूर्नामेंट में और जनवरी-2025 में भटिंडा में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट में बिलासपुर विश्वविद्यालय की ओर से तथा विशाखापट्टनम, तमिलनाडु, नागपुर, महासमुंद और भजियापार (महाराष्ट्र) के ऑल इंडिया टूर्नामेंट में राज्य की ओर से भागीदारी की है। संजू ने बताया कि पिछले साल छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ द्वारा आयोजित चयन स्पर्धा में अच्छे प्रदर्शन के फलस्वरूप इंडिया कैंप के लिए उनका चयन हुआ। इंडिया कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर ईरान में हुए एशियन कबड्डी चैम्पियनशिप के लिए उन्हें भारतीय टीम में स्थान मिला। इसमें लगातार अच्छे प्रदर्शन के कारण उन्हें महिला कबड्डी वर्ल्ड कप की टीम में भी शामिल किया गया।

## विश्व शांति महापूजा और पुनः मूर्ति प्रतिष्ठा महोत्सव में उमड़ेगी भीड़

**रायपुर।** बीएपीएस श्री स्वामीनारायण सत्संग मंडल की अगवानी में देवेंद्र नगर स्थित गुजराती स्कूल एवं श्री स्वामीनारायण मंदिर में 29 नवंबर की शाम 4 बजे विश्व शांति महापूजा और इसके बाद शाम 6.30 बजे लोगों की उपस्थिति में विशिष्ट सभा और रात 8 बजे से महाप्रसाद का आयोजन होगा। भव्य भारतीय सनातन संस्कृति के आधार स्तंभ मंदिर है। जहां सत्कर्म की गंगा, प्रभुभक्ति की यमुना और अध्यात्म ज्ञान की सरस्वती निरंतर प्रवाहित है। जहां अनेक लोगों का अशांत जीवन मंगलमय एवं सुखमय बनता है। इसलिए मंदिर शांति का केन्द्र बिंदु है। सामाजिक, नैतिक, शैक्षणिक एवं आध्यात्मिक उत्कर्ष के कार्यों की भागीरथी बहाते बीएपीएस स्वामिनारायण संस्था के मंदिरों का समाज में एक अमूल्य योगदान है। दो दिवसीय आयोजन की श्रृंखला में 30 नवंबर को सुबह 9 बजेः पुनः मूर्ति प्रतिष्ठा महोत्सव शुरु होगा। इसमें शामिल होने के लिए सैकड़ों की तादाद में भक्त सपरिवार हर साल आयोजन का हिस्सा बनते हैं।

### एचसीकापा स्पोर्ट्स कार्निवल का आज से आगाज

होली क्रॉस सीनियर सेकेंडरी स्कूल कापा, रायपुर में कार्निवल का आगाज शुक्रवार को किया जाएगा। इसमें मुख्य अतिथि डॉ. प्रफुल्ल बानी, विभागाध्यक्ष, न्यूरोफिजियोथेरेपी, शासकीय फिजियोथेरेपी कॉलेज इस मीट के उद्घाटन की घोषणा करेंगे। 29 नवंबर को होने वाले समापन समारोह के मुख्य अतिथि फादर बिपिन किशोर मिंज, प्रांतीय रेक्टर, ख्रीस्त ज्योति फ्लैग रिट्रीट के समापन समारोह में उपस्थित रहेंगे। टीम वर्क एवं खेल भावना का जश्न मनाने के लिए शुक्रवार को सुबह 8 बजे से खेल प्रेमियों को अवसर मिलेगा। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए गुरुवार की शाम को तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

**इस्कॉन-2025 के तहत 72वीं नेशनल कांफ्रेंस में विशेषज्ञ साझा कर रहे चिकित्सा में हो रहे बदलाव और अनुभव**

# एआई निश्चेतना विज्ञान को ज्यादा प्रभावी और सटीक बनाएगा, सुरक्षित चिकित्सा क्षेत्र में होगी खास भूमिका

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर आधारित सत्र का आयोजन इस्कॉन-2025 की श्रृंखला में गुरुवार को मुख्य आकर्षण रहा। इसमें विशेषज्ञों ने बताया कि एआई आने वाले समय में निश्चेतना विज्ञान को और अधिक सुरक्षित बनाएगा। इसके प्रभावी तरीके और सटीक उपाय से चिकित्सा क्षेत्र को तकनीकी रूप से मजबूती मिलेगी। शिशु निश्चेतना सहित विभिन्न विषयों पर अनुभवी चिकित्सकों और शोधकर्ताओं द्वारा विशेषज्ञों एवं विद्यार्थियों के बीच ज्ञान वर्धक सत्र में अनुभव साझा करने के साथ ही नई तकनीक से होने वाले बदलाव से अवगत कराया। इस्कॉन-2025 की 72वीं नेशनल कांफ्रेंस के तीसरे दिन अलग-अलग सत्र में तीन हजार से भी ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया। देशभर से आए निश्चेतना विशेषज्ञों ने अपने शोध, निष्कर्षों और अनुभवों को साझा करते हुए चिकित्सा जगत में नए आयामों पर चर्चा की।



### तकनीक, नवाचार और भविष्य की संभावनाएं

आयोजन समिति के चेयरमैन डॉ. सुधीर टिचकुले ने छात्रों और नए विशेषज्ञों की बढ़ती सहभागिता को लेकर कहा कि इस आयोजन में छात्रों एवं नए विशेषज्ञों की रुचि और सहभागिता देखकर अभिभूत हैं। यह सम्मेलन निश्चित रूप से भविष्य में भी ऐसे ही ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी सत्रों के आयोजन का मार्ग प्रशस्त करेगा। इस सम्मेलन का उद्देश्य केवल नवीन शोध साझा करना ही नहीं, बल्कि तकनीक, नवाचार और भविष्य की संभावनाओं को बढ़ावा देना है। विभिन्न स्थलों पर समानांतर सत्रों का आयोजन किया गया। सभी सत्र में 4 से 5 विशेषज्ञों ने अनुभव साझा दिया। शोध पेश करने के बाद प्रश्नोत्तर सत्र में छात्रों एवं विशेषज्ञों ने सक्रियता से भाग लिया।

### इन विषयों पर तकनीकी सत्र में भी किया मंथन

नेशनल कांफ्रेंस में नवजात शिशुओं में आपातकालीन स्थिति और प्रबंधन, नई दवाओं की उपलब्धता एवं उनकी उपयोगिता कितनी जरूरी है, इसको लेकर तकनीकी सत्र में मंथन किया गया। अलग-अलग शल्य चिकित्साओं में निश्चेतना के नवीन नियम के साथ बाल्य शल्य चिकित्सा में निश्चेतना तकनीक जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने अपना अनुभव साझा किया। कई चिकित्सकों ने अपना शोध और निश्चेतना में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग किस तरह से किया सकता है, इसका अनुभव बताने के लिए तकनीकी सत्र में भी लोग उत्साह से शामिल हुए। विद्यार्थियों ने जिज्ञासा शांत करने के लिए विशेषज्ञों से सवाल करते हुए संबंधित तकनीक के बारे में जाना।

### चौथे दिन भी सत्र, सीएम आज होंगे शामिल

इस्कॉन 2025 की श्रृंखला में चौथे दिन शुक्रवार को सुबह 9 बजे नियमित कॉन्फ्रेंस सत्र शुरू होगा। दोपहर 12 बजे इंडस्ट्रियल हॉल का उद्घाटन किया जाएगा। इसके बाद 2 बजे आर्ट गैलरी का शुभारंभ किया जाएगा। शाम 4 बजे से सकारात्मक विचारों का आदान-प्रदान किया जाएगा। शाम 6 बजे मुख्य उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल मंचस्थ रहेंगे। रात 8 बजे से सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा।

ज्योतिष

## पर्स में कभी ना रखें ये चीजें, तरक्की और खुशियों पर लग सकता है ग्रहण



ज्योतिष शास्त्र के अनुसार पर्स को सिर्फ पैसे रखने का साधन नहीं बल्कि समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक भी माना जाता है। पर्स में कुछ चीजें रखने से धन की बरकत होती है, जबकि कुछ चीजें रखने से आर्थिक तंगी आ सकती है। ऐसा करने से किस्मत आपसे रूठ जाती है और नकारात्मक ऊर्जा, आर्थिक संकट और लगातार परेशानियों बढ़ जाती हैं।

हर वस्तु में एक खास तरह की ऊर्जा होती है। कुछ वस्तुएं सकारात्मकता को बढ़ाती हैं, जबकि कुछ वस्तुएं नकारात्मक प्रभाव पैदा करती हैं। ऐसे में अगर आप भी जाने-अंजाने में पर्स में कुछ ऐसी चीजों को रख लेते हैं, जिसका सीधा प्रभाव आपकी तरक्की और खुशियों पर पड़ता है। तो वास्तु के इन विशेष नियमों को जरूर जान लें।

### दवाइयां

पर्स में कभी भी दवाइयां नहीं रखनी चाहिए। वास्तु के अनुसार, पर्स में दवाइयां रखने से नकारात्मक ऊर्जा आती है जो आर्थिक नुकसान का कारण बन सकती है।

### पुराने बिल और रसीदें

कुछ लोग पुराने बिल या कुछ रसीदें अपने पर्स में ही संभाल कर रखते हैं। वास्तु के अनुसार, पुरानी रसीदें और बिल नकारात्मक ऊर्जा का कारण बनते हैं। इसके अलावा यह आर्थिक बाधाओं को भी बढ़ाते हैं, इसलिए इन्हें पर्स में नहीं रखना चाहिए।

### फटे नोट

कई लोग अपने पर्स में फटे व गंदे नोट रखते हैं। वास्तु केअनुसार, पर्स में फटे नोट रखने से धन की हानि होने लगती हैं। यदि आपके पास भी कुछ ऐसे नोट हैं तो उन्हें तुरंत पर्स से निकाल देना चाहिए।

### बेकार धातु की वस्तुएं और पुरानी चाबियां

पर्स में पुरानी चाबियां, जंग लगे सिक्के, पिन या किसी भी प्रकार की बेकार धातु वस्तु से पर्स में रुकावट उत्पन्न होती है। इससे धन प्रवाह में रुकावट आती है और साथ ही साथ नकारात्मकता भी बढ़ती है।

## धन और सुख-समृद्धि के लिए आग्नेय कोण में होनी चाहिए रसोई घर



वास्तु शास्त्र के अनुसार अगर घर का हर एक हिस्सा नियमों के अनुरूप हो तो वहां पर हमेशा सुख-समृद्धि और संपन्नता का वास होता है। जिन घरों में घर का कोई भी हिस्सा वास्तु के अनुरूप न बना हो तो व्यक्ति के जीवन में दरिद्रता बनी रहती है। ऐसे में घर पर हमेशा नकारात्मक ऊर्जा और दरिद्रता का वास होता है। घर में रसोई घर का खास महत्व होता है। यह एक ऐसा स्थान है जहां परिवार के बेहतर स्वास्थ्य के लिए भोजन तैयार किया जाता है। ऐसे में इसका सकारात्मक होना ज़रूरी है। वास्तु के नियम के अनुसार घर में अग्नितत्व की दिशा आग्नेय कोण (दक्षिण-पूर्व) में रसोई का होना अच्छा माना जाता है। आग्नेय दिशा,अग्नि के कारण रसोई लिए उपयुक्त मानी गई है। अगर इस दिशा में रसोई घर का निर्माण संभव न हो तो घर के उत्तर-पश्चिम भाग में बनाएं।

### रसोईघर और वास्तु नियम

रसोईघर में चूल्हा आग्नेय कोण में रखें। खाना पकाने वाले का मुख पूर्व दिशा की ओर होना चाहिए। इससे धन में वृद्धि होगी और स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

पीने योग्य पानी के बर्तन और हाथ धोने के लिए नल ईशान कोण में होना चाहिए। रसोई में सिंक यानि कि बर्तन धोने की दिशा के लिए उत्तर-पश्चिम दिशा शुभ मानी गई है। टोस्टर, गीज़र या माइक्रोवेव, ओवन आग्नेय कोण में रखना लाभदायक होगा। मिक्सर, आटा चक्की, जूसर आदि आग्नेय कोण के निकट दक्षिण में रखना शुभ होगा।


यदि रेफ्रीजिरेटर रसोई में रखना है तो इसे दक्षिण या पश्चिम दिशा की ओर रखें। ईशान या नैऋत्य कोण पर बिल्कुल नहीं रखें।

मसाले के डिब्बे, बर्तन, चावल, दाल, आटा आदि के डिब्बे दक्षिण या दक्षिण-पश्चिम में रखना वास्तु सम्मत है। खाली सिलेंडर नैऋत्य कोण में रखें एवं प्रयोग होने वाला सिलेंडर दक्षिण दिशा की ओर रखें।

वास्तु के अनुसार रसोई की दीवारों का रंग हल्का नांरगी होने के साथ क्रीम रंग करवाना शुभता में वृद्धि करेगा। रसोईघर में काले और नीले रंग के प्रयोग से बचें।

शारीरिक और मानसिक दोनों सेहत के लिए नुकसानदायक है डेस्क जॉब

# लगातार डेस्क जॉब करना भी जोखिम से भरा अल्जाइमर-डिमेंशिया का बढ़ता जा रहा खतरा



डेस्क जॉब या लंबे समय तक एक स्थान पर बैठकर काम करते रहने की आदत को पहले के अध्ययनों में कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं वाला बताया गया है। लॉन्ग सिटिंग जॉब्स के कारण सेंडेंटरी लाइफस्टाइल का जोखिम बढ़ जाता है, जिसको शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार की सेहत के लिए नुकसानदायक माना जाता रहा है। अगर आप भी रोजाना 8-10 घंटे बैठकर काम करते हैं तो अपनी सेहत को लेकर अलर्ट रहने की आवश्यकता है। शोधकर्ताओं ने बताया कि डेस्क जॉब वालों में समय के साथ गंभीर न्यूरोलॉजिलकल विकारों के विकसित होने का जोखिम हो सकता है, यह आपमें अल्जाइमर जैसी गंभीर बीमारियों के खतरे को भी बढ़ाने वाली हो सकती है।

अल्जाइमर रोग, डिमेंशिया के प्रमुख कारणों में से एक है, आमतौर पर इसका जोखिम 60 की उम्र के बाद वाले लोगों में देखा जाता रहा है। हालांकि इस शोध में बताया गया है कि जॉब करने वाले लोगों में भी इस रोग का जोखिम बढ़ता जा रहा है, जिसको लेकर सभी लोगों को अलर्ट रहने की आवश्यकता है।

### सेंडेंटरी लाइफस्टाइल और डिमेंशिया का खतरा

कुछ दशकों पहले तक वयस्कों में डिमेंशिया या अल्जाइमर रोग के खतरे को न के बराबर माना जा रहा था, हालांकि समय के साथ इस आयुवर्ग में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य जोखिमों को बढ़ते हुए देखा गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, वर्तमान में 55 मिलियन लोग अल्जाइमर-डिमेंशिया से पीड़ित हैं।

लाइफस्टाइल की समस्याओं के चलते इस तरह की समस्याओं को जोखिम और भी बढ़ गया है। इससे संबंधित जामा जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया अगर आप रोजाना 10 घंटे से अधिक की सिटिंग जॉब करते हैं तो ये स्थिति आपमें डिमेंशिया के विकसित होने का कारण हो सकता है।

### गतिहीन व्यवहार सेहत के लिए हानिकारक


लेखकों ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि आधे से ज्यादा अमेरिकी लोगों के दिन का करीब साढ़े नौ घंटे से अधिक का समय बैठे हुए बीतता है और ये आदत संज्ञानात्मक और संरचनात्मक मस्तिष्क की उम्र बढ़ने से जुड़ी हुई है। गतिहीन व्यवहार में सिर्फ ऑफिस में लंबे समय तक बैठना ही नहीं, लंबे समय तक बैठकर टेलीविजन देखना, कंप्यूटर पर काम करना और गाड़ी चलाना भी इसमें शामिल है।

### अध्ययन में क्या पता चला?

गतिहीन व्यवहार किस प्रकार से मस्तिष्क के लिए समस्याकारक है, इसको जानने के लिए शोधकर्ताओं ने यूके बायोबैंक से डेटा एकत्र किया। प्रतिभागियों को एक सप्ताह के लिए अपनी कलाई पर एक्सेलेरोमीटर पहनने के लिए कहा गया। फिर एकत्र किए गए डेटा पर एक मशीन लर्निंग-आधारित विश्लेषण किया गया ताकि यह आकलन किया जा सके कि वे कितने गतिहीन थे। डेटा का विश्लेषण किया गया, तो पता चला कि जो लोग दिन में लगभग 10 घंटे गतिहीन रहते थे, उनमें डिमेंशिया का खतरा अधिक था।

### क्या कहते हैं स्वास्थ्य विशेषज्ञ?

डिमेंशिया के जोखिमों के बारे में अध्ययनकर्ता डॉ. शारा कोहेन कहती हैं, सेंडेंटरी लाइफस्टाइल को पहले से ही कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं के लिए जिम्मेदार माना जाता था, जिसमें मोटापा, उच्च रक्तचाप और मधुमेह जैसी समस्याएं थीं, इसके कारण अब डिमेंशिया का जोखिम भी बढ़ता हुआ देखा जा रहा है। शारीरिक निष्क्रियता, वैस्कुलर हेल्थ के लिए भी हानिकारक है, ये मस्तिष्क में रक्त के प्रवाह को कम करके सेरेब्रोवास्कुलर रोग होने की आशंका को बढ़ा सकती है।





## दिल की तरह दिमाग को भी फेल कर देता है हाई ब्लड प्रेशर

गड़बड़ दिनचर्या और खराब खान-पान के कारण कई प्रकार की बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ता जा रहा है। यही कारण है कि 90 के दशक की तुलना में अब कम उम्र के लोगों में भी तरह-तरह की क्रॉनिक बीमारियां बढ़ती जा रही हैं। हाइपरटेंशन यानी हाई ब्लड प्रेशर की दिक्कत भी उनमें से एक है, जिसका अब बच्चे भी शिकार देखे जा रहे हैं। ब्लड प्रेशर की समस्या भले ही सुनने में काफी आम लगती हो, पर असलियत में ये बहुत गंभीर और समस्याकारक होती है। इससे दिल की बीमारियों के साथ-साथ किडनी, नसों और शरीर के अन्य अंगों पर भी असर हो सकता है।

आमतौर पर हाई ब्लड प्रेशर को हार्ट अटैक का सबसे प्रमुख कारण माना जाता है। उच्च रक्तचाप के कारण हृदय को सामान्य से ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। इससे हार्ट की मांसपेशियां कमजोर होने लगती हैं और हार्ट फेलियर या अचानक हार्ट अटैक का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। हाई ब्लड प्रेशर का दिमाग की कार्यक्षमता पर भी नकारात्मक होता है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ कम उम्र से ही सभी लोगों को ब्लड प्रेशर कंट्रोल रखने वाले उपाय करते रहने की सलाह देते हैं।

### ब्लड प्रेशर के कारण ब्रेन की समस्याएं

अब इससे संबंधित एक हालिया रिपोर्ट में विशेषज्ञों ने ब्लड प्रेशर के कारण दिमाग पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को लेकर भी सावधान किया है। वेल कॉर्नेल मेडिसिन की एक नई प्रीक्लिनिकल अध्ययन के अनुसार, हाइपरटेंशन दिमाग को पहले से कहीं ज्यादा नुकसान पहुंचा रहा है। लिहाजा अब मस्तिष्क से संबंधित समस्याओं का जोखिम भी पहले की तुलना में काफी अधिक हो सकता है। विशेषज्ञों ने बताया कि ब्लड प्रेशर में मापने लायक बढ़ोतरी होने से पहले भी दिमाग पर इसका नकारात्मक असर होने की आशंका हो सकती है। ये बदलाव स्ट्रोक, अल्जाइमर जैसी बीमारियों के खतरे को और भी बढ़ाने वाले हो सकते हैं।

### दिमाग से संबंधित समस्याओं का बढ़ जाता है खतरा

इस अध्ययन से पता चलता है कि हाई ब्लड प्रेशर अलग-अलग ब्रेन सेल्स में जीन में बदलाव लाने लगता है, जो सोचने और याददाश्त जैसे कॉग्निटिव क्षमताओं में रुकावट डाल सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि हाइपरटेंशन वाले मरीजों में बिना हाइपरटेंशन वाले लोगों की तुलना में कॉग्निटिव डिसऑर्डर (दिमाग से संबंधित समस्या) होने का खतरा 1.2 से 1.5 गुना ज्यादा होता है। आजकल की कई ब्लड प्रेशर की दवाएं हाई ब्लड प्रेशर को कम करने में मदद जरूर करती हैं, लेकिन वे अक्सर दिमाग के काम पर बहुत कम या कोई असर नहीं दिखाती हैं। इससे पता चलता है ब्लड प्रेशर की समस्या असल में बहुत गंभीर दुष्प्रभावों वाली हो सकती है।

**क्या कहते हैं विशेषज्ञ ?:-** न्यूयॉर्क स्थित ब्रेन एंड माइंड रिसर्च इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर और अध्ययन के प्रमुख लेखक डॉ. कोस्टेंटिनो इयाडेकोला कहते हैं, हमने पाया कि चूहों में हाइपरटेंशन की समस्या होने के बाद, पहले की तुलना में मस्तिष्क को स्वस्थ रखने वाली कोशिकाओं पर नकारात्मक असर पड़ा। समय के साथ ये दिमाग की कार्यक्षमता को नुकसान पहुंचाने लगती है। हाई ब्लड प्रेशर दिल और किडनी को नुकसान पहुंचाने का एक मुख्य कारण है, जिसे एंटीहाइपरटेंसिव दवाओं से रोका जा सकता है। इसलिए समय रहते ब्लड प्रेशर का इलाज और नियमित रूप से इसे कंट्रोल करने वाले तरीकों पर ध्यान देने बहुत जरूरी हो जाता है।

**ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने वाले उपाय जरूरी:-** गौरतलब है कि मौजूदा समय में 20 वर्ष से कम उम्र के लोग भी इसका शिकार हो रहे हैं। तनाव, गलत खानपान, नींद की कमी और मोबाइल-लैपटॉप पर लंबा समय बिताने जैसी आदतें इस समस्या को और बढ़ा रही हैं। यह बीमारी धीरे-धीरे शरीर को अंदर से नुकसान पहुंचाती है, इसलिए इसे 'साइलेंट किलर' भी कहा जाता है।

## राजस्थानी खूबा रोटी बनाएं और खूब चाव से खाएं



हमारे देश में एक साधारण रोटी के कई नाम, बनाने के अलग-अलग तरीके, स्वाद में बदलाव होते हैं। वैसे तो लोग साधारण रोटी खाना पसंद करते हैं, लेकिन यदि आप साधारण रोटी के स्वाद में कुछ बदलाव चाहते हैं, तो राजस्थान की एक प्रसिद्ध खूबा रोटी जरूर बनाएं। खूबा रोटी राजस्थान की बहुत ही प्रसिद्ध और पारंपरिक रोटी है। खूबा रोटी को हर कोई बहुत ही आसानी से बना सकते हैं। खाने में बेहद स्वादिष्ट इस रोटी को साधारण रोटी से थोड़ा ज्यादा मोटा बेलकर धीमी आंच पर सेंका जाता है। खूबा रोटी बनाने के लिए सबसे पहले गेहूं के आटे को छलनी (छलनी कैसे साफ करें) से छानकर एक बर्तन में रखें। अब इस आटे में नमक, जीरा और घी डालकर मोयन मिलाएं। सब कुछ मिक्स करने के बाद थोड़ा-थोड़ा पानी डालकर सख्त आटा गूंथ लें। गूंथे हुए आटा को कुछ देर ढककर रखें, ताकि सेट हो जाए। 10-15 मिनट बाद आटा को अच्छे से मसलकर लोई बनाएं और गैस ऑन करके तवा गर्म करने के लिए रखें। तव गर्म होने तक तक चकले (चकले से जुड़े वास्तु उपाय) में लोई रखकर मोटी रोटी बेल लें। बेलने के बाद रोटी को तवे पर डालकर धीमी आंच में पकने दें। एक तरफ जब सिक जाए तो दूसरी तरफ पलट दें। अब उंगली की मदद से रोटी के ऊपर उंगली और अंगूठे की सहायता से खाँचे या खुरचन बना लें। रोटी को अच्छे से सेंक लें और खुरचन या खाँच वाली साइड को भी पलटकर सेंक लें। गैस की आंच को धीमी रखें दोनों तरफ जब सिक जाए तो प्लेट में निकाल लें और अच्छे से घी लगाकर पंचरत्न दालके साथ खाने के लिए सर्व करें। खूबा रोटी के लिए आटा बनाते वक्त उसमे एक से दो चम्मच घी का मोयन डालने से रोटी अंदर से सिकती है, स्वाद बढ़िया और कुरकुरी लगती है।

## वास्तु अनुसार वर्कटेबल पर क्या रखना है, यह जानें




ऐसा कई बार होता है कि हमारा काम में मन नहीं लगता है या फिर काम में अक्सर गलतियां होती हैं। कभी-कभी ऐसा होना सामान्य है, लेकिन अगर आपके साथ लगातार ऐसा हो रहा है तो ऐसे में आपको थोड़ा सतर्क हो जाना चाहिए। कभी-कभी हमारी छोटी-छोटी वास्तु मिसटेक्स के कारण काम में हमारा मन नहीं लगता है या फिर काम से जुड़ी ग्रोथ रुक जाती है।अक्सर हम ध्यान नहीं देते हैं, लेकिन वर्कटेबल पर कुछ भी रख देते हैं। हालांकि, ऐसा करने से काम पर बहुत अधिक असर पड़ता है। आपको शायद पता ना हो, लेकिन वास्तु के अनुसार ऐसी कई चीजें होती हैं, जिन्हें वर्कटेबल पर नहीं रखना चाहिए, अन्यथा काम पर बुरा प्रभाव पड़ता है। तो चलिए आज इस लेख में वास्तुशास्त्री डॉ. आनंद भारद्वाज आपको ऐसी ही कुछ चीजों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको अपनी वर्कटेबल पर नहीं रखना चाहिए-

### ना रखें बेकार का सामान

कई बार हम वर्कटेबल पर ऐसी भी कई चीजें रख देते हैं, जिनका हमारे काम से कोई लेना-देना नहीं होता है या फिर वह काम कंप्लीट हो चुका होता है। ऐसे में हम फिर भी उन फाइल्स या डॉक्यूमेंट्स को टेबल पर रखते हैं। हालांकि, आपको वर्कटेबल पर इस तरह बेकार का सामान नहीं रखना चाहिए। इससे व्यक्ति का अपने काम में मन नहीं लगता है। साथ ही साथ, उसके काम में बार-बार गलतियां होने की संभावनाएं भी काफी बढ़ जाती हैं।

### खराब आइटम्स से बचें

कभी-कभी कोई स्टेशनरी जैसे पेन आदि खराब हो जाते हैं या फिर कोई कंप्यूटर पार्ट या फिर इंक कार्टेज आदि सही तरह से काम नहीं करते हैं। लेकिन हम इन्हें भी वर्क टेबल पर यूं ही रहने देते हैं ताकि हम इन्हें बाद में ठीक करवा सकें।





















# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### एक्टर का कंट्रोलिंग नेचर ला रहा था रिश्ते में मुश्किलें



हॉलीवुड की ग्लैमरस जोड़ी टॉम क्रूज और एना डी अरमास 9 महीने की डेटिंग के बाद अलग हो गए। दोनों ने आपसी सहमति के बाद खुद को इस रिश्ते से अलग कर लिया। टॉम क्रूज की उम्र 63 साल की है, जबकि एना डे अरमास की उम्र 37 साल है। इसी साल फरवरी में इनकी डेटिंग की खबर आई थी और जुलाई में दोनों को वरमोंट में हाथ में हाथ डाले सड़कों पर घूमते देखा गया था। बीच में खबर ये भी आ रही थी कि दोनों शादी करने वाले हैं। हालांकि, ये रिश्ता एक अप्रत्याशित मोड़ पर आकर खत्म हो गया। फैंस के लिए ये खबर काफी चौंकाने वाली थी। टॉम क्रूज ने कथित तौर पर अपने दोस्तों को बताया था कि एना ने अपने कॅरियर में आगे बढ़ने के लिए उनका इस्तेमाल किया। जबकि एना की शिकायत थी कि टॉम का रवैया बहुत ही कंट्रोलिंग था, जोकि उनको परेशान कर रहा था। रिपोर्ट्स के अनुसार, एना इस रिश्ते में खुद को ट्रैप महसूस कर रही थीं जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की थी। सूत्र ने जानकारी दी कि टॉम लगातार उन पर नजर रखते थे और बताते थे कि वो वर्कआउट से लेकर प्रोफेशनल डिसीजन में भी अपनी इमेज को कैसे बनाकर रखें। पहले तो एना को ये सब अच्छा लगा लेकिन बाद में उन्हें इस रिश्ते में घुटन महसूस होने लगी। उन्होंने स्पेस मांगा और टॉम को ये बात बुरी लग गई। फिर बात बिगड़ती गई। दोनों जिस स्पार्क के साथ एक साथ आए थे वह बाद में दबाव और उम्मीदों में बदल गया, जिसे एना अब और नहीं झेलना चाहती थी।

## टॉलीवुड

### नागा संग कैसे हैं सौतेली मां अमला अक्किनेनी के रिश्ते



अक्किनेनी नागार्जुन की पत्नी और एक्ट्रेस अमला अक्किनेनी ने सौतेले बेटे नागा चैतन्य संग अपने रिश्ते के बारे में खुलकर बात की है। अमला ने बताया है कि पहले नागा चैतन्य के साथ उनका कैसा रिश्ता था, और कब वह उन्हें करीब से जान सकीं। नागा चैतन्य एक्टर अक्किनेनी नागार्जुन और उनकी पहली पत्नी लक्ष्मी दग्गुबाती के बेटे हैं। दोनों ने साल 1984 में शादी की थी, और फिर 1990 में तलाक हो गया था। इसके बाद नागार्जुन ने अमला से 1992 में दूसरी शादी कर ली और अखिल अक्किनेनी के पिता बने। अमला अक्किनेनी ने हाल ही एक पॉडकास्ट में बताया कि जब सौतेले बेटे नागा चैतन्य बड़े हो रहे थे, तो वह कैसे उनके संपर्क में रहीं। हालांकि, यह भी कहा कि उन्हें नागा चैतन्य को जानने का मौका उनके बड़े होने पर ही मिला, खासकर तब जब वह कॉलेज जाने लगे और हैदराबाद शिफ्ट हो गए। अमला से पूछा गया कि एक पैरेंट के तौर पर चैतन्य और अखिल, दोनों पर उनका क्या प्रभाव पड़ा। जवाब में अमला अक्किनेनी ने कहा, 'नागा चैतन्य को मैं तब सही से जान पाई, जब वो जवान हो गए थे, क्योंकि उनकी मां चेन्नई में रहती थीं। वह वहीं पले-बढ़े। वह कॉलेज के लिए ही हैदराबाद आए थे। बेशक, मैं उनके साथ काफी समय से जुड़ी रही हूं, लेकिन मैं उन्हें असल में तब जान पाई जब वह हैदराबाद आए। वह एक प्यारे इंसान हैं। उनमें अपनी उम्र से कहीं ज्यादा मैच्योरिटी और समझदारी है। वह बहुत जिम्मेदार हैं। वह एक ऐसे इंसान है, जिसने कभी गलतियां नहीं कीं और हमेशा अपने पिता की बात मानते हैं। इसलिए, उनकी हमेशा अपनी प्लानिंग और सोच-समझ थी।' इसके बाद अमला अक्किनेनी ने बेटे अखिल के बारे में बात की। वह बोलीं, 'अखिल, मेरा बेटा है, और उस पर मेरा बहुत प्रभाव रहा है। हमने अपने बेटों को बहुत आजादी से पाला है। उन्हें छोटी उम्र से ही अपने फैसले खुद लेने की शिक्षा दी गई है।

## भोजपुरी

### दो भाई, दोनों तबाही... भवानी सिंह के पापों का होगा हिसाब!



भोजवुड में एक्शन और इमोशन वाली फिल्मों का हमेशा से दबदबा रहा है। भोजपुरी फिल्मों की एक बड़ी बात यह है कि यहां एक ही फिल्म में दर्शकों को जोरदार एक्शन, दमदार ड्रामा, भरदम रोमांस, मजेदार कॉमेडी और एक से बढ़कर एक गानों का लुत्फ मिल जाता है। इन्हीं खूबियों से सजी एक और नई भोजपुरी फिल्म आ रही है 'बाप बड़ा न भैया सबसे बड़ा रुपैया', जो दो भाइयों की कहानी है। चुन्नू और मुन्नू दो भाई हैं और दोनों तबाही हैं। ट्रेलर धमाकेदार है और इसे यूट्यूब पर रिलीज कर दिया गया है। मणि शंकर प्रसाद और गोपाल पाठक के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म का ट्रेलर 'चंदा' चैनल पर रिलीज किया गया है। फिल्म में आनंद देव मिश्रा और अविनाश साही लीड रोल में हैं। एसएसपी फिल्म्स एंड एंटरटेनमेंट के बैनर तले श्वेता भारती ने 'बाप बड़ा न भैया सबसे बड़ा रुपैया' को प्रोड्यूस किया है। चार मिनट लंबे इस ट्रेलर की शुरुआत शंखनाद से होती है। एक मां जो हालात के आगे घुटने टेकने से मना कर देती है, शंख बजाती है। सामने खड़े विलेन से कहती है, 'भवानी सिंह तेरे पाप का घड़ा अब भर गया है।' कहानी में आगे हम दो भाइयों को देखते हैं। दोनों मेहनत और लगन से पुलिस में भर्ती होते हैं। एक्शन और इमोशन दोनों में इन भाइयों का जोर दिखता है। जबकि रोमांस के मामले में भी ये किसी से कम नहीं हैं।

## लाइफ स्टाइल

### तब्बू ने जोशीले अंदाज में किया रैंप वॉक



अबू जानी और संदीप खोसला के फैशन शो में बॉलीवुड अभिनेत्री तब्बू ब्लैक ड्रेस में पहुंचीं। उनकी ड्रेस पर सफेद कढ़ाई थी। उन्होंने अपने बाल बांधे हुए थे और अपने लुक को डार्क मेकअप से पूरा किया। उन्होंने जोशीले अंदाज में रैंप वॉक किया।

# फेसवॉश के समय बिल्कुल न करें ये गलतियां



आप कहेंगे, ३मैं अपना चेहरा रोज धोता हूं।३ सुबह से लेकर शाम तक न जाने हम कितनी बार अपना चेहरा धो लेते हैं लेकिन, बावजूद इसके चेहरे पर कोई खास फर्क नजर नहीं दिखाई देता है। 10 में से 7 पुरुष हर रोज फेस वॉश करते समय कई गलतियां करते हैं। जैसे फेश वॉश को चुनने में गलती, कैसे उसे इस्तेमाल करना है इत्यादि। यहां जानें फेश वॉश से जुड़ी दिलचस्प बातें। अपना फेस वॉश चुनना सच में काफी मुश्किल काम है। फेश वॉश लेने से पहले आपको अपनी त्वचा का निरीक्षण करना चाहिए।

यह जानिए कि आपकी स्किन किस प्रकार की है। डॉक्टर से राय लें ताकि आप अपने चेहरे पर जो फेश वॉश लग रहा है वह कितना आपके लिए लाभदायक है। नॉर्मल से ड्राई स्किन वाले पुरुषों को हाइड्रेटिंग और क्रीमी फेस वॉश लगाना चाहिए। वहीं ऑयली और मिक्सड टेक्सचर त्वचा वाले लोगों को फोम वॉश या जेल क्लीन्जर आजमाना चाहिए और याद रखें आपके फेस वॉश का जेल फॉर्म में हो लेकिन झागदार हो।

त्वचा के गर्म और ठड़ा दोनों ही किस्म का पानी हानिकारक होता है। जब भी आप अपना चेहरा धोएं जो पानी का तापमान जरूर ध्यान में रखें क्योंकि, गर्म पानी से आपकी स्किन को नुकसान होगा तो ठंडा पानी इसे और ड्राई बना देगा। अक्सर हम चेहरा धोते हुए क्या करते हैं कि फेश वॉश हाथ में लेते हैं और झट से चेहरे पर रगड़ लेते हैं और तुरंत ही धो लेते हैं। यही आपकी पहली गलती है। जी हां, चेहरा धोते समय से फेश वॉश को लें और हल्के हाथों से इसे लगाते हुए मसाज करें। कुछ मिनटों के लिए इसे छोड़ दें और फिर नॉर्मल पानी से इसे धोएं। इससे फेश वॉश में मौजूदा गुण आपकी स्किन में आसानी से जा पाएंगे।

# सिंपल सूट में चाहती हैं न्यू लुक तो स्टाइल करें ये नए डिजाइन वाले दुपट्टे



फैशन

सूट के साथ दुप्पटा आपके लुक को कम्पलीट करने और स्टाइलिश बनाने के काम आता है। वैसे तो सूट के साथ आपको दुप्पटा मिलता हैं। लेकिन, अगर आप सिंपल सूट पहन रही है और इस सूट के साथ न्यू लुक चाहती हैं तो आप न्यू डिजाइन वाले दुपट्टे स्टाइल कर सकती हैं। हम आपको कुछ दुपट्टे दिखा रहे हैं जो सिंपल सूट में न्यू और स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं।



### सिल्क दुपट्टा

अगर आप ब्लैक और व्हाइट कलर का सूट पहन रही हैं तो आप इस तरह का सिल्क दुप्पटा स्टाइलिश लुक पाने के लिए वियर कर सकती हैं। यह दुप्पटा लाइट कलर में है और इसमें बेहद ही खूबसूरत प्रिंट करके डिजाइन बनाया गया है। इस तरह का दुप्पटा आपको कई सारे कलर ऑप्शन में मिल जाएगा जिसे आप 1,000 रुपए से कम कीमत में खरीद सकती हैं।

### प्रिंटेड दुपट्टा

स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप इस तरह का प्रिंट दुप्पटा भी सूट के साथ वियर कर सकती हैं। इस दुपट्टे में बेहद ही खूबसूरत प्रिंट करके डिजाइन बनाया गया है जो न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है। इस दुपट्टे को आप कई सारे डिजाइन ऑप्शन के साथ 700 से 800 रुपये में खरीद सकती हैं।

### मिरर वर्क दुपट्टा

न्यू लुक के लिए आप इस तरह का मिरर वर्क दुप्पटा भी सूट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस दुप्पटे में मिरर वर्क किया हुआ है साथ ही इसमें एम्ब्रॉयडरी भी की गई है जो सूट में आपके लुक को स्टाइलिश बनाने में मदद करेगा। इस दुप्पटे को आप 800 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं।

### मल्टी कलर दुपट्टा

इस तरह का दुप्पटा भी आप व्हाइट सूट के साथ स्टाइलिश लुक पाने के लिए वियर कर सकती हैं। इस तरह दुप्पटा सिंपल सूट के साथ स्टाइल कर सकती हैं और इसे आप 500 रुपये में खरीद सकती हैं। सूट में न्यू लुक पाने के लिए आप इस तरह का दुप्पटा भी स्टाइल कर सकती हैं और इस तरह के दुप्पटे में आपक लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा।

# ब्लाउज की स्लीव्स के डिजाइंस आजमाएं, नहीं दिखेगा आर्म फैट

अपने लुक को आकर्षक बनाने के लिए स्टाइलिंग को अपनी बॉडी टाइप के हिसाब से चीजों को चुनना चाहिए। इसके लिए आप सेलेब्रिटी के लुक से इंस्पायर हो सकती हैं।किसी भी लुक में चार चांद लगाने के लिए उसकी स्टाइलिंग सही तरीके से करना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए आपको लेटेस्ट फैशन ट्रेंड को फॉलो करना चाहिए। लेटेस्ट फैशन ट्रेंड के साथ-साथ आपको अपनी बॉडी के आकार का भी खास ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है ताकि आपका लुक आकर्षक नजर आए।

अक्सर ब्लाउज खरीदते समय हम अपनी बाजू के फैट को छुपाना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए परफेक्ट डिजाइन का ब्लाउज नहीं खरीद पाते हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं ब्लाउज की स्लीव्स के कुछ खास डिजाइंस जिनकी मदद से आप आसानी से आर्म फैट को छुपा पाएंगी और अपने लुक को आकर्षक बना पाएंगी।

### ऑफ शोल्डर स्लीव्स

वैसे तो ऑफ शोल्डर में कई डिजाइन



आपको आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन अगर आप स्टेटमेंट लुक पाना चाहती हैं तो व्रैप स्टाइल वाले ब्लाउज को स्टाइल कर सकती हैं। लुक को कम्प्लीट करने के लिए आप किनारी लेस लगवा सकती हैं। इस तरह का ब्लाउज आप स्कर्ट से लेकर साड़ी तक के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

### पर्ल चैन स्टाइल ब्लाउज

अगर आप स्लीवलेस डिजाइन के ब्लाउज को पहनना चाहती हैं तो इस तरह से पर्ल डिजाइन की चैन लगा सकती हैं। इसके लिए आप मल्टी-लेयर में चैन लगवाएं। वहीं पर्ल के लिए आप कलरफुल मोती भी चुन सकती हैं।

# साड़ी की प्लीट्स को सेट करने के आसान हैक्स संवारेंगे आपको

वहीं साड़ी पहनना कई लोगों के लिए बेहद आसान होता है, तो कई लोगों के लिए ये काफी मुश्किल टास्क भी कहलाता है। इसी बीच फैशन एक्सपर्ट डॉली जैन ने अपने सोशल मीडिया पर साड़ी की प्लीट्स बनाने के आसान तरीके अपने सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं, जिनकी मदद लेकर आप आसानी से साड़ी बांध सकती हैं और साड़ी लुक को आकर्षक बना सकती हैं।

### साड़ी की प्लीट्स बनाने का पहला आसान तरीका

साड़ी की प्लीट्स बनाने के लिए आपको अपने अंगूठे, इंडेक्स और बीच की उंगली की सहायता लेनी चाहिए। इसके बाद अंगूठे की मदद से एक-एक प्लीट्स बना लें। प्लीट्स बनाने के लिए आप जल्दबाजी बिल्कुल भी न करें अन्यथा ये खुल जाएंगी। बता दें कि इस तरह से प्लीट्स बनाने पर आपको इसे ज्यादा सेट करने की आवश्कता नहीं होगी। इन्हें सेट करने के लिए आप सेफ्टी पिंस की सहायता ले सकती हैं।



### साड़ी की प्लीट्स बनाने का दूसरा आसान तरीका

साड़ी की प्लीट्स बनाने के लिए आपको अंगूठे और हाथों की सबसे छोटी उंगली का सहारा लेना होगा। इसके लिए आप इन दोनों उंगलियों की सहायता लेकर प्लीट्स बनानी चाहिए। बता दें कि आराम से ही आप अपनी कलाई को घुमाये ताकि एक-एक प्लीट्स सही तरीके से साफ नजर आए।

कार्नर न्यूज

## पुरुषों के लिए बेस्ट मेकअप ट्रेंड और प्रोडक्ट जानना बेहद जरूरी

# दौर पुरुषों के मेकअप का भी है, बाजार में हाजिर है आपके लिए जरूरी प्रोडक्ट

मेकअप पर सिर्फ महिलाओं का एकाधिकार खत्म हो चुका है। अब मेकअप वाला ट्रेंड पुरुषों की लाइफस्टाइल में भी एंट्री कर चुका है। ये एंट्री कुछ ऐसी हुई है कि बड़े शहरों के ज्यादातर पुरुष अब मेकअप ट्रेंड फॉलो करते हैं। 2023 में पुरुषों का मेकअप ट्रेंड ऐसा है जो उनके लुक को सच में बेहतर बनाएगा। पुरुषों के लिए इन मेकअप ट्रेंड को आप भी जानिए ताकि आपको भी अपने लुक पर मिलें फुल मार्क्स।

### आइब्रो की ग्रूमिंग

मेकअप के ढेरों ट्रेंड आने के बाद भी आइब्रो के मेकअप पर अक्सर ध्यान नहीं दिया जाता है। बाकी चेहरे पर भले ही महंगे प्रोडक्ट लगा लिए जाएं लेकिन आईब्रो ऐसी ही रह जाती है। ऐसा महिलाओं के साथ भी होता है। फिर जब बात पुरुषों की हो तब तो इसे भूल ही जाइए।

लेकिन 2023 का ट्रेंड ये कहता है कि पुरुषों को मेकअप करते हुए अपनी आइब्रो के मेकअप पर भी ध्यान देना होगा। वो ब्रो पेंसिल से



खाली जगहों को भर सकते हैं तो आइब्रो को शेप भी दे सकते हैं। इससे लुक में बहुत अंतर आ जाता है।

**बीबी क्रीम:** बीबी क्रीम ऐसा मेकअप प्रोडक्ट है जिसे लाइटवेट फाउंडेशन, कंसीलर और मॉइश्चराइजर के तौर पर इस्तेमाल क्या जा सकता है। इसको स्किन कलर को ईवेन टोन दिखाने के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

अगर स्किन में कोई दिक्कत है तो ये बीबी क्रीम उसको भी ढक लेती है। इसका फायदा ये भी होता है कि इस क्रीम को लगाने के बाद भी लगेगा ही नहीं कि मेकअप का इस्तेमाल किया गया है। नया ट्रेंड फाउंडेशन की जगह बीबी क्रीम को पुरुषों के साथ मेकअप के साथ जोड़ता है।

**मस्कारा :** अभी तक पुरुषों को मस्कारा लगाते नहीं देखा जाता था। लेकिन 2023 का ट्रेंड कहता है कि पुरुष भी अपने मेकअप में मस्कारा को जोड़ सकते हैं। इससे पुरुषों के लुक में पलकें भी पूरा योगदान देंगी। मस्कारे से पुरुषों की पलकों को काफी वॉल्यूम मिल जाता है। इसके साथ पुरुष ड्रामेटिक लुक के लिए काले और भूरे रंग में से किसी एक का चुनाव कर सकते हैं।

**कंसीलर :** पुरुष मेकअप करेंगे तो फाउंडेशन भले ही चुन लें लेकिन कंसीलर इस्तेमाल करने का तो सोचते भी नहीं होंगे। लेकिन पुरुषों के लिए 2023 का मेकअप ट्रेंड कहता है कि उन्हें भी कंसीलर जरूर इस्तेमाल करना चाहिए।

दरअसल कंसीलर डार्क सर्कल के साथ दाग-धब्बों को भी छुपा लेता है। कंसीलर का वो शेड लें जो आपकी स्किन टोन से पूरी तरह मैच करता हो। चेहरे पर ये नेचुरल लगे, इसके लिए कंसीलर को हाथों या ब्रश से ही लगाएं।

**लिप बाम :** पुरुष लिपस्टिक तो नहीं लगाएंगे लेकिन फटे हुए होंठ आपका लुक जरूर बिगाड़ देंगे। इसलिए एक अच्छा लिप बाम आपके पास जरूर होना चाहिए। इनके साथ अब कलर का ऑप्शन भी आता है, इसलिए आप उनमें से भी किसी का चुनाव कर सकते हैं।

